रांची
सोमवार
28.11.2022
मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 05
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

वर्ष-23 अंक-292 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

रश्मि प्रवाह
जिनकी तुम प्रशंसा करते हो, उनके गुणों को अपनाओ और स्वयं भी प्रशंसा के योग्य बनो।

न्यूज गैलरी

सुमन से जेल में दूसरे दिन भी हुई पूछताछ

रांची। ईडी ने सीए सुमन कुमार से रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में पूछताछ की। रविवार को दिन के 11 बजे सुमन कुमार से पूछताछ के लिए ईडी के अधिकारी बिरसा जेल पहुंचे थे। जेल अधिकारियों ने खनन पदाधिकारियों से लेन-देन के बारे में सुमन कुमार से पूछताछ की। वहीं, इस मनरेगा घोटाले के दौरान जो राशि सुमन कुमार ने खंपायी थी, उसके बारे में भी ईडी ने जानकारी मांगी। ईडी ने अब सुमन कुमार पर अवैध खनन के केस में चार्जशीट की तैयारी की है। वहीं, ईडी सोमवार को कारोबारी विशाल चौधरी से पूछताछ करेगी। 24 नवम्बर को विशाल चौधरी को थाइलैंड जाने के क्रम में ईडी ने एयरपोर्ट पर रोका था। इसके बाद उसे पूछताछ संबंधी नोटिस दी गयी थी। 28 नवम्बर को दिन के 11 बजे विशाल चौधरी को रांची के ईडी स्थित जोनल ऑफिस पहुंचना है।

12 साल बाद लूट व हत्या का आरोपी गिरफ्तार

रांची। कोतवाली थाने की पुलिस ने मालवाहक गाड़ी के चालक की हत्या कर लूटपाट करने के मामले में 12 साल बाद हत्यारे को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है। जेल जानेवाले आरोपी का नाम जावेद उर्फ मुखिया है और वह रामगढ़ के मांडू का रहनेवाला है। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया है। जानकारी के अनुसार चालक मिथुन साहु से 12 दिसम्बर 2010 को आरोपी जावेद ने जमशेदपुर माल लाने के लिए बुक किया था। उसी दिन मिथुन मालवाहक गाड़ी लेकर जावेद के साथ जमशेदपुर के लिए निकल गया। उस गाड़ी में जावेद के अलावा उसके साथी भी गाड़ी में बैठे थे। रास्ते में आरोपी जावेद ने अपने साथियों के साथ मिलकर मिथुन की हत्या कर दी। इसके बाद उसका शव जंगल में फेंक दिया। गाड़ी लूटकर सभी आरोपी फरार हो गये। कोतवाली पुलिस ने जब मामले की तफ्तीश की तो हत्या की बात सामने आयी। इसके बाद पुलिस ने घटना से जुड़े चार आरोपियों को पहले ही जेल भेज दी।

हेमंत सोरेन ने शहीद सोबरन सोरेन को किया नमन, दी श्रद्धांजलि

अमर शहीद सोबरन सोरेन की कुर्बानी को कभी भुलाया नहीं जा सकता : सीएम

नवीन मेल संवाददाता

रांची/रामगढ़। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड सदियों से वीरों की धरती रही है। अमर शहीद सोबरन सोरेन ने आदिवासी-मूलवासी, शोषित, गरीब तथा वंचितों के हक, अधिकार तथा अस्मिता की लड़ाई लड़ी। महाजनी प्रथा के प्रकोप से इन वर्गों को बचाने के लिए लम्बा संघर्ष किया। शहीद सोबरन सोरेन की कुर्बानी को झारखंड के लोग आज याद कर रहे हैं।

हमारी सरकार शहीद सोबरन सोरेन के विचारों और आदर्शों पर चलकर झारखंड के सर्वांगीण विकास के प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रविवार को शहीद सोबरन सोरेन की 65वीं शहादत दिवस के मौके पर रामगढ़ जिला के लुकैयाटांड़ में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद सोबरन सोरेन हमारे दादा जी थे, परंतु मैंने उन्हें नहीं देखा था। शहीद सोबरन सोरेन एक शिक्षक थे। समाज में शिक्षा का अलख जगाते थे। इनका कार्य महाजनी तथा सामंतवादी लोगों को को पसंद नही आया था। शहीद सोबरन सोरेन की कुर्बानी को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उनके शहादत दिवस पर आज मैं उन्हें शत्-शत् नमन करता हूं।

अमर शहीद सोबरन सोरेन की प्रतिमा का अनावरण : मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं पूर्व मुख्यमंत्री तथा वर्तमान राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन ने वीर शहीद सोबरन सोरेन के शहादत दिवस के मौके पर रामगढ़ जिला के लुकैयाटांड़ स्थित स्मारक स्थल पर उनकी नवस्थापित प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया तथा माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

राज्य में 30 लाख परिवारों को मिलेगा सूखा राहत का लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण से राहत मिलते ही राज्य में सुखाड़ जैसी आपदा फिर आ खड़ी हुई। हमारी सरकार ने इसे चुनौती के रूप में लेते हुए राज्य के किसानों के हितों के लिए कई कार्य किये। हमारी सरकार ने झारखंड के 226 प्रखंडों को चिन्हित कर सुखाग्रस्त घोषित करने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के लगभग 30 लाख किसान परिवारों को हमारी सरकार सूखा राहत राशि के तौर पर प्रति किसान परिवार 3500 रुपये भुगतान करने का काम करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायतों में शिविर लगाकर किसान परिवारों से आवेदन लेकर सूखा राहत राशि का लाभ उपलब्ध कराया जायेगा।

फेफड़े के कैंसर के लिए धूम्रपान और प्रदूषण हैं प्रमुख कारक

- आरएनएम

नयी दिल्ली। अमेरिकन कैंसर सोसायटी के अनुसार अमेरिका में 2022 में फेफड़े के कैंसर के कारण 1.30 लाख लोगों की मौत हुई और इनमें महिला-पुरुषों का अनुपात लगभग बराबर था। भारत में कैंसर से होनेवाली कुल मौत में से नौ प्रतिशत फेफड़े के कैंसर से होती है। इसके बारे में स्वास्थ्य विशेषज्ञ का कहना है कि धूम्रपान की आदत को फेफड़े के कैंसर के प्रमुख कारकों में से एक माना जाता है, लेकिन प्रदूषण व धूम्रपान से तथा कैंसर की पारिवारिक हिस्ट्री वाले लोगों में भी फेफड़ों के कैंसर का खतरा देखा गया है। बचाव के लिए धूम्रपान न करने के साथ प्रदूषण व जीवनचर्या संबंधित कारकों से बचाव करना भी जरूरी होता है। चिकित्सकों का कहना है कि वैसे तो फेफड़े के कैंसर का खतरा 65 साल से ज्यादा उम्र के लोगों में ज्यादा देखा जाता है, लेकिन अब 45 से कम उम्रवाले भी इसकी चपेट में आने लगे हैं। फेफड़ों के कैंसर को घातक माना जाता है, पर इसका समय पर निदान और इलाज होने से जीवन प्रत्याशा को बढ़ाया जा सकता है। समय पर इलाज के साथ पुरुषों के लिए अगले पांच साल की जीवित रहने की दर 18 प्रतिशत और महिलाओं के लिए 25 प्रतिशत है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को फेफड़ों को स्वस्थ रखने और इससे संबंधित लक्षणों पर विशेष ध्यान देते रहने की सलाह देते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि ताजे फल, सब्जियां, साबुत अनाज के सेवन के साथ सांसवाले अभ्यास की आदत फेफड़ों को स्वस्थ रखने और इससे संबंधित बीमारियों से बचाने में सहायक है। लेकिन ऐसी जगह जहां हवा प्रदूषित नहीं हो, उस जगह रहना भी फेफड़ों को स्वस्थ रखने में बहुत सहायक है।

शराब सिंडिकेट का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

बंगाल से लाकर रांची में बेची जाती थी शराब, होटल व बार में होती थी सप्लाई

नवीन मेल संवाददाता

रांची। उत्पाद विभाग की टीम ने शराब सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। टीम ने थड़पखना में छापेमारी कर चार शराब माफियाओं को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में पश्चिम बंगाल का रणदीप बोस, अनित सिंह, सत्येंद्र राम व एक अन्य शामिल है। इन आरोपियों के पास से विभागीय टीम ने 20 पेटी शराब जब्त की है। विभागीय जांच में पता चला है कि गिरोह के सदस्य पश्चिम बंगाल से शराब लाकर रांची के कई होटलों में बिक्री किया करते थे। बताया जा रहा है कि उत्पाद आयुक्त को गुप्त सूचना मिली कि थड़पखना में अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। उत्पाद निरीक्षक प्रेम उरांव के नेतृत्व में गठित टीम ने सबसे पहले रणदीप को गिरफ्तार की। उसकी निशादेही पर विभाग की टीम ने अनित सिंह के थड़पखना स्थित घर पर छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब बरामद किया है। साथ ही अनित समेत अन्य को भी गिरफ्तार किया है।

दो साल से सिंडिकेट कर रहा था काम

रांची में दो साल से सिंडिकेट काम कर रहा था। कोलकाता से शराब लाया जाता था। जिसे रांची के होटलों और बार के कस्टमर को दिया जाता था। कोलकाता से महंगे शराब को रांची भेजने की जिम्मेवारी रणदीप बॉस नामक शख्स की थी, जो शराब रांची के अनीत सिंह को थड़पखना में भेजता था। जिसके बाद अनीत सिंह अपने हैंडलरों के माध्यम से शराब ग्राहक तक पहुंचाता था। शराब बेचने को लेकर अनीत बार के सुपरवाइजर और वेटर को अपना मोहरा बनाया था।

मनी लाउंड्रिंग मामलों में ईडी ने दी है विस्तृत रिपोर्ट

राज्य सरकार को लेना होगा संज्ञान

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राज्य में एक हजार करोड़ से अधिक के अवैध खनन से अर्जित राशि की मनी लाउंड्रिंग और मनरेगा घोटाले से जुड़े मामले में विस्तृत रिपोर्ट प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह व पुलिस मुख्यालय को भेजी है। इस रिपोर्ट में मनरेगा घोटाले के तथ्यों के आधार पर आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की भूमिका, जूनियर इंजीनियर व केस के आरोपी राम विनोद सिन्हा, पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा की भूमिका पर विस्तृत रिपोर्ट दी है। वहीं, साहिबगंज में एक हजार करोड़ से अधिक के अवैध खनन से जुड़े केस की मनी लाउंड्रिंग के मामले में भी तत्कालीन खान सचिव पूजा सिंघल, मुख्यमंत्री के बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, साहिबगंज के डीएमओ विभूति कुमार, दुमका डीएमओ कृष्ण कुमार, पाकुड़ डीएमओ प्रदीप कुमार शाह समेत तीन अन्य डीएमओ की भूमिका पर विस्तृत रिपोर्ट दी है। राज्य सरकार व पुलिस मुख्यालय के स्तर पर इस रिपोर्ट की समीक्षा की जा रही है। समीक्षा के आधार पर राज्य की सरकार को मामले में संज्ञान लेना होगा। हालांकि, रिपोर्ट में ईडी ने कोई कार्रवाई करने की अनुसंशा नहीं की है।

- ईडी ने जांच कर मुख्य सचिव और पुलिस मुख्यालय को भेजी है विस्तृत रिपोर्ट
- अफसरों के द्वारा समीक्षा के बाद करनी होगी कार्रवाई

पद के दुरुपयोग व भ्रष्टाचार का मामला

ईडी के विस्तृत रिपोर्ट में पूजा सिंघल समेत अन्य पदाधिकारियों पर सरकारी पद पर रहते हुए पद का दुरुपयोग व भ्रष्टाचार का आरोप लगा है। ईडी ने मनरेगा घोटाले और अवैध खनन के मामलों में अबतक की जांच में आये तथ्यों के आधार पर रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि कैसे पूजा सिंघल ने पद पर रहते हुए मनरेगा घोटाले का पैसा लिया। इसके बाद इस राशि की मनी लाउंड्रिंग की, अस्पताल व अन्य कारोबार में मनी लाउंड्रिंग के पैसों का निवेश किया। वहीं, पद पर रहते हुए अवैध खनन के राशि का पैसा भी पूजा सिंघल ने राज्य के अलग-अलग डीएमओ से वसूला। अबतक की जांच में विभूति कुमार, प्रदीप कुमार शाह, कृष्ण कुमार किस्कू, निशांत अभिषेक समेत अन्य डीएमओ रैंक के पदाधिकारियों से पैसे लिये गये।

यूपीआई ऑनलाइन पेमेंट पर 30 प्रतिशत का प्रतिबंध

- ब्यूरो

नयी दिल्ली। भारत में ऑनलाइन पेमेंट करने के मामले में गुगल-पे तथा फोन-पे सबसे बड़े यूपीआई ऑनलाइन पेमेंट प्लेटफॉर्म बन गये हैं। चर्चा है कि अडानी भी इस क्षेत्र में आ सकते हैं या इसकी किसी कंपनी को खरीद सकते हैं। फिलहाल बात गुगल-पे तथा फोन-पे की है तो यूपीआई ऑनलाइन पेमेंट के मैदान में इन दोनों के प्लेटफॉर्म से लगभग 80 प्रतिशत ऑनलाइन यूपीआई पेमेंट किया जाता हैं। इनके बाद पेटीएम है। बाकी कंपनियों का उनके साथ प्रतिस्पर्धा में दम फूल रहा है। जिसके कारण लेवल ऑफ प्लेइंग फील्ड या बराबरी का मौका के लिए सरकार द्वारा गुगल-पे, फोन-पे व पेटीएम जैसे यूपीआई पेमेंट ऐप पर ट्रांजैक्शन लिमिट सेट करने की तैयारी हो रही है ताकि उपभोक्ता यूपीआई पेमेंट ऐप से अनलिमिटेड यूपीआई पेमेंट नहीं कर पायें। फिलहाल यूपीआई पेमेंट पर कोई सीमा नहीं है। इस मामले में एनपीसीआई ने नवम्बर 2022 में थर्ड पार्टी पेमेंट ऐप के लिए 30 प्रतिशत यूपीआई ट्रांजैक्शन कैप का प्रस्ताव रखा था। सूत्रों का कहना है कि उसकी 31 दिसम्बर तक मंजूरी मिलने की संभावना है। यह हो गया तो 1 फरवरी 2023 से किसी भी कंपनी के यूपीआई पेमेंट पर उक्त सीमा से ज्यादा पेमेंट पर रोक लग सकती है।

- अडानी भी शुरू कर सकते हैं या खरीद सकते हैं इसकी कोई कंपनी

शहर को जाम मुक्त बनाये रखने की कवायद, करें सहयोग

नवीन मेल संवाददाता

रांची। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सह प्रभारी यातायात पुलिस अधीक्षक नौशाद आलम ने रविवार को शहर के सभी यातायात थानेदार, यातायात के पुलिस जवानों और यातायात पुलिस उपाधीक्षकों के साथ बैठक की। सभी को शहर के विभिन्न चौक-चौराहों में यातायात जाम मुक्त सहित नियम पालन कराने का सख्त दिशा-निर्देश दिया गया। सभी जवानों की हौसलाअफजाई करते हुए उन्होंने कहा कि वे निर्भीक होकर काम करें, किसी तरह की काम में कोताही ना बरतें। जहां तक छुट्टी लेने की बात है, तो एक आवेदन थानेदार को दें, तुरंत छुट्टी मिलेगी। बहुत ज्यादा किसी तरह की परेशानी है, तो डीएसपी को भी आवेदन देकर छुट्टी ले सकते हैं। साथ ही अब किसी भी यातायात पुलिस जवान को एक ही चौक पर लंबे समय तक रहने की जरूरत नहीं पड़ेगी, सभी का समय-समय पर परिवर्तन किया जायेगा।

वाहन चालकों को प्यार से समझायें : सबसे बड़ी बात है यह है कि किसी भी वाहन चालक, फुटपाथ दुकानदार के साथ दुर्व्यवहार नहीं करेंगे। सभी को प्यार से समझायेंगे, ताकि लोग आपकी बातों को समझें और यातायात नियम का पालन करें। आगे उन्होंने कहा कि सभी चौक-चौराहों में ऐसे लोग जो यातायात नियम का उल्लंघन कर रहे हैं, रेड लाइट जंप कर रहे हैं, बेतरतीब तरीके से अपना वाहन को पार्किंग कर रहे हैं, बेतरतीब तरीके से ऑटो स्टैंड में ऑटो लगाकर जाम की समस्या पैदा कर रहे हैं, इन तमाम लोगों पर नजर रखें और जहां तक संभव हो सके, उसे एक बार समझाने का प्रयास करें और फिर भी नहीं मानें तो उसका तुरंत ऑन द स्पॉट जुर्माना करें। साथ ही फुटपाथ दुकानदारों को पहले भी समझाया गया है कि वह अपने दायरे में रहकर ही अपनी दुकान लगायें। इसके बाद भी यदि कोई फुटपाथ दुकानदार अपनी दुकान बेतरतीब तरीके से लगाते हैं, तो उस पर नजर रखें और जुर्माना करें।

- प्रभारी यातायात एसपी ने शहर के सभी यातायात पुलिस उपाधीक्षकों, थानेदारों और जवानों के साथ की बैठक
- यातायात पुलिस को छुट्टी के लिए नहीं लगाना होगा चक्कर, समय-समय पर बदला जायेगा ट्रैफिक पोस्ट



ईमानदारी के साथ कार्य कर शहर को बनायें जाम मुक्त

नौशाद आलम ने बताया कि कचहरी चौक, लालपुर, कांटाटोली, चर्च रोड, बहु बाजार, मिशन चौक और खासकर शहीद अल्बर्ट एक्का चौक से लेकर सुजाता चौक तक किसी भी तरह का वाहन सड़क के किनारे खड़ी नजर ना आये, जिसका भी वाहन है वह मॉल के पार्किंग में वाहन खड़ा करें। फुटपाथ दुकान भी इस रूट पर कहीं भी बेतरतीब तरीके से नजर नहीं आने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जो हरमू रोड, रातू रोड, किशोरी यादव चौक की तरफ का जिम्मा संभाल रहे हैं, वह लोग भी इस बात को गौर करेंगे और पूरी ईमानदारी के साथ शहर को जाम मुक्त बनायेंगे। मौके पर यातायात पुलिस उपाधीक्षक जीतवाहन उरांव, कपींद्र सहित लालपुर, चुटिया, जगन्नाथपुर और गोंदा यातायात थाना के प्रभारी सहित सभी यातायात पुलिस के जवान उपस्थित थे।

पीएम के भाई निजी समारोह में हिस्सा लेने गिरिडीह पहुंचे

गिरिडीह। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाई प्रहलाद मोदी रविवार को एक निजी समारोह में हिस्सा लेने गिरिडीह पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। प्रहलाद मोदी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि झारखंड में देश का 45 फीसद सम्पदा है, बाबजूद राज्य पिछड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि यहां के लोग राष्ट्रवाद के साथ चलें। उन्होंने कहा कि वनवासी का विकास तब तक नहीं हो सकता जबतक राज्य का विकास नहीं होगा। श्री मोदी ने कहा कि गुजरात मे पुनः भाजपा की सरकार बनेगी। भाजपा के कई नेता पार्टी छोड़कर दूसरे दल में गये, लेकिन गुजरात की जनता ने उन्हें नकार दिया है।

जी-20 की अध्यक्षता बड़ा अवसर, स्पेस सेक्टर में बना इतिहास : पीएम

मन की बात ○ बोले पीएम मोदी- विश्व कल्याण पर हमें करना है फोकस

नयी दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो प्रोग्राम मन की बात कार्यक्रम में कहा कि अगले साल जी-20 के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करना भारत के लिए गौरव की बात है। पीएम ने कहा कि तेलंगाना के राजन्ना सिर्सिल्ला जिले के एक बुनकर येल्धी हरिप्रसाद गारू ने मुझे अपने हाथों से जी-20 का लोगो बुन करके भेजा है। ये शानदार उपहार देखकर मैं हैरान रह गया। जी-20 की विश्व जनसंख्या में दो-तिहाई, विश्व व्यापार में तीन-चौथाई और विश्व जीडीपी में 85 फीसदी भागीदारी है। आप कल्पना कर सकते हैं-भारत एक दिसम्बर से इतने बड़े समूह की अध्यक्षता करने जा रहा है। जी-20 की अध्यक्षता, हमारे लिए एक बड़े अवसर बनकर आई है। हमें इस मौके का पूरा उपयोग करते हुए विश्व कल्याण पर फोकस करना है। मोदी ने कहा कि 18 नवम्बर को पूरे देश ने स्पेस सेक्टर में नया इतिहास बनते देखा। इस दिन भारत ने अपने पहले ऐसे रॉकेट को अंतरिक्ष में भेजा, जिसे भारत के प्राइवेट सेक्टर ने डिजाइन और तैयार किया था। इस रॉकेट का नाम विक्रम-एस है। यह रॉकेट कई खूबियों से लैस है। यह दूसरे रॉकेट की तुलना में हल्का और सस्ता है।

प्राचीन परंपराओं का घर है भारत

नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत दुनिया में सबसे प्राचीन परंपराओं का घर है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपनी परंपराओं और पारंपरिक ज्ञान को संरक्षित करें। ऐसा एक सराहनीय प्रयास नागालैंड के कुछ साथी कर रहे हैं। नागालैंड में नागा समाज की जीवनशैली, उनकी कला-संस्कृति और संगीत, ये हर किसी को आकर्षित करती है। ये हमारे दश की गौरवशाली विरासत का अहम हिस्सा है। नागा संस्कृति बचाये रखने के लिए लिडि-क्रो-यू नाम की संस्था बनायी गयी है। इस संस्था नागा संस्कृति के जो खूबसूरत आयाम धीरे-धीरे खोने लगे थे, उन्हें फिर से पुनर्जीवित करने का काम किया है।

पीएम ने झारखंड के लाइब्रेरी मैन संजय कच्छप की सराहना की

प्रधानमंत्री ने कहा कि कोई अगर विद्या दान कर रहा है तो वह समाज हित में सबसे बड़ा काम कर रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में जलाया गया एक छोटा सा दीपक भी पूरे समाज को रोशन कर सकता है। पीएम ने झारखंड के संजय कच्छप की सराहना करते हुए कहा कि संजय भी गरीब बच्चों के सपनों को नयी उड़ान दे रहे हैं। उन्हें अपने विद्यार्थी जीवन में अच्छी पुस्तकों की कमी का सामना करना पड़ा था। ऐसे में उन्होंने ठान लिया कि किताबों की कमी से वे अपने क्षेत्र के बच्चों का भविष्य अंधकारमय नहीं होने देंगे। अपने इसी मिशन की वजह से वह आज झारखंड के कई जिलों में बच्चों के लिए लाइब्रेरी मैन बन गये हैं।

बीते 10 माह में लगभग सात करोड़ लोग बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने पहुंचे

- आरपी सिंह

वाराणसी। काशी में गंगा स्नान व बाबा विश्वनाथ तथा माता अन्नपूर्णा के दर्शन के लिए लोग कुछ ज्यादा ही आने लगे हैं। हो सकता है कोरोना महामारी के कारण दो वर्ष से कहीं यात्रा करने से बच रहे लोग अब घर से यात्रा के लिए निकलने लगे हैं, इसके कारण भीड़ बढ़ गयी है। जिसके चलते बीते दस माह में लगभग सात करोड़ लोग गंगा स्नान करने, बाबा विश्वनाथ व अन्नपूर्णा का दर्शन करने, गंगा आरती देखने, गंगा में नौका विहार करने काशी आये हैं। इनसे बाबा विश्वनाथ को 27 करोड़ का चढ़ावा आया है। सबसे ज्यादा श्रद्धालु सावन माह में सवा करोड़ आये। 2018-19 के वित्तीय वर्ष में 26.65 करोड़ रुपये का चढ़ावा चढ़ा था। उससे पहले चढ़ावे का आंकड़ा सालाना लगभग 10 से 12 करोड़ रुपये होता था।

न्यूज गैलरी

आचार्यकुलम के छात्राओं ने खेलो इंडिया वुशु महिला लीग जोनल प्रतियोगिता में मेडल जितने सफलता हासिल की

रांची। पिछले दिनों खेलो इंडिया वुशु महिला लिग जोनल प्रतियोगिता खेल गांव में आयोजित हुई। इसमें आचार्यकुलम के दस छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें से तीन छात्राओं ने मेडल जीतने में सफलता प्राप्त की है। उनके नाम हैं- प्रगति निधि सोय और लिपिका श्रेष्ठ को रजत पदक तथा सायशा सिंह को कांस्य पदक मिला। उपर्युक्त छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में अव्वल स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपना स्थान निश्चित कर लिया है । उनका यह प्रयास सराहनीय है। इस उपलब्धि के लिए आचार्यकुलम की प्राचार्या श्रीमती सुजाता कौरा जी और स्वामी दिव्य देव जी ने उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की है ।

शिव मंदिर परिसर में बैठक कर रात्रि में दीप यज्ञ का आयोजन किया गया

बुढ़मू। गायत्री शक्तिपीठ डकरा एवं गायत्री शक्तिपीठ चंदवा के द्वारा बुढ़मू प्रखंड के मुरगी गांव के शिव मंदिर परिसर में एक बैठक एवं रात्रि में दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ करने का ग्रामीणों ने निर्णय लिया, और कहा गया कि आगामी मार्च महीना 2023 में धूमधाम के साथ मंदिर परिसर में महायज्ञ किया जाएगा। दीप यज्ञ आयोजन गायत्री शक्तिपीठ डकरा के कार्यकर्ता भोला प्रसाद, मिथिलेश प्रजापति, राजू यादव, मनोज यादव, उदय सिंह, मुकेश यादव, एवं गायत्री शक्ति पीठ चंदवा के भोला महतो, राजेंद प्रसाद, सुनील राणा, तुलसी यादव के द्वारा संयुक्त रूप से कराया गया। मौके पर कामेश्वर यादव, सुदामा मुंडा, संतोष यादव, सुरेश मुंडा, बसंत यादव, राम बिहारी यादव, अभिषेक यादव, विजय यादव, भोला यादव, रूही देवी, सोना देवी, रीना देवी, शांति देवी, कविता देवी, राजकुमारी देवी, निलम कुमारी, रोशनी कुमारी, रानी कुमारी, मिस्टी कुमारी, आदर्श कुमार एवं प्रखंड के पत्रकार राजेश यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

रातू फुटकलटोली में झामुमो पंचायत कमिटी का गठन, सावन गाड़ी बने अध्यक्ष

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा रातू प्रखंड समिति के द्वारा फुटकल टोली पंचायत में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी के अध्यक्षता में एक बैठक रखी गयी । बैठक में फुटकलटोली पंचायत समिति का विस्तार किया गया जिसमे सर्वसम्मति से पंचायत अध्यक्ष सावन गाड़ी को चुना गया। इसके अलावा सचिव मोहम्मद ताजिम, कोषाध्यक्ष राजेश महतो ,उपाध्यक्ष पहना तिर्की, बुतुरू ऊराव संगठन सचिव शमशेर अंसारी सह सचिव राजू तिग्गा पंचायत कार्यकारिणी सदस्य युसूफ अंसारी उर्फ पिंटू नौशाद अंसारी उर्फ लड्डू नूर हकीम आसिफ अंसारी आबिद अंसारी को बनाया गया। कार्यक्रम में असलम अंसारी प्रदीप किस्कोटा, मुदस्सर खान, सचिन उरांव, सैयद फिरोज, एवं पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

फुसरो में जल्द खुलेगा तीरंदाजी सेंटर

सिल्ली। बिनोद बिहारी महतो फुटबॉल मैदान करगली फुसरो परिसर में जल्द खुलेगा तीरंदाजी सेंटर इसको लेकर आजसु केंद्रीय नेता सह बेरमो विधानसभा प्रभारी संतोष कुमार महतो ने तीरंदाजी सेंटर बिरसा मुंडा आर्चरी सेंटर सिल्ली सेंटर पहुंचे एवं तीरंदाजो से मिले तथा आर्चरी कोच शिशिर महतो से बैठक कर कई पहलुओं पर चर्चा की । कोच शिशिर महतो ने कहा की फुसरो में तीरंदाजी एकेडमी के लिए मैदान का निरीक्षण बहुत पहले किया गया था। जल्द से जल्द एकेडमी खोलने पर निर्णय लिया जाएगा। वही संतोष महतो ने कहा कि बिरसा मुंडा अर्चरी सेंटर सिल्ली की एक शाखा फुसरो शहर में एक तीरंदाजी केंद्र की स्थापना किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है, परंतु अवसर न मिलने से उनकी प्रतिभा सामने नहीं आ पाती।

विधायक ने किया कई योजनाओं का शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता

चान्हो। चान्हो प्रखंड में मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के द्वारा कई योजनाओं का शिलान्यास आज भी जारी रहा। प्रखंड के नौदी से सिसई तक पथ निर्माण, कुल्लू से नौदी तक पथ निर्माण,सिलागाई से नरकोपी भाया बजरा बोबरो तक पथ निर्माण, दमदमा टोली से रानीचाचो तक पथ निर्माण,एन. एच. खलारी रोड से बढैया तक पथ निर्माण,बिजुपाड़ा खलारी रोड से खखसी टोली तक पथ निर्माण,चान्हो से साडम पथ पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इन शिलान्यास कार्य के दौरान रांची जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत के नेतृत्व मे 6-7 जिला परिषद, शिलापट में नाम नहीं अंकित होने को लेकर विरोध करते हुए शिलापट में कालिख पोत कर विरोध जताया। इस दौरान विभागीय अभियंता के साथ नोकझोंक भी हुई। जिला परिषद सदस्यों का आरोप था कि स्थानीय जनप्रतिनिधि को योजनाओं के शिलान्यास के दौरान उपेक्षित किया जा रहा है जिसको लेकर यह विरोध है।

विकास योजनाओं का इस तरह से विरोध करना गलत है : शिलान्यास के दौरान विरोध पर मीडिया से बात करते हुए मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि सरकार की योजनाओं का शिलान्यास के दौरान इस तरह विरोध करना सही नहीं है। शिलापट में नाम अंकित को लेकर सवाल पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि प्रोटोकॉल के अनुसार माननीय सांसद,माननीय विधायक, नगर निकाय के अध्यक्ष व जिला परिषद सदस्य के अध्यक्ष का नाम या नगर निगम क्षेत्र में मेयर का नाम अंकित किया जाना है बाकी प्रतिनिधि आमंत्रित सदस्य होते हैं अगर इस तरह से विरोध होगा तो जनता के पास गलत मैसेज जाएगा। विधायक ग्रामीणों से भी मुलाकात कर उनकी समस्याओ को भी सुना, एवं उन्हे विधायक ने सरकारी योजनाओं के बारे मे भी अवगत कराया। इस दौरान ठंड को देखते हुए विधायक ने अपनी शॉल ओढाकर भी एक ग्रामीण को मदद किया। साथ हीं वापस लौटने के क्रम मे रोड पर सब्जी दुकान पर रुक कर सब्जी विक्रेता से भी मिलकर समस्याओं की जानकारी लेते हुए उनसे कुछ सब्जी भी विधायक ने खरीदा। मौके पर पार्टी प्रखंड अध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ ने विधायक को ज्ञापन सौंपा

नामकुम। पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ के सदस्यों ने रविवार को विधायक राजेश कच्छप के आवास पर मुलाकात की। इस दौरान सदस्यों ने उन्हें अपनी तीन सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपकर उसे विधानसभा में उठाने की मांग की। संघ के सदस्यों ने बताया कि स्वयंसेवक अपनी नियुक्ति के बाद से वर्ष 2016 से केंद्र और राज्य सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने में अपनी भूमिका अदा कर रहे हैं, परंतु उन्हें प्रोत्साहन राशि के स्थान पर उचित मानदेय लागू करने, स्वयंसेवकों की सेवा नियमित करने सहित उनका नाम परिवर्तित करते हुए पंचायत सहायक करने की मांग रखी। विधायक ने उनकी मांगों को सरकार तक पहुंचाकर जल्द कार्रवाई कराने की बात कही। मौके पर बिरसा कुमार बेदिया, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुंडा, एतवा उरांव, दिलीप कुमार मिर्धा, शीला कुमारी और दुर्योधन नायक आदि मौजूद थे।

बड़ा तालाब स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा अंधेरे में, अधिकारी भी नहीं ले रहे सुध

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राजधानी रांची के बड़ा तालाब के बीचो-बीच बड़े तामझाम के साथ स्वामी विवेकानंद की 9।8 टन की 33 फीट प्रतिमा लगा दी गयी। उनकी प्रतिमा के पास कुछ दिनों तक तो बड़े ही आकर्षक लाईटें जगमगाती थी लेकिन, आज वहां कोई देखने वाला नहीं। महिने भर से अधिक दिन हो गये वहां स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के पास अंधेरा रहता है। प्रतिमा तक पहुंचने वाला जो पाथ-वे बना हुआ है उसमे लाइटें लगी हुई हैं। लेकिन, स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के पास पूरी तरह से अंधेरा रहता है। नगर निगम के अधिकारी भी कोई सुध नहीं ले रहे हैं। जानकारी के अनुसार स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के निर्माण में दो करोड़ 96 लाख रूपए लगे हैं। इस प्रतिमा को उसी वास्तुकार ने तैयार किया जिसने गुजरात में सरदार बल्लभ भाई.पटेल की मूर्ति को तैयार किया है।

बड़ा तालाब की भी स्थिति खराब : बड़ा तालाब की भी स्थिति काफी खराब है। गंदगी का अंबार लगातार तालाब में डाला जा रहा है। गंदगी की वजह से तालाब का पानी हरा हो गया है। जलकुंभी की भी भरमार है। बताया जाता है कि बड़ा तालाब के सौदर्यीकरण में मेकॉन के अलावे उर्मिला कंस्ट्रक्शन और सापुरजी पालनजी कंपनी रात दिन जुटी रही हैं। राज्य सरकार ने पूरे प्रोजेक्ट पर और सौदर्यीकरण पर 31।5 करोड़ खर्च किए है। जिसमें 15. 5 करोड़ रुपए तालाब पर ब्रिज बनाने, मूर्ति स्थापित करने और तालाब के आधारभूत संरचना को बेहतर करने में खर्च किया गया। वहीं 13 करोड़ बड़ा तालाब के चारदीवारी निर्माण पर खर्च की योजना बनायी गयी थी। पर तालाब की स्थिति जस की तस बनी हुई है।

तीन माह से नहीं बना ध्वस्त चहारदीवारी

सिल्ली। सिल्ली के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की चहरदीवारी पिछले 3 महीने से टूटी हुई है लेकिन इसे मरम्मत कराने की पहल नहीं की गई है। नतीजा स्कूल में रहने वाली लड़कियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। अलावे किसी भी अनजान के चहर दिवारी में प्रवेश करने का खतरा भी बना हुआ है। विद्यालय के वार्डन मेरी एल्मा रुंडा ने बताया कि विद्यालय की चहरदीवारी के दूसरी ओर विजली ग्रिड का निर्माण कराया जा रहा है। इसी निर्माण के दौरान ग्रिड परिसर का एक पेड़ दीवार पर गिर जाने के कारण यह दीवार पिछले 20 अगस्त को गिरी थी। घटना के बाद ग्रिड का काम कराने वालों ने इसे मरम्मत कर देने का आश्वासन भी दिया है। उन्होंने इसकी सूचना जिला के अधिकारियों को दे दी है।लेकिन अभी भी यह समस्या बनी हुई है।

पुलिस छापेमारी के दौरान आरोपी के पिता की मौत , ग्रामीणों ने बनाया बंधक

नवीन मेल संवाददाता

खूंटी । बखूंटी जिले के तोरपा थाना क्षेत्र के रोड़ो इस्लामपूर गांव में पुलिस ने छापेमारी की. इस दौरान आरोपी तो पुलिस के हाथ नहीं आया बल्कि कार्रवाई के दौरान आरोपी के पिता की मौत हो गयी. जिसके बाद परिजन और ग्रामीणों ने पुलिस को घेर लिया. मृतक की पहचान 82 वर्षीय मो निजामुद्दीन अंसारी के रूप में की गयी है. जानकारी के अनुसार घटना शनिवार रात के लगभग 12 : 30 बजे की है. तोरपा पुलिस की टीम रोड़ो इस्लामपूर में प्रतिबंधित मांस की बिक्री के आरोपी इजहार अंसारी उर्फ कल्लु को गिरफ्तार करने के लिए उसके घर में छापेमारी की. परिजनों का आरोप है कि इस दौरान पुलिस ने उनके घर के तीन दरवाजा को जबरन तोड़कर अंदर गयी. घर में इजहार की पत्नी, बच्चे, पिताजी और अन्य सदस्य मौजूद थे. पुलिस की कार्रवाई के दौरान पिता मो निजामुद्दीन अंसारी की मौत हो गयी. जिसके बाद हो हंगामा हुआ. इसके बाद आसपास के लोग वहां पहुंच गये और पुलिस को घेर लिया. घटना की जानकारी मिलने के बाद रात के लगभग ढाई बजे एसडीओ अनिकेत सचान, एलआरडीसी जितेंद्र मुंडा, एसडीपीओ सहित अन्य अधिकारी वहां पहुंचे. सभी को समझा-बुझा कर मामला को शांत किया गया. इसके बाद सुबह छह बजे शव को पोस्टमार्टम के लिए लाया गया. जहां से पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव वापस सौंप दिया गया है. इस संबंध में एसपी अमन कुमार ने कहा कि यदि परिजनों को मदद की जरूरत है उसे पूरा करने का आश्वासन दिया गया है.

मूलवासी सदानों के संघर्ष और बलिदान का परिणाम है जो झारखण्ड अलग राज्य बना

ओबीसी को आरक्षण नहीं देना व 12 जिलों को पांचवीं अनुसूचित क्षेत्र घोषित करना गैर संवैधानिक : राजेन्द्र

नवीन मेल संवाददाता

रांची। हर समाज को राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करवाना सभी राजनीतिक दलों का दायित्व बनता है। अनुच्छेद 243 टी सभी समाज और समुदाय को अधिकार मिले और चुनाव रोटेशन होते रहे इसका अधिकार देता है। इसी संवैधानिक प्रावधानों के तहत महापौर रांची की पद को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है। आगे ओबीसी और सामान्य वर्ग को भी प्रतिनिधित्व मिलेगा। उक्त बातें मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने रांची के एक होटल में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित है करते हुए कही। उन्होंने कहा कि झारखण्ड में पिछड़ी जातियों के साथ-

साथ मूलवासी सदानों के सवर्ण समुदायों का भी सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक स्थिति का सर्वेक्षण व वह जनगणना करवाया जाए। जिससे ओबीसी के साथ सदान समुदाय के सवर्णों को भी आरक्षण का लाभ मिल सके और कानूनी अड़चन की बाधा को भी दूर किया जा सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि नगर निकाय चुनाव में जब तक पिछड़ों का आरक्षण सुनिश्चित नहीं किया जाता है तब तक निकाये चुनाव नहीं कराने का आग्रह सरकार से किया। उन्होंने सदान आयोग बनाने की मांग की है,जिससे सदानों के हरेक वर्ग को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि झारखण्ड के 12 जिलों को पांचवीं अनुसूचित क्षेत्र घोषित करना गैर संवैधानिक है। प्रसाद ने कहा कि साहिबगंज और पाकुड़ जिला के बहुत सारे पंचायतों में जनजातियों की एक भी आबादी नहीं है।

29 नवंबर को आमया संगठन राजभवन के समक्ष लगायेगी चौपाल

जनसंपर्क अभियान व पंपलेट चिपकर किया जा रहा प्रचार -प्रसार

रातू। राजभवन के समक्ष 29 नवम्बर को मुसलमानों का चौपाल कार्यक्रम रखा गया है। इसके लिए रातु क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आमया के केंद्रीय सचिव नौशाद आलम के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया गया । श्री आलम ने कहा की झारखंड राज्य अलग हुए 23 वर्ष हो गये लेकिन झारखंड अलग राज्य आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले राज्य के 50 लाख मुसलमानों के संवैधानिक अधिकार,, शिक्षा रोजगार और विकास की बात तो छोड़ दीजिये अल्पसंख्यकों के अधिकार से जुड़े बोर्ड निगम आयोग कमेटी का भी गठन तीन वर्षों में नहीं किया गया। मोबलिंचिंग पर कानून, विभिन्न प्रकार के घटनाओं में पीड़ित परिवार के न्याय और मुआवजा के मामलों की अंदेखी हुई है। ऐसे कई सवालों को लेकर संवैधानिक व लोकतांत्रिक तरीके से चौपाल कार्यक्रम रखा गया है । जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से रातु प्रखंड सिद्दीक अंसारी, अब्दुल बारीक , शईद अंसारी, अंजुम खान ,आसिफ रुहुल्लाह, आसिफ कलाम, तहमीद अंसारी, हाफिज जान मुहम्मद, इमरान अंसारी, मंजूर आलम, नसीम अंसारी, अफसर आलम, फिरोज आलम इत्यादि लोग उपस्थित थे।

सनराज होटल के कर्मी ने फंदे से झूलकर की आत्महत्या

नवीन मेल संवाददाता

रांची। कचहरी चौक के समीप सनराज होटल के कमरे से एक युवती का शव बरामद किया गया है। रविवार को फांसी के फंदे से लटका हुआ शव होटल के स्टॉफ रूम से मिला है। युवती उसी होटल में हाउसकीपिंग के रूप में काम करती थी। मृतक का नाम 27 वर्षीय दुलारी कुमारी है और वह चतरा की रहने वाली है। घटना की जानकारी मिलने के बाद कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय, थाना प्रभारी शैलेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। एफएसएल की टीम ने कमरे में रखे सामानों की जांच की और जांच के लिए जब्त कर कुछ चीजें अपने साथ ले गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में प्रेम प्रसंग में आत्महत्या की बात सामने आ रही है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने मामले में होटल के एक गार्ड को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

फोन पर बात करते हुए झूल गयी फंदे से : कचहरी रोड स्थित होटल सनराज में दुलारी कुमारी और सबिता कुमारी बतौर हाउसकीपिंग का काम करती थी। दोनों होटल के तीसरे तल पर स्थित स्टॉफ रूम में एक साथ रहती थी। रविवार की सुबह नौ बजे सबिता नाश्ता करने के लिए किचन में जाने लगी। तब उसने दुलारी से भी नाश्ता करने के लिए साथ चलने को बोला। लेकिन दुलारी ने उसे यह कहकर टाल दिया कि उसकी तबियत ठीक नहीं है और वह बाद में आकर खायेगी। इसके बाद सबिता अकेले नाश्ता करने के लिए नीचे चली गई। कुछ देर बात जब वह लौटी तो देखा भीतर से स्टॉफ रूम का दरवाजा बंद है। जब उसने खटखटाया और आवाज दी, लेकिन भीतर से उसे कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद सबिता ने होटल में शोर मचाया। कर्मियों ने दरवाजा तोड़कर भीतर गए तो देखा कि दुलारी फंदे से झूल रही है और बिस्तर पर मोबाइल पड़ा था। पुलिस को आशंका है कि वह मोबाइल पर किसी से बात करते हुए फांसी के फंदे से झूल गयी है।

गार्ड से था प्रेम प्रसंग, हुआ झगड़ा : दुलारी और होटल के एक गार्ड के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसकी जानकारी होटल के सभी कर्मियों को भी थी। रविवार की सुबह दुलारी और गार्ड के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। इस वजह से दुलारी काफी गुस्से में थे। पुलिस ने जब मोबाइल की जांच की तो सबसे आखिरी बात होटल के गार्ड से ही हुआ था। जब पुलिस उस गार्ड को हिरासत में ली और पूछताछ किया। तब उसने पुलिस को बताया कि वह उससे फोन पर बात करते हुए आत्महत्या की धमकी दे रही थी। हालांकि वह उसे समझाया भी, लेकिन वह मानी नहीं और उसने बात करते हुए आत्महत्या कर ली।

शहीद विश्वनाथ शाहेदव की जीवनी पाठ्यक्रम में शामिल हो

रांची। ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव अध्ययन केंद्र ने रविवार को सेक्टर दो में शहीद सम्मान समारोह का आयोजन किया। समोराह में सरकार से शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव की जीवनी को पाठ्यक्रमों में शामिल करने की मांग की गयी। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि एक समय शहीद विश्वनाथ शाहदेव के साम्राज्य को अंग्रेजों ने अपने अधीन कर लिया था। हटिया के चिरनागढ़ को तोप से उड़ा दिया गया। साथ ही उनके पुत्र और पत्नी को भी मारने का प्रयास अंग्रेजों ने किया था। वक्ताओं ने कहा कि अंग्रेजों की सजा का दंश आज भी शहीद का परिवार झेल रहा है। सरकार परिजनों के प्रति उदासीन है, जबकि सरकार से कई बार इनके पुनर्वास की मांग की गयी है।

आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने झारखंड आंदोलन के शहीदों के प्रति समर्पित वार्षिक कैलेंडर 2023 का लोकार्पण किया

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा, पूर्वी सिंहभूम के तत्वाधान में जमशेदपुर स्तिथ जुबली पार्क गेट के समीप रविवार को झारखंड आंदोलन के शहिदों के प्रति समर्पित वार्षिक कैलेंडर 2023 का लोकार्पण मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो के द्वारा किया गया। शहीद सोबरन माझी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरांत पुष्कर महतो को नगर आगमन पर स्वागत किया गया। श्री पुस्कर ने अपने संबोधन में कहा की सत्ता में आने के उपरांत झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अगुवाई में सरकार द्वारा लगातार समाज के सभी वर्गों के लिए कई लोक प्रिय योजनाओं को लागू किया गया है जो झारखंड के गरीब, गुरबा एवं मेहनतकश आम जनता के व्यापक हित में है। झारखंड के भूमि पुत्रों के हित में एवं 1932 खतियान आधारित स्थानीय नियोजन नीति, भाषा संस्कृति, खेल एवम खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना, विदेशों में झारखंडी भूमिपुत्रों को पढ़ने के लिए मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा परदेशिया छात्र वृत्ति योजना, कोयल कारो एवं नेतरहट फील्ड फायरिंग रेंज रद्द करना,

झारखंड आंदोलनकारियों का मानदेय बढ़ाना एवं बस सेवा मुफ्त में मुहैया कराना, 5% प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण (आंदोलनकारी किसी जाति का हो) आदि। इसलिए झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के द्वारा विगत 18 नवंबर को मुख्यमंत्री को झारखंड आंदोलनकारी गौरबपुत्र से सम्मानित किया गया। श्री महतो ने कहा की झारखंड राज्य उपहार में मिला है। यह बयानबाजी की भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी एवं महामहिम ने विगत दिनों दिया जो झारखंड आंदोलनकारियों के लिए अपमानजनक ही नहीं बल्कि झारखंडियों के त्याग और बलिदान को ही झुटलाने का एक षडयंत्र है। इसलिए भाजपा का बोखलाहट बढ़ गिया और लोकतांत्रिक रूप से चुने हुए सरकार के पूछें इडी, सीबीआई को इस्तेमाल कर हेमंत सोरेन सरकार को सत्ता से वेदखल करने का कुचक्र कर रही है। आज का कार्यक्रम की अध्यक्षता माझी बाबा बिंदे सोरेन ने किया। संचालन विश्वजीत प्रमाणिक ने किया। धन्यवाद ज्ञापन मनोवध महतो ने किया। इस अवसर पर झारखंड आंदोलनकारियों में मनिंद्र सिंह मुंडा, चित्तरंजन महतो, दुलाल कुंभकार, गौतम बोस, शिबू काली मैती, गोपाल मिश्र सहित कई लोग उपस्थित थे।

धर्म परिवर्तन करने वालों को एसटी की सूची से हटाने तक जारी रहेगा आंदोलन : गणेश राम

रांची। जनजातीय सुरक्षा मंच के बैनर तले रविवार को विशाल आदिवासी डीलिस्टिंग महारैली का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। रैली रांची कॉलेज मैदान से, रेडियम रोड, कचहरी होते हुए राजभवन तक पहुंची। राजभवन से वापस रांची कॉलेज मैदान में सभा हुई। रैली में बतौर मुख्य अतिथि जनजातीय सुरक्षा मंच के संयोजक सह छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री गणेश राम भगत ने कहा कि धर्म परिवर्तन किए हुए व्यक्तियों का हुक्का पानी बंद करेंगे। उन्होंने कहा कि जब तक धर्म परिवर्तन किए हुए लोगों को अनुसूचित जनजाति की सूची से डीलिस्ट नहीं करेंगे, तब तक चैन से नहीं बैठेंगे। उन्होंने कहा कि आगे और भी इससे बड़ा आदिवासी डीलिस्टिंग रैली करेंगे।

अपने अधिकार के लिए एकजुट हो दलित समाज : रजक

नवीन मेल संवाददाता

रांची। रविवार को अंनु. जाति समन्वय समीति कि बैठक दलित बस्ती चिरौंधी में बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता समीति के प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र कु. रजक व संचालन राम लगन राम ने किया बैठक में उपेन्द्र रजक ने कहा कि संवैधानिक रोस्टर के अंरूप रांची नगर निगम महापौर के सीट अंनु. जाति के लिए आरिक्षत हुआ है। जिसे राजनीति कारणों व जल्दबाजी में टीएसी बैठक बुलाकर दबाव व अलोकतंत्रिक तरीके से चुनाव टालने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि टीएसी ही संवैधानिक नहीं है तो उसके आड़ में राजनीति किया जा रहा है। आज सफाईकर्मी दलित के बेटा को संविधान के तहत मेयर का पद आरक्षित हुआ तो सरकार ठीक नहीं लगने पर उसे टाल दिया गया। इस मौके पर रामलगन राम, निरज नायक, राकेश राम, योगेन्द्र लाल, प्रदिप मिरधा, विनोद राजन

ने कहा कि वर्तमान सरकार लगतार राज्य में रह रहे 50 लाख दलितों का संवैधानिक आधिकारों को छीन रही है। उन्होंने कहा कि सरकार पहले 1932 के अध्यादेश में अंनु. जाति शामिल नहीं किया सिर्फ आदिवासी व मुलवासी जोड़ा है। साथ ही इस तरह के प्रयास कर समाजिक टकराव पैदा कर रही है। उपेन्द्र रजक, अजय तुरी, संतोष रवि, सत्येन्द्र रजक, छोटू पासवान ने कहां कि संवैधानिक अधिकार के लिए अंनु, जाति समाज को गोलबंद कर संर्घष किया जाऐगा। बैठक में बीके दास, संजय रजक, दिलीप राम, मोहन राम, सुरज नायक, इंदर देव राम, जिवन राम, अनिल कुमार, गोबिंदा वाल्मीकि, अजय वाल्मिकी, राजेश पासवान, अकलेश रजक, जितेन्द्र केडिया आदि उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

सरोजिनी लकड़ा ने रिम्स पहुंचकर घायल खिलाड़ियों का हालचाल पूछा

रांची । मुख्यमंत्री आवास से आदेश प्राप्त होते ही, खेलकूद युवा कार्य निदेशालय की निदेशक सरोजिनी लकड़ा रिम्स पहुंची, वहां पहुंचकर घायल खिलाड़ियों का हालचाल पूछा। सभी खिलाड़ी अलग-अलग वार्ड में भर्ती किए गए हैं बिटवीन डुंगडुग सर्जरी मेडिसिन में भर्ती किया गया है गोविंदा मांझी को सीबी सहाय के न्यूरो वार्ड में भर्ती किया गया है जबकि तीसरे घायल खिलाड़ी इनोसेंट मिज़ भी इलाजरत हैं । सभी घायल खिलाड़ी शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित खेलो झारखंड प्रतियोगिता में भाग लेने गए थे यह सभी रंगारी हाई स्कूल सिमडेगा के फुटबॉल खिलाड़ी हैं घायल खिलाड़ियों से मिलने वालों में खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा , पूर्व हॉकी ओलंपियन मनोहर टोपनो , खेल सलाहकार झारखंड खेल प्राधिकरण देवेंद्र कुमार सिंह एवं हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह मौजूद थे ।

एक दिवासीय सतनारायण पोद्दार वुडबाल प्रतियोगिता हुआ संपन्न

रांची। रविवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर एव रांची जिला वुडब ाल संघ के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवासीय सत नारायण पोद्दार वुडब ाल प्रतियोगिता का आयोजन रांची कॉलेज मैदान में किया गया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अधिवक्ता पी के लाला ,भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी,समाजसेवी राज कुमार पोद्दार , झारखंड राज्य वुडब ाल संघ के सचिव गोविंद झा,सूरज कुमार समेत कई अतिथियों ने विजेता प्रतिभागियों को मेडल एव कैश अवार्ड देकर सम्मानित किया ।इस अवसर पर मुख्य रूप से संजय प्रमाणिक, सुष्मिता,आलोक तिर्की, ललिता कुमारी,रोशन लिंडा,स्नेहा कुजूर समेत कई खिलाड़ीगण उपस्थित थे।
प्रतियोगिता के परिणाम : बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर वरुण कुमार मुंडा रहे, द्वीतीय स्थान पर मनमोहन सुंडी,तृत्य स्थान पर उमेश कुमार बड़ाइक रहे, वही बालिका वर्ग में प्रथम ललिता कुमारी,द्वितीय प्रभा मं ाझी, तृतीय स्थान पर सुष्मिता कुमारी रही।

धर्मान्तरित हुए लोगों को डीलिस्टंग करने हेतु विशाल आदिवासी रैली व सभा का आयोजन

रांची । जनजाति सुरक्षा मंच झारखंड द्वारा रविवार को रांची कॉलेज मैदान रांची में जनजाति समाज से धर्मान्तरित हुए लोगों को डीलिस्टंग करने हेतु विशाल आदिवासी रैली एवं सभा का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्म विभूषण एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कड़िया मुंडा थे । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जो आदिवासी अपने धर्म को छोड़कर दूसरे धर्म अपना लिए हैं उन्हें आरक्षण का लाभ ना मिले इसके लिए गांव गांव में जाकर लोगों को जागरूक करना होगा। इस विशाल रैली एवं सभा में विभिन्न जिलों से आए आदिवासी अपने पारंपरिक वेशभूषा के साथ उपस्थित हुए एवं पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए गए ।इस सभा में विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता हाई कोर्ट बिलासपुर छत्तीसगढ़ दिलमन मिंज एवं इसके अलावा राष्ट्रीय संयोजक सुरक्षा मंच के कई प्रतिनिधि मौजूद थे।

डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र को लेकर राष्ट्रव्यापी अभियान , रांची में विशेष आयोजन

रांची। केंद्र सरकार के पेंशन भोगियों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र के राष्ट्रव्यापी अभियान के प्रचार के सिलसिले में रविवार को कार्मिक लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग द्वारा रांची के कोर्ट कंपाउंड स्थित भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी आर के दत्ता इस दौरान उपस्थित थे । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पेंशन धारियों की सुविधा के लिए देशभर में डिजिटल सेवा अभियान चलाया जा रहा है इसका लाभ पेंशनधारी घर बैठे अपने मोबाइल ऐप के माध्यम से डिजिटल सुविधा का लाभ ले सकते हैं उन्हें बैंक के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक रांची कार्यालय के उप महाप्रबंधक प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि पेंशनधारी डिजिटल सुविधा से अपनी जीवन प्रमाण पत्र घर बैठे दे सकते हैं उन्हें बैंक में कतार में नहीं लगने होंगे ।

दहेज के लिए पति ने पत्नी पर फेंका तेजाब, रिम्स में भर्ती

नवीन मेल संवाददाता

रांची। रांची के कांटाटोली मौलाना आजाद कॉलोनी में एक पति ने अपनी पत्नी पर तेजाब फेंक दिया। इस घटना में विवाहिता का चेहरा, गर्दन, छाती और मुंह झुलस गया। इस वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पति आमिर खान मौके से फरार हो गया। घटना रविवार सुबह की है। घायल विवाहिता हिना परवीन को स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में रिम्स में भर्ती कराया है। जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। चिकित्सकों के अनुसार तेजाब मुंह के अंदर जाने की वजह से वह बोल भी नहीं पा रही है। विवाहिता का मायके लोअर बाजार थाना क्षेत्र के गुदड़ी चौक के समीप है। वर्तमान में वह अपने पति के साथ मौलाना आजाद कॉलोनी रोड नंबर 13 स्थित अपने पति के साथ रह रही है। परिजनों का आरोप है कि पैसे की डिमांड पूरी नहीं करने की वजह से आरोपी पति ने इस वारदात को अंजाम दिया है। आरोपी नशे का आदी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद नामकुम थाने की पुलिस रिम्स पहुंची। परिजनों से भी पूछताछ की। वहीं पुलिस आरोपी पति की तलाश में जुट गई है। हिना के पिता उद्दीन के बयान पर नामकुम थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

70 हजार देने से इंकार किया तो फेक दिया तेजाब

आरोपी आमिर अपनी पत्नी हीना से लगातार मोटरसाइकिल खरीदने के लिए 70 हजार रुपए की डिमांड कर रहा था। इसको लेकर वह उसे प्रताड़ित भी करता था। पैसा जुगाड़ करने के लिए हीना बीते शनिवार को अपने मायेक चली गई। परिवार के सदस्यों को मामले की जानकारी। इसके बाद पिता ने उससे कहा कि वह जल्द ही पैसा इंतजाम कर उसे देगा। इसके बाद शनिवार देर शाम हिना अपने ससुराल चली गई। रविवार की सुबह हिना ब्रश कर रही थी। इसी दौरान आरोपी पति पहुंचा और पैसे मांग करने लगा। हिना ने पैसा देने की बात से इंकार कर दी। आरोपी पहले से तेजाब खरीदकर घर लाकर कमरे में रखा था। कमरे से तेजाब लाया और हिना के उपर फेंक दिया। जिसके बाद हिना जोर-जोर से चिल्लाने लगी।

घटना के बाद आरोपी भाग निकला

सितंबर में मारने का किया था प्रयास

पिता उद्दीन ने बताया कि आरोपी पति उनकी पुत्री को लगातार प्रताड़ित किया करता था। दहेज के लिए बीते सितंबर माह में भी उनकी पुत्री को आरोपी ने जान से मारने का प्रयास किया था। उसने दुपटा से उनकी पुत्री के गले में फंदा लगाकर लटकाने का प्रयास किया। मगर पुत्री के विरोध के बाद वह भाग कर मायके लौट आयी थी। उस समय काफी विवाद भी हुआ था। इमारत ए शरिया में दोनों के परिजनों की बैठक हुई। समझौता होने के बाद दोनों पति-पत्नी फिर से रहने लगे थे। उसके बाद भी आरोपी नशे की हालत में उनकी पुत्री के साथ मारपीट किया करता था।

दस साल पहले हुई थी शादी

पिता ने बताया कि 2012 में आरोपी के साथ उनकी पुत्री की शादी हुई थी। उनके दामाद आमिर का लालपुर चौक के समीप इंदिरा मार्केट में मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान है। शादी के बाद से ही आरोपी उनकी पुत्री के साथ मारपीट किया करता था। उनकी पुत्री के दो संतान है।

पासवा का शिक्षक सम्मान समारोह चार दिसंबर को

रांची। प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन, (पासवा) की ओर से शिक्षक गौरव सम्मान समारोह सह कार्यशाला का आयोजन आर्यभट्ट सभागार, मोरहाबादी में चार दिसंबर को होगा। प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे की अध्यक्षता में शिक्षकों के लिए बच्चों द्वारा मोबाइल का इस्तेमाल, एक चुनौती एवं नये सत्र में शिक्षक-छात्र संबंधों पर कार्यशाला से कार्यक्रम की शुरूआत होगी। पासवा अध्यक्ष आलोक दूबे ने बताया कि सम्मान समारोह का उद्घघाटन वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव करेंगे, जबकि मुख्य अतिथि पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद होंगे। उन्होंने कहा कि 2019 में तत्कालीन सरकार द्वारा आरटीई कानून में किए गए संशोधन को निरस्त करने की मांग, जमीन की बाध्यता कानून को लेकर एवं यूडाइस कोड के संदर्भ में पासवा का एक प्रतिनिधिमंडल शिक्षा मंत्री से मुलाकात भी करेगा। कार्यक्रम को लेकर आयोजित बैठक में लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, अरविंद कुमार, मनोज कुमार, राशिद अंसारी, मुजाहिद इस्लाम, डॉ सुषमा केरकेट्टा, अजय किशोर व अन्य उपस्थित थे।

पंकज मिश्रा के खिलाफ 5 महीने में भी दर्ज नहीं की एफआईआर : मरांडी

रांची। पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के मुताबिक पंकज मिश्रा और उनके सहयोगियों के मामले में साहेबगंज पुलिस लापरवाह है. वह कोर्ट के आदेश की भी परवाह नहीं करती है. अब उन्होंने इस मामले में डीजीपी से एक्शन लेने को कहा है. ट्विटर पर भी इसे शेयर किया है. कहा है कि इसी वर्ष साहिबगंज में 7 जुलाई को कोर्ट ने विजय हांसदा के शिकायत पर पंकज मिश्रा एवं अन्य के खिलाफ केस दर्ज करने को कहा था. उन पर अवैध खनन, एससी-एसटी एक्ट, आर्म्स एक्ट व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करने का आदेश जिरवाड़ाबाड़ी थाना को दिया था.

रांची के 50 स्कूलों के 17000 छात्रों के बीच चिन्मय मिशन, रांची द्वारा गीता गायन प्रतियोगिता आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

रांची। विगत 22 वर्षों की भांति इस वर्ष भी रांची के लगभग 50 स्कूलों के लगभग 17000 छात्रों के बीच चिन्मय मिशन, रांची द्वारा गीता गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जो कि जुलाई 2022 से विभिन्न विद्यालयों में चल रहे है। आज रविवार को पूर्वाह्न 10 बजे नगर स्तरीय गीता गायन प्रतियोगिता का दूसरे स्तर की प्रतियोगिता का कार्यक्रम संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि राँची के जाने माने समाजसेवी एव उद्योगपति श्री रामस्वरूप रुंगटा थे। श्री रुंगटाजी ने बताया कि गीता सभी धर्मों का आधार है, गीता जीवन जीने की मार्गदर्शिका है और जीवन मे समत्व कैसे लाए ये सिखाती है। आज के नगर स्तर की प्रतियोगिता में 12 विभिन्न विद्यालयोंके 140 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर चिन्मय मिशन के अध्यक्ष श्री आर. एस. अग्रवाल ने सभी छात्रों को बधाई दी और जीवन मे गीता के माध्यम से सफल होने की कामना की। सभा के सचिव श्री श्याम जी टोरका ने बताया कि विगत 22 वर्षों से चिन्मय मिशन द्वारा गीता गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है और लगभग 30 हजार छात्र इसमे भाग लेते आ रहे हैं। विगत दो वर्षों से कोरोना के कारण यह प्रतियोगिता ऑनलाइन करायी जा रही थी और लगभग 5000 से 6000 छात्रों द्वारा इसमे भाग ले रहे हैं । आने वाले समय में हमे पूर्ण विश्वास है कि हम पुनः 30 हजार छात्रों की प्रतियोगिता करवाएंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम के सहसचिव श्री अशोक अग्रवालजी ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए सभी बच्चों को प्रतियोगिता मे भाग लेने पर बधाई दी और कहा कि गीता जीवन जीने की निर्देशिका है। आज के बच्चे कल देश का भविष्य बनेंगे और गीता के माध्यम से भारत को आगे बढ़ाने और विश्वगुरु बनाने मे सहयोग करेंगे। इस कार्यक्रम मे ट्रस्ट सचिव श्री वी. के. गड्डयान, श्री प्रेम आर्य, श्री राजीव रंजन प्रसाद, श्री विजय सरायका, श्री अशोक मंगल जी की विशेष उपस्थिति रही।

61वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद वितरण

नवीन मेल संवाददाता

रांची। एमआरएस श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) के सदस्यों द्वारा गुरु महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रविवार को पुंदाग स्थित संस्था के निर्माणाधीन श्री कृष्ण प्रणामी (राधा-कृष्ण) मंदिर परिसर में 61वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद का वितरण किया। रांची शहर के प्रतिष्ठित समाचार पत्र शुभम संदेश के सम्पादक सुरजीत सिंह, स्थानीय सम्पादक संजय सिंह, पूर्वांचल सूर्य के वरिष्ठ पत्रकार नवल किशोर सिंह, राष्ट्रीय नवीन मेल के वरिष्ठ पत्रकार रौशन कुमार, प्रभात खबर के राजकुमार कौशिक, संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल के द्वारा

श्रद्धालुओं, निर्धन परिवार के सदस्यों, मंदिर के सामने के गुजरनेवाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच 61वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया। इससे पहले संस्था के सदस्यों ने श्री राज श्यामा जी भगवान एवं गुरु महाराज की फोटो पर चंदन-वंदन कर अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद अर्पित कर आये हुए अतिविशिष्ट अतिथियों को चंदन-वंदन कर अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल ने सभी अतिविशिष्ट अतिथियों को दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया। 61वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन संस्था की वरिष्ठ सदस्य रमा देवी डोकानिया ने अपने स्वर्गवासी पति श्याम सुंदर डोकानिया की स्मृति मे परिवार के कमल खेतावत, रेखा खेतावत के सौजन्य से किया। भंडारे में संस्था ने पूड़ी, आलू-टमाटर की मिश्रित सब्जी, केसरिया जलेबी, जीरा राइस एवं खीर का वितरण किया। इस दौरान लगभग 1500 से ज्यादा श्रद्धालुओं ने प्रसाद प्राप्त किया। अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, ओम प्रकाश सरावगी, सज्जन पाड़िया, विष्णु सोनी, कमल खेतावत, मनीष सोनी, शिव भगवान अग्रवाल, नवल टिबड़ेवाल, ज्ञान प्रकाश शर्मा, पवन पोद्दार (ताउ), सुरेश चौधरी, शंकरलाल मोदी, धीरज कुमार गुप्ता, परमेश्वर साहु, चंद्रदीप साहु, महिला समिति की रमा देवी डोकानिया, रेखा खेतावत, संतोष देवी अग्रवाल, चंदा देवी अग्रवाल, मंगला मोदी, शारदा खंडेलवाल, अमिता जालान के अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे। यह सभी जनकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजू अग्रवाल) ने दी।

वकालत अध्यात्म से जुड़ा पेशा है : तपेन सेन

रांची। अधिवक्ता परिषद् झारखंड की ओर से रविवार को नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ (एनयूएसआरएल), रांची में लॉ कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए राज्यस्तरीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता-2022 का आयोजन किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश तपेन सेन थे। उन्होंने वकालत पेशे, इसकी ड्रेस की महत्ता पर विस्तार से चर्चा की। कहा कि वकालत पेशा अध्यात्म से जुड़ा पेशा है, जिसमें पेशे की अच्छाइयों से एक वकील वास्तविक समाजसेवा करता है। सेवानिवृत्त जस्टिस एनएन तिवारी ने प्रतिभागियों को भारत की वर्तमान परिस्थिति में विभिन्न कानूनों की उपयोगिता और उससे होनेवाले प्रभाव के बारे में जानकारी दी। वहीं, वरीय अधिवक्ता सह कार्यक्रम संरक्षक अनिल कुमार कश्यप ने विद्यार्थियों को अधिवक्ता परिषद् के उद्देश्य और कार्यों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि अधिवक्ता परिषद् का मूल उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाना है। इसके बाद अधिवक्ता परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र कुमार मिश्र ने परिषद् के क्रियाकलापों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। झारखंड स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन सह कार्यक्रम संयोज राजेंद्र कृष्ण ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य सह कार्यक्रम संरक्षक प्रशांत कुमार सिंह ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्द्धन किया।

श्रमदान से तीन किमी लंबी सड़क का हो रहा निर्माण

रांची। प्रखंड की बरवादाग पंचायत के चुंदरी फॉल तक सड़क बनाई जा रही है। सड़क का निर्माण सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो के सहयोग से आजसू कार्यकर्ता कर रहे हैं। विधायक ने इसके लिए तकनीकी मशीनें व्यक्तिगत खर्च पर उपलब्ध कराई है। आजसू कार्यकर्ता बुधराम बेदिया, शंकर मुंडा, सत्यनारायण मुंडा, शंकर बेदिया, बुधराम बेदिया और महेश्वर बेदिया आदि श्रमदान कर रहे हैं। झाड़ियों को काटकर सड़क बनाई जा रही है। ज्ञात हो कि चुंदरी फॉल बरवादाग पंचायत के सुदूर जंगल के बीच स्थित है। पहुंच पथ नहीं होने के कारण यहां आने के लिए रांची-मुरी मार्ग से एक घंटे पैदल चलना पड़ता था। अब तीन किमी कच्ची सड़क का निर्माण होने से यहां पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी और स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा।

झारखंड ड्रैगन बोट एसोसिएशन की आमसभा व नई प्रदेश समिति का गठन

सर्वसम्मति से बीसी ठाकुर अध्यक्ष, संतोष प्रसाद महासचिव व दीपक कुमार कोषाध्यक्ष बनाये गये

नवीन मेल संवाददाता

रांची। भारतीय ड्रैगन बोट फेडरेशन के निर्देशानुसार रविवार को स्थान होटल महाराजा इन, कचहरी चौक, रांची के सभागार में बीसी ठाकुर की अध्यक्षता में झारखंड ड्रैगन बोट एसोसिएशन का गठन वर्ष 2022 से लेकर 2026 तक के लिए गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से बीसी. ठाकुर अध्यक्ष, संतोष प्रसाद महासचिव एवं दीपक कुमार कोषाध्यक्ष चुने गए तथा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 4 दिसंबर 2022 को नवनियुक्त अध्यक्ष एवं महासचिव की सहमति से अन्य रिक्त पदों पर कमेटी का विस्तार किया जाएगा, साथ ही साथ

सर्वसम्मति से दसवीं सीनियर राष्ट्रीय ड्रैगन बोट रेसिंग प्रतियोगिता 2022 जिसका आयोजन 09 दिसंबर से 11 दिसंबर तक चंडीगढ़ में आयोजित हो रही है, उसमें झारखंड के पुरुष एवं महिला टीम की सभी इवेंटो में आवश्यक पूरा खेल किट (ट्रैकसूट टी-शर्ट, जर्सी निकर इत्यादि) के साथ प्रथम भागीदारी सुनिश्चित कराने का निर्णय लिया गया। झारखंड पुरुष व महिला टीम 06 दिसंबर 2022 को रांची रेलवे स्टेशन से प्रस्थान करेगी।

राजधानी में जरूरतमंदों के बीच समाजसेवी ज्योति शर्मा ने बांटे कंबल

रांची। राजधानी में ठंड का कहर जारी है. हाड़ कंपाने वाली ठंड से लोग परेशान हैं. वहीं सबसे ज्यादा परेशानी फुटपाथ पर रात गुजारने वालों को हो रही है. उनकी इस परेशानी को कम करने को लेकर समाजसेवी ज्योति शर्मा ने कंबल वितरण करने की योजना बनाई है. लोगों का कहना है कि गरीबों की सेवा ही मानव सेवा है। रविवार को अपर बाजार महावीर चौक स्थित श्री शिव साईं मंदिर में कंबल वितरण किया गया. ज्योति शर्मा ने कहा कि ठंड बढ़ रही है. हमारे आसपास में कई ऐसे भी लोग हैं, जिनके पास ठंड से बचने का कोई उपाय नहीं है. दिन में 12 बजे साईं बाबा की आरती के बाद कंबल का वितरण जरूरतमंदों के बीच किया गया. मौके पर मोनू गुप्ता, अमर शर्मा,गुरप्रीत सिंह, अरविंद,राहुल, संजय, बिट्टू, मृत्युंजय समेत अन्य मौजूद थे.

एक दूजे के अटूट बंधन में बंधे 51 नव दंपति जोड़े

वात्सल उत्सव में 200 दिव्यांग जनों को व्हीलचीयर्स सहित कई उपकरण प्रदान किये गये

नवीन मेल संवाददाता

रांची। विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के तत्वाधान में तथा अन्य समाजिक संस्थाओं एवं गणमान्य व्यक्तियों के सहयोग से गौशाला प्रांगण सुकूरहुटू कांके में नर-सेवा ही नारायण- सेवा के तहत सामूहिक विवाह सह वात्सल्य उत्सव का आयोजन किया गया। सामूहिक विवाह में 51 जोड़े सात जन्मों के रिश्ते में बंध गए। सामूहिक विवाह में 26 जोड़ो की शादी समाजसेवी मुरारी अग्रवाल एवं सरोज अग्रवाल तथा पुत्री नेहा अग्रवाल एवं दामाद प्रवीण अग्रवाल के विवाह वर्षगांठ के अवसर पर तथा 25 जोड़ो का शादी राजीव केडिया मुन्ना की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर उपहार स्वरूप भेंट की गई। झारखंड के विभिन्न जिलों से आए

सभी 51 नवविवाहित जोड़ों का विवाह पूरे रस्मो, बारात, वरमाला, फेरों एवं वैदिक मंत्रोचार के साथ संपन्न हुआ। सभी जोड़ों को गृहस्थी के सामग्री एवं सामानों के साथ- साथ विवाह का प्रमाण पत्र दिया गया। समारोह में आए सभी सम्मानित अतिथियों ने सभी 51 जोड़ो नव दंपतियों को आशीर्वाद देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूरा परिसर फूलों से सजाया गया था। वात्सल्य उत्सव में अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति व 200 दिव्यांग जनों एवं विशेष प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत किया गया। दिव्यांग जनों को व्हीलचेयर्स, एल्बो, छड़ी, वैशाखी, वाकर आदि का वितरण किया गया। सभी दिव्यांगों ने उपकरण पाकर खुशी से लबरेज दिखे। तथा आयोजको का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में वृद्धाश्रम से आए सभी वृद्ध जनों को सेवा देते हुए सम्मानित किया गया। तथा वात्सल्य उत्सव में पधारे 40 किन्नर समुदायों को आदर-सत्कार करते हुए सम्मानित किया गया। उत्सव में छऊ नृत्य मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कई स्कूलों के बच्चों ने रंगारंग नृत्य- संगीत से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह गौ- सेवा के साथ किया। सामूहिक विवाह समारोह में पधारे सभी वर- वधू पक्ष के सभी बारातियों एवं सभी गणमान्य लोगों के लिए विशेष पकवान परोस कर स्वागत सम्मान किया गया। उक्त जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि समारोह में- विहिप सेवा विभाग के प्रांतीय प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल, विहिप के केंद्रीय पदाधिकारी जगरनाथ शाही, कैलाश केसरी, मुरारी अग्रवाल, मधुसूदन बुधिया, राजीव केडिया, उप मेयर संजीव विजयवर्गीय, प्रदीप राजगढ़िया, ओपी अग्रवाल, मुकेश काबरा, भानु प्रकाश जालान, बसंत कुमार मित्तल, रवि शंकर शर्मा, संजय सर्राफ, नीरज भट्ट,फतेह चंद्र जैन, उम्मेद मल जैन, भगवती भुवालका, वीरेंद्र साहू, शत्रुघ्न गुप्ता, सोहन दारूका, अरविंद सोमानी, विकास अग्रवाल, वासुदेव भाला, रोहित शारदा, अरविंद बंका, मनीष लोधा, सतीश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, नरेश बंका, नीलेश अग्रवाल, प्रेम अग्रवाल, विक्रम खेतावत, अनु पोद्दार, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

मारवाड़ी कॉलेज में स्पोर्ट्स लीडर की 350 रिक्तियां लेकर आ रही कंपनी

रांची। खेलकूद में अभिरुचि रखनेवाले छात्र-छात्राओं के लिए अच्छी खबर है। उन्हें अपने शौक को करियर में बदलने का अवसर मिलने वाला है। मारवाड़ी कॉलेज के प्लेसमेंट सेल की ओर से फ्रांस की खेल उत्पादों की मशहूर कंपनी डेकाथलॉन इटफील्ड का कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित होने जा रहा है। कंपनी देशभर में स्पोर्ट्स लीडर पद की 350 रिक्तियां लेकर आ रही है। बता दें कि, वर्ष 1976 में फ्रांस में स्थापित डेकाथलॉन इटफील्ड सबसे बड़ा फ्रांसीसी खेल सामग्री रिटेलर है। दुनिया के 35 देशों में इसके 1200 स्टोर हैं।
इस प्लेसमेंट ड्राइव में वैसे छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते हैं, जो स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, राज्य या राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके हैं। आवेदन के लिए उन्हें अपना खेल प्रमाणपत्र जमा करना अनिवार्य होगा।

जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर रांची सांसद नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल

नवीन मेल संवाददाता

रांची। जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के तत्वाधान में नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में रांची सांसद संजय सेठ ने भी हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व फाउंडेशन के प्रमुख इंद्रेश ने किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। श्री सेठ ने कहा कि स्थापना काल से ही भाजपा-जनसंघ ने अपने एजेंडे में जनसंख्या नियंत्रण कानून और कॉमन सिविल कोड को रखा है। गृहमंत्री अमित शाह ने इस मामले में गंभीरता दिखाई है। राम मंदिर, तीन तलाक, धारा 370, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर जैसे कई मामलों पर सरकार ने निर्णायक कदम उठाया है। कार्यक्रम में देशभर से आए लोगों को संबोधित करते रांची सांसद ने कहा कि इस

मुद्दे पर सदन में मैंने तीन बार अपनी बात रखी है। अभी शीतकालीन सत्र में भी जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर सरकार से मैं आग्रह करूंगा कि देश के हित में यह कानून अविलंब बनाया जाए और इसे लागू किया जाए। श्री सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार जनसंख्या नियंत्रण कानून और कॉमन सिविल कोड जैसे मुद्दों पर निर्णायक कदम उठाएगी, यह पूरे देश को विश्वास है। इस कार्यक्रम में झारखंड सहित देशभर से आए सभी भाइयों-बहनों का उन्होने अभिनंदन करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

न्यूज गैलरी

कादोपानी शिव मंदिर प्रांगण में रौतिया समाज की हुई बैठक

बोलबा। बोलबा प्रखंड के कादोपानी पंचायत अन्तर्गत भंडारटोली शिव मंदिर परिसर मे अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद की हुई बैठक । बैठक मे 26 से 29 दिसंबर तक 25 वां बख्तर साय एवम मंडल सिह स्मृति में विराट रौतिया सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया । जिसमे झरखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मुख्य अतिथि के रूप मे आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। बैठक मे प्रखंड अध्यक्ष रामजतन सिंह, सचिव पीताम्बर सिंह, दिलीप सिह, मधुसूदन सिंह, नित्यानंद सिह, पारसनाथ सिंह, रूप लाल सिंह, गोविंद सिंह, मुकेश सिह, ललिता देवी , सुखमणि देवी, उर्मिला देवी, कमला देवी एवम पदमावती देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

राजाबासा एवं गुटबहार पंचायत में मनाया गया कटनी पर्व

ठेठईटांगर। प्रखंड के राजाबासा एवं घुटबहार पंचायत अंतर्गत केसरा,राजाबासा,डोभापानी एवं गांदुटोली, मंडली के भाई-बहनों संयुक्त रुप से धूमधाम से कटनी पर्व का आयोजन रविवार को किया उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में कोलेबिरा बिधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी शामिल हुए। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि सबसे पहले तो आप लोगों को कटनी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं साथ ही उन्होंने कहा, आज हमें एकजुट होकर रहना होगा,नहीं तो हमारे बिरोधी हमारे हक और अधिकार को लुटने के लिए लगे हैं। हमारा देश धर्म निरपेक्ष देश है, लेकिन कुछ लोग उसे खत्म करना चाहते हैं साथ ही उन्होंने कहा आप सच्चे मसिही बने ,रोज सुबह शाम प्रार्थना करें, बाईबल पढ़े, एवं बंटवारे की राजनीति से बचे। मौके पर बिधायक प्रतिनिधि सह अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष राशेल लकड़ा, प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि जॉनसन डांग,राजाबासा पंचायत के सुकुन जोजो, प्रखंड सचिव कांग्रेस पार्टी प्रिंस कुमार, घुटबहार पंचायत अध्यक्ष सुनील जोजो, सुनील बागे, रावेल बागे, नमलेन समद,अम्रीत समद, पंचायत समिति सदस्य जोजीर्ना समद,मोजेस समद, जीवन समद, आदि मौजूद रहे।

जमशेदपुर में 2 साल बाद जैम स्ट्रीट का आयोजन

जमशेदपुर। जमशेदपुर में 2 साल बाद जैम स्ट्रीट का आयोजन बिष्टुपुर में किया गया। रविवार की सुबह जमशेदपुर शहर में आम लोगों के लिए जैम स्ट्रीट मे भाग ले मस्ती करते नजर आए। जिसमें लोग आपने हर तरह के हुनर के साथ पहुंच कर लोगों का मनोरजन किया है ।यह जैम स्ट्रीट दो साल के बाद हुआ है। कोरोना काल में यह बन्द था। आज मानो पूरा शहर सडक पर उतर गया हो। कोई डांस कर रहा है तो कोई अपनी कला दिखा रहा है तो कोई झूम रहा है। कुछ बच्चे स्केटिंग करते नजर आए। वही कुछ बच्चे कराटे का कर्तव्य दिखाते नजर आए ,वही कुछ घुड़सवार भी पहुंचे। विभिन्न प्रकार के स्टाल भी लगाए गए थे, जिसका जमशेदपुर वासियों ने जमकर लुफ़्त उठाया ।कई युवा अपने शरीर में टैटू बनवाते हुए भी नजर आए।। जमशेदपुर में विदेशो के तर्ज पर जैम स्ट्रीट हुआ करता था, लेकिन दो सालो से कोरोना के कारण यह बन्द था । जुस्को का मानना है की इंसान को स्वस्थ रहने के लिए सुबह सुबह अपना कुछ न कुछ एक्टिवटी को करना चाहिए।

हरिहरपुर जामटोली गांव में ओडीए ने जामटोली में कंबल वितरण किया

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली गांव में ओडीए संस्था रांची के द्वारा 50 जरूरतमंदों महिला,पुरुषों के बीच कंबल व वस्त्र वितरण किया गया। वही संस्था के अध्यक्ष सुनीता वर्मा, सचिव आशीष कुमार और मत्स्य मित्र चरवा उरांव ने ग्रामीणों के बीच गांव के विकास के संबंध में विस्तार से चर्चा किया गया। इस मौके पर हरिहरपुर जामटोली गांव के ग्राम प्रधान रामप्रसाद लोहरा, वार्ड सदस्य गोयंदा उरांव, समाजसेवी गोविंद गोप, लुइस फ्रांसिस एक्का ,जतरू उरांव, जोसेफ उरांव, सोमरा उरांव, गोयंदा मिंज, लखन लोहरा ,मोहन लोहरा ,बिरसा उरांव, सोहन लोहरा ,दयाल उरांव, बेनेदिक तिर्की ,जोसेफ लकड़ा सहित कई लोग उपस्थित थे।

सैकड़ों शिक्षकों ने मंत्री बन्ना गुप्ता से की मुलाकात, बोले मंत्री

जल्द दूर होगी शिक्षकों की समस्याएं

नवीन मेल संवाददाता

जमशेदपुर। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ, पूर्वी सिंहभूम जिला कमेटी के नेतृत्व में सैकड़ों शिक्षकों ने स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता से रविवार को उनके जमशेदपुर स्थित आवासीय कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान उन्हें चार सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। इन मांगों पर शीघ्र पहल कर समस्या समाधान का निवेदन किया। शिक्षक नेता सुनील कुमार के अनुरोध पर मंत्री ने कहा कि शिक्षकों की मांगें पूरी करने हेतु वे लगातार प्रयासरत हैं और आगे भी रहेंगे। उन्होंने इस संबंध में कहा कि मुख्यमंत्री को भी निवेदन कर शीघ्र समस्या समाधान का अनुरोध किया है तथा शिक्षकों की समस्याओं को पूरा करने हेतु मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का भी दृष्टिकोण सकारात्मक है। साथ ही उन्होंने कहा कि इस संबंध में शीघ्र ही एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें संघ के प्रतिनिधिमंडल को भी आमंत्रित किया जाएगा। उपस्थित शिक्षकों ने संघ की चार सूत्री मांगों पर किए जा रहे आंदोलन में स्वास्थ्य मंत्री को सब मांगों के पूरा करने हेतु उनकी सार्थक पहल एवं गंभीर प्रयास हेतु आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से शिक्षक नेता सुनील कुमार, सरोज कुमार लेंका, संजय कुमार, अनिल प्रसाद, सुनील कुमार यादव, ओम प्रकाश सिंह, माधिया सोरेन, भूरका बयार बेसरा, अजम्बर सिंह सरदार, कमलेश्वर कुमार, अनिल राय, बूटा अर्चना, सुनीता कच्छप, संजीव नामता, सुब्रतो कुमार मल्लिक, गणेश कुमार, आशुतोष कुमार, अरुण ठाकुर, अरुण झा, दास बेसरा, मनोज कुमार, ओम प्रकाश सिंह, शशि भूषण मेहता आदि सैकड़ों शिक्षक उपस्थित थे।

- चार सूत्री मांगों को लेकर शिक्षकों ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन
- मांगों पर शीघ्र पहल करने का अनुरोध

घघारी में तीन दिवसीय मकर संक्रांति मेला को लेकर बैठक का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

लापुंग। लापुंग के ऐतिहासिक घघारी बाबा धाम में 14 जनवरी मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाले तीन दिवसीय मेला के सफल आयोजन को लेकर रविवार को घघारी बाबाधाम स्थित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का आयोजन घघारी बाबा प्रबंध समिति के अध्यक्ष गंगाधर साहू की अध्यक्षता में की गई। बैठक के दौरान तीन दिवसीय मकर संक्रांति मेला को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। वही मेला परिसर में विधि व्यवस्था बहाल करने को लेकर चर्चा विमर्श किया गया। बैठक के दौरान विभिन्न गांवों से आकर मेले परिसर में लगाने वाले दुकानों समेत मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी पूरी तैयारी की जा रही है। बैठक के दौरान मेला के सफल आयोजन को लेकर अलग-अलग टीमों का गठन कर पूरे जोरों शोरों से मेला की तैयारी की जा रही है। बैठक में राजकमल गोप, राजधन शेखर सिंह, मुखिया दुर्गा उरांव, श्यामकमलकिशोर सिंह, मनबोध सिंह, सुनील उरांव, संजय समेत कई लोग बैठक में मुख्य रूप से मौजूद थे।

भवनाथपुर में आयोजित आयुष मेला में 1930 मरीजों की हुई निःशुल्क इलाज

नवीन मेल संवाददाता

भवनाथपुर। ब्लॉक परिसर में दो दिनों तक आयोजित हुए प्रखंडस्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला में 1930 मरीजों का निःशुल्क इलाज कर दवा दी गई।

मेला के अंतिम दिन रविवार को जिला आयुष पदाधिकारी डॉ कृष्ण कुमार तथा कार्यक्रम के संचालक आयुष चिकित्सक नितेश भारती स्टॉल का कमान खुद संभालते हुए मरीजों के जांच में लगे हुए थे। मौके पर जिला आयुष पदाधिकारी डॉ कृष्ण कुमार ने मेला में जांच कराने पहुंचने वाले लोगों को आयुष पद्धति के संबंध में जागरूक करते हुए इसे विश्व का सबसे प्राचीन चिकित्सा पद्धति बतलाते हुए लोगों को अपने जीवन में लागू करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम आप सबों को जागरूक करने के उदेश्य से आयोजित की गई थी,अब आयुष पद्धति से जांच कराने तथा दवा के लिए भवनाथपुर के पुराने ब्लॉक कार्यालय में आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर खोल दिया गया है। जिसमें आयुर्वेदिक और गैर संचारी चिकित्सा पद्धति से मरीजों का इलाज कर दवा दिए जाने के अलावे आपको योगा की भी क्लास नियमित चलेगी। मौके पर आयुष डॉ अभिनीत विश्वास, निशंक निश्रम, रिजवान, जावेद, रीना भारती, जियाउल मुश्तफा, मुश्तकीम, योग शिक्षक संतोष पांडेय, शंकर प्रिय राम,डॉ अविनाश राज के अलावे एएनएम गुलाब खलखो,रानी कुमारी आदि कार्यक्रम की सफलता में सहयोग किए।

खूरी गांव में बिजली विभाग की बड़ी कार्रवाई

अवैध रूप से बिजली जलाते पांच व्यक्ति धरायें

नवीन मेल संवाददाता

चिनियां। थाना क्षेत्र के खूरी गांव में बिजली विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए छापेमारी अभियान चलाकर 5 लोगों को अवैध रूप से बिजली जलाते हुवे पकड़ा है । व सभी पांचों लोगों के विरुद्ध छाती पूर्ति का जुमार्ना लगाते हुए चिनिया थाने में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135/138 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है । सभी खूरी गांव के प्राथमिक अभियुक्त रमेश यादव पिता पवन यादव, लालू प्रसाद गुप्ता पिता स्वर्गीय जोखु साह, यह दोनों अपने विद्युत मीटर के बाईपास से अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा का उपयोग करते पाए गए। इन दोनों के ऊपर 4500 का जुमार्ना लगाया गया। वही राजकुमार यादव पिता स्वर्गीय रघुनाथ यादव यह अपने घर के विद्युत मीटर से पहले टोका फंसा कर अवैध रूप से कृषि पंप चलाते हुए पाए गए। इनके ऊपर 8700 का जुमार्ना लगाया गया। वही अशरफी यादव पिता गणेश यादव ये नवनिर्मित मकान में मुख्य एलटी लाइन से अवैध रूप से टोका फंसाकर विद्युत ऊर्जा का उपयोग करते पाए गए। इनके ऊपर 9600 का जुमार्ना लगाया गया, वहीं गांव के ही राजन साह पिता स्वर्गीय गोपाल साह यह अपने घरेलू विद्युत मीटर से टोका फंसा कर अपने दुकान में विद्युत ऊर्जा का उपयोग करते पाए गए इनके ऊपर 12200 का जुमार्ना लगाया गया है । वहीं बिजली विभाग की इस बड़ी कार्रवाई से अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वालों में हड़कंप है । वहीं मामले में बिजली विभाग के कनीय अभियंता दीपक कुमार ने बताया कि वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर यह छापेमारी अभियान चलाई गई। जिसमें अवैध रूप से बिजली जलाने के मामले में खूरी गांव से 5 लोगों को पकड़ा गया है। सभी के ऊपर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, और इस तरह का छापेमारी अभियान आगे भी विभाग के द्वारा चलता रहेगा। छापेमारी अभियान में कन्या विद्युत अभियंता दीपक कुमार, बिजली विभाग के सिकंदर कुमार, विद्युत मिस्त्री तम्जिद मंसूरी, सुमंत कुमार चंद्रवंशी, रामानंदन सिंह, का नाम शामिल है।

इलाज के दौरान युवक की हुई मौत

बालूमाथ। पत्नी से हुए विवाद के बाद सल्फास की गोली खाने वाले युवक की रांची रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई है। उक्त युवक बालूमाथ थाना क्षेत्र के धाधू पंचायत अंतर्गत मूरगांव गांव निवासी भूखन गंजू का पुत्र फुलदेव गंजू हैं जिसने पत्नी से हुए विवाद के बाद सल्फास की गोली खा ली थीं। जिसे स्थानीय लोगों एवं परिजनों ने गंभीर अवस्था में शनिवार की दोपहर में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया था। जहां पर डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार ने फुलदेव गझु की स्थिति को गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया था। जहां पर शनिवार की देर रात रांची रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के शव की आज रविवार की संध्या बेला तक पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। मृतक के पांच छोटे-छोटे बच्चे हैं।

'संविधान में रखो आस्था मत चुनो गलत रास्ता' के उद्घोष के साथ निकाली गयी प्रभात फेरी

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची के निदेर्शानुसार लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल के मार्गदर्शन में डालसा, लोहरदगा दिनांक 26 नवंबर से 02 दिसंबर तक 'संविधान सप्ताह' मना रहा है। जिसकी विधिवत शुरूआत संविधान दिवस के दिन संविधान के प्रस्तावना पाठ के साथ किया गया था, उसी कड़ी में सामान्य जन मानस में संविधान के प्रति आदर भाव जागृत करने के आशय से 'प्रभात फेरी' निकाली गई। लोहरदगा न्यायमंडल के, माननीय न्यायाधीशों ने डालसा सचिव के अनुरोध पर कार्यक्रम की अगुवाई की। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए डालसा सचिव राजेश कुमार ने कहा कि संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकार एवं मूल कर्तव्य के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य 'प्रभात फेरी' निकाली गई जिसमें 500 से अधिक बच्चे हाथ में नख्तिया, पोस्टर, बैनर लेकर, शहर के लोगों को संविधान के प्रति जागरूक किया। दिनांक 29 नवंबर को भी संविधान की महत्व तथा मौलिक कर्तव्य को लेकर विद्यालयों में प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रतिभागियों को डालसा, लोहरदगा सर्टिफिकेट भी प्रदान करेगी। सप्ताह भर चलने वाले 'संविधान सप्ताह' कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए पैनल अधिवक्ताओं, पैरा लीगल वालंटियर्स, न्यायिक कर्मी एवं जिला पुलिस बल का सहयोग लिया जा रहा है।

28वीं राष्ट्रीय जूनियर थांग-टा के लिए झारखंड दल मणिपुर रवाना

धनबाद । थांग-टा फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में आगामी 1 दिसंबर से इम्फाल, मणिपुर में आयोजित होने वाली 28वीं राष्ट्रीय जूनियर थांग-टा चैंपियनशिप में राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए झारखण्ड थांग- टा संघ की तेरह सदस्यीय दल धनबाद रेलवे स्टेशन से मणिपुर के लिए रवाना हो गई. टीम के नेतृत्व की जिम्मेदारी कोच कृष्णा कुमार शाव (धनबाद) तथा मैनेजर सोनामोती कुमारी (पलामू) को सौंपा गया है जबकि खिलाडियों में सरीब खान, सोनम कुमारी, अम्बी खातून (सभी पलामू) मुश्कान कुमारी तथा इंदु कुमारी (गढ़वा), करिश्मा कुमारी, पल्लवी कुमारी, राधिका सहाय, सुमित टुडू, मनीष राम तथा सौरभ भारती (सभी धनबाद) को शामिल किया गया है।

जिले में लंबित परिवाद पत्र की सुनवाई करेंगे राज्य खाद्य आयोग के सदस्य

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी, सदस्या शबनम प्रवीण एवं आयोग के अन्य 3-4 कर्मी, दिनांक 28.11.2022 को लोहरदगा जिला के भ्रमण पर रहेंगे। इस दौरान अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा लंबित परिवाद पत्र की सुनवाई तथा जिले के सभी 66 पंचायतों के मुखिया से संवाद जन सुनवाई किया जाएगा। प्रस्तावित कार्यक्रम 28.11.2022 को पूर्वाह्न 09.00 बजे लोहरदगा परिसदन भवन में आगमन, पूर्वाहन 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक नया नगर भवन लोहरदगा (लोहरदगा प्रखंड परिसर) में लोहरदगा जिले के सभी प्रखण्डों के पंचायतों के मुखिया से संवाद, अपराह्न 02:30 बजे से अपराह्न 04.30 बजे तक नया नगर भवन लोहरदगा (लोहरदगा प्रखंड परिसर) में जन सुनवाई एवं जन सुनवाई हेतु जिले अन्तर्गत खाद्य सुरक्षा अधिनियम से अच्छादित योजना, जन वितरण, मध्याह्न भोजन योजना, आंगनवाड़ी केन्द्र एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से संबंधित सुनवाई एवं जनसुनवाई। खाद्य सुरक्षा अधिनियम से लाभान्वित लाभुक यथा; जन वितरण, मध्याह्न भोजन योजना, आंगनवाड़ी केन्द्र एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से संबंधित अपनी शिकायत रख सकते हैं। दिनांक 29.11.2022 को लोहरदगा से गुमला जिला के लिए प्रस्थान ।

28 नवंबर को लोहरदगा जिला के भ्रमण पर रहेंगे राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष व सदस्य

जमीयत उलेमा-ए-हिन्द के द्वारा लोहरदगा में सद्भावना संसद का हुआ आयोजन, बोले शाह उमैर

गंगा-जमनी तहजीब को इनकार कर अखंड भारत का सपना बेकार

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। जमीयत उलेमा झारखंड जिला लोहरदगा के द्वारा सद्भावना संसद का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता जमीअत उलेमा जिला लोहरदगा के अध्यक्ष मौलाना अहसन इमाम मजाहरी ने किया और संचालन पत्रकार गुलाम शाहिद ने किया। प्रोग्राम के मुख्य अतिथि जमीअत उलेमा झारखंड के कोषाध्यक्ष शाह उमैर और विशिष्ट अतिथि लिवेंस एकेडमी के फादर थॉमस, थाना प्रभारी पंकज कुमार शर्मा, मास्टर राम चंद्र गिरी, माले नेता महेश कुमार सिंह, राजद के बालमुकुंद लोहरा, पार्षद दिनेश पांडे, प्रोफेसर शंभू कुमार, जमीअत उलेमा-ए-हिन्द झारखंड के महासचिव मौलाना डॉक्टर असगर मिस्बाही आदि मौजूद थे। आए हुए सभी मेहमानों का जमीअत उलेमा लोहरदगा के जिला महासचिव मौलाना अब्दुल हमीद और उनकी टीम ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया। फादर थॉमस ने कहा कि सद्भावना संसद के आयोजन कर्ता को मुबारकबाद पेश करते हैं। इस तरह के प्रोग्राम से आपसी दूरी मिटेगी। वहीं मुख्य अतिथि शाह उमैर ने कहा कि गंगा जमुनी तहजीब के बगैर अखंड भारत नहीं बन सकता। हमें अपने समाज, अपने देश से प्यार करना होगा। हमें एक दूसरे के दुख दर्द में शामिल होकर और नफरत को मिटाकर मोहब्बत को फैलाना होगा। वहीं पत्रकार कयूम खान ने कहा कि भारत देश एकता में अखंडता की मिसाल है। हिंदू या मुस्लिम के एहसासात को मत छेड़िए, अपनी कुर्सी के लिए जज्बात को मत छेड़िए। प्रोफेसर अरशद मोमिन ने कहा कि यह आपस के झगड़े मिटा देंगे हमको। मास्टर लुकमान ने कहा कि हमें अपने आसपास और समाज में अच्छे लोगों के साथ उनकी अच्छाई को सामने रखकर काम करना है तब बुराई खुद ब खुद खत्म हो जाएगा। मौलाना अब्दुल हमीद ने कहा कि आज का यह कार्यक्रम हमारे प्रखंड के लोगों ने कामयाब किया है। हमारी एक आवाज पर उन्होंने साथ दिया। काजी शरियत मुफ्ती मोहम्मद उमर फारूक ने कहा कि हमें हर धर्म व उसके मानने वालों का सम्मान करना चाहिए। मौलाना गुलाम मुस्तफा ने कहा कि जमीयत उलेमा हिंद देश को जोड़ने का काम किया है। पार्षद दिनेश पाण्डेय जी ने कहा कि जमीअत उलेमा का यह पहल अच्छी है, और यह पहल रुकना नहीं चाहिए। महेश कुमार सिंह उर्फ सांवरिया जी ने कहा कि हमारी कथनी और करनी में फर्क नहीं होना चाहिए। मौके पर जियाउद्दीन जाहिद, जमीयत के उपाध्यक्ष ताबीश आलम, किशोर कुमार वर्मा, प्रोफेसर शंभू कुमार, मास्टर राम चंद्र गिरी, मौलाना नसीम रहमानी कैरो, मौलाना मेराज, मौलाना गुलाम रब्बानी, मौलाना खलील, मास्टर समीद, मौलाना परवेज, मौलाना मुंतजिर, मुफ्ती उमर, हाजी जहीरुल इस्लाम, मौलाना अब्दुल कयूम बलसोकरा समेत सैंकड़ों लोग मौजूद थे।

धीमी गति से हो रहा है बोहटा नदी में पुल का निर्माण कार्य

नवीन मेल संवाददाता

महुआडांड़। -चटकपुर से पोटमाडीह के बीच बोहटा नदी में पुल निर्माण का कार्य कछुआ चाल चल रहा है। पुल का शिलान्यास 29 नवंबर 2020 को हुआ। इस तरह देखा जाये तो संवेदक के द्वारा इन दो वर्षो में पुल निर्माण का कार्य समय अनुसार बहुत कम किया गया है, जब जांच में स्थल पर पहुंची जिला परिषद सदस्य सह सासंद प्रतिनिधि इस्तेला नगेसिया तो पूल निमार्ण कार्य बंद पाया है। वही मिस्त्री कार्य करने बंगाल से आये मिस्त्री पोलटू ने बताया कार्य बंद है। संवेदक बकाये का पैसे भी नही दे रहा है, हफ्ते में खुराकी देने की बात थी. दो हफ्ते तक मिला, अब बंद है, घर जाने को पैसा नही है, इस दौरान जिला परिषद सदस्य ने कहा पुल निर्माण कार्य घटिया एवं दो साल में पूर्व करना था, लेकिन 25 प्रतिशत ही कार्य हुआ है। शिलान्यास में लगा बोर्ड पर राशि भी अंकित नही है, जबकि इस पुल निर्माण के कार्य में दोबारा डीपीआर बना राशी बढ़ाई गई है, जो इस क्षेत्रो के ग्रामीण जनता के साथ धोखा है। मजदूर का पैसा भी नही दिया जा रहा है। इस विषय में उपायुक्त को पत्र लिखा जायेगा और संबंधित इंजिनियर के खिलाफ कार्रवाई की मांग कि जायेगी।

न्यूज गैलरी

सोहराय सम्मेलन को लेकर आदिवासी समाज की बैठक संपन्न

बरकट्ठा। भारत जकात मांझी परगना महल समाज की बैठक धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुंड धाम में बैठक रविवार को की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रामजी बेसरा व संचालन प्रखंड सचिव मनोज मुर्मू ने की। बैठक आगामी सोहराय सम्मेलन सफल बनाने को लेकर की गई। इस दौरान रामजी बेसरा ने लोंगो से कहा कि आगामी 14 जनवरी को सूर्यकुण्ड में सोहराय सम्मेलन धुमधाम से आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल होंगे। मौके पर समाज के लोगों ने सोहराय सम्मेलन को सफल बनाने में अपनी अपनी जिम्मेवारी निभाने की बात कही। इस अवसर पर रामु टुडू, रामकुमार मुर्मू, जीवलाल मरांडी, छोटू बासके, किशुन बासके, बंशी मांझी, मुकेश टुडू, मनोज मुर्मू, शुशील मरांडी, सुनील मुर्मू, विशुनाथ बासके, बाबूलाल हेमरोम, काली टुडू समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

स्कॉर्पियो ने बाईक सवार को मारा टक्कर, बाइक पर सवार पिता पुत्री घायल

बरही। बीते रात्रि शनिवार को करीब 8 बजे करियातपुर चौक पर एक स्कॉर्पियो संख्या जेएच10एजेड 5696 का एक बाइक से टकरा गया। जिसमे बाईक सवार करियातपुर निवासी रमेश केसरी और उसकी पुत्री मानवी केसरी बुरी तरह घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शी स्थानीय निवासी संजय कुमार केसरी से मिली जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो गोमिया का है, जो बरही की ओर से आ रही थी। बाईक सवार अपनी पुत्री के साथ दुकान से घर जा रहे थे। इसी क्रम में करियातपुर चौक पर घटना घटी। चालक नशे में धुत था। जो बिजली के खंभे को चपेट लेते हुए बाईक सवार को टक्कर मारी। घटना होते ही स्कॉर्पियो पर सवार वाहन मालिक कहीं भागकर छिप गया। घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। बच्ची को प्राथमिक ईलाज के बाद हजारीबाग रेफर कर दिया गया। जबकि बच्ची के पिता को प्राथमिक ईलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त वाहन को थाना ले गए।

दो बाइक की टक्कर में युवक घायल

कोडरमा। तिलैया थाना अंतर्गत झंडा चौक ओवरब्रिज के समीप दो बाइक की टक्कर में एक बाइक सवार युवक घायल हो गए। घायल की पहचान पिंटू कुमार (उम्र 24 वर्ष, पिता बालो भुईयां, ग्राम तिलैया) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अपनी बाइक से बाजार से घर जाने के दौरान झंडा चौक ओवरब्रिज के समीप दो बाइक टक्कर हो जाने से एक बाइक सवार युवक घायल हो गए। आनन-फानन में ग्रामीणों की मदद से निजी क्लीनिक ले जाया गया। इलाज करके कोडरमा सदर अस्पताल रेफर किया गया जहां डॉक्टरों द्वारा इलाज चल रहा है।

जहर खाकर युवती ने आत्महत्या की कोशिश की

कोडरमा। जिले के नवलशाही थाना क्षेत्र के अंतर्गत कांनीकेद मे एक युवती ने जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश की। युवती की पहचान ललिता मुर्मू (उम्र 16 वर्ष पिता राजू मुर्मू ग्राम कांनीकेद नवलसाही) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार घरेलू झगड़ा के बाद बाजार से जहर खा ली। अचानक तबीयत बिगड़ने लगी जिसके बाद इसकी जानकारी परिजनों को मिली। परिजन उसे लेकर कोडरमा सदर अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर द्वारा इलाज चल रहा है।

बाईक के टकराने से कोनरा के एक युवक की मौत

बरही। रविवार की प्रातः करीब 8 बजे ट्यूशन पढ़कर आ रहे युवक मो सईद अनवर (18) पिता मो तस्लीम बाईक से गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया जिसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मृतक बाईक से ट्यूशन करके डॉ इबरार गली से आ रहा था। इसी क्रम में युवक का बाईक गली की ठोकर तड़पता हुआ असंतुलित होकर डॉ इबरार के अस्पताल की शोक पीट से टकराया। जिससे युवक और बाईक दोनो फेंका गए। युवक के नाक से खून बह रहा था। स्थानीय लोगो की मदद से उसे अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंचकर शव को अंत्यपरीक्षण के लिए हजारीबाग भेज दिया। इस घटना में तत्काल मदद करने वालो में मो जाहिद खान, गोविंद रजक इत्यादि ने सराहनीय भूमिका निभाई। घटना की जानकारी मिलते ही 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, पूर्व मुखिया मो ताजुद्दीन आदि सहित कई लोग पहुंचकर घटना की जानकारी लिए।

रानीचुआ पंचायत के मंगरा टोला गांव में जंगली हाथियों ने मचाया तबाही

बरही। बीते रात्रि रानीचुआं पंचायत के मंगला टोला गांव में जंगली हाथियों के द्वारा कई किसानों के धान की खेत को नष्ट करने से तैयार फसल नष्ट हो गया। उक्त जानकारी रानीचुआं पंचायत के कॉन्ग्रेस पंचायत अध्यक्ष राजदेव यादव ने देते हुए बताया कि पिछले कई दिनों से प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में दस जंगली हाथियों के द्वारा तबाही मचाया जा रहा है। परंतु इस दिशा में वन विभाग के द्वारा अब तक कोई सार्थक कदम नहीं उठाया गया। वहीं वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि हाथी भगाने के लिए रेस्क्यू टीम लगातार क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं।

अवैध हथियार के साथ पुलिस ने सात लोगों को किया गिरफ्तार, एक देसी पिस्टल बरामद

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। जिले के जयनगर पुलिस ने पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर जयनगर पुलिस ने रविवार को 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों के पास से पुलिस ने एक देसी लोडेड पिस्टल भी बरामद किया है। मामले की जानकारी देते हुए जयनगर थाना प्रभारी ऋषिकेश सिन्हा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के बाद उनके निर्देश पर उनके नेतृत्व में एक पुलिस टीम बांझेडीह पावर प्लांट खेडोबर के समीप पहुंची तो देखा कि दो व्यक्ति पैदल खेडोबर की ओर से आ रहे हैं। पुलिस की गाड़ी को देखकर दोनों व्यक्ति भागने लगे जिसे पुलिस बल के सहयोग से पकड़ा गया। पूछताछ करने पर दोनों ने अपना नाम अशोक प्रसाद (उम्र 36 वर्ष, पिता बाबूलाल साव), डोमचांच थाना क्षेत्र के महेशपुर ताराटांड़ निवासी एवं दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम सीताराम तिवारी (उम्र 26 वर्ष, पिता छात्रधारी तिवारी, नवलशाही थाना क्षेत्र के धरगांव निवासी) बताया।

इस दौरान पुलिस के द्वारा दोनों की तलाशी लेने पर अशोक प्रसाद के कमर से एक लोडेड देशी पिस्टल बरामद किया गया। पुलिस के द्वारा पूछताछ में दोनों ने बताया कि 15 नवंबर को बांझेडीह फोरलेन रोड से हाईवा वाहन की लूट की घटना को इनके गिरोह के द्वारा अंजाम दिया गया था। दोनों की निशानदेही पर पुलिस ने जयनगर थाना क्षेत्र के परसाबाद निवासी गैंग के लीडर बबलू राय पिता नारायण राय, नवलसाही थाना क्षेत्र निवासी विरेंद्र तिवारी पिता सुधीर तिवारी, डोमचांच थाना क्षेत्र के महेशपुर निवासी राम दुलारू प्रसाद उम्र 22 वर्ष पिता स्वर्गीय कृष्णा प्रसाद, नवलशाही थाना क्षेत्र के नागेश्वर दास उम्र 28 वर्ष पिता अर्जुन राम एवं चंदवारा थाना क्षेत्र के पिपराही निवासी मेराज अंसारी उम्र 42 वर्ष पिता हनीफ मियां को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के द्वारा घटना में प्रयोग किया गया एक सफेद रंग का स्कॉर्पियो, घटना में प्रयोग किया गया एक मोटरसाइकिल, एक देसी लोडेड पिस्टल एवं 8 मोबाइल किया गया है। मामले को लेकर जयनगर थाना में आर्म्स एक्ट समेत अन्य धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर सातों अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

पत्थर खदान में हादसा हाईवा चालक की हुई मौत

नवीन मेल संवाददाता

मरकच्चो। नवलशाही थाना अंतर्गत चमारो मंडी मौजा जमडीहा में रविवार को भीम साहू के चमारो स्थित खादान में 200 फिट गड्ढा खदान से बोल्डर लोड कर उपर आ रहा जे एच 12 जे 5953 हाईवा के गिर जाने से हाइवा ड्राइवर की मौत हो गयी। हाइवा भीमेडीह निवासी मुकेश कुमार ठाकुर का बताया जा रहा है। मृतक की पहचान ओमप्रकाश यादव (उम्र 26 वर्ष, पिता राजेंद्र यादव, ग्राम कुंडीधनवार, थाना नवलशाही) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पूर्व में भी इस खदान में हादसा हुवा है। बता दें कि खदान नियम को ताक पर रख कर लगातार संचालित किया जाता रहा है। मृतक ओमप्रकाश यादव राजेंद्र यादव का एकलौता पुत्र था। परिजनों का रो - रो कर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने बताया कि नवलशाही थाना क्षेत्र में ऐसे कई खदान संचालित है जहां आए दिन घटना घटते रहती है। खबर लिखे जाने तक खदान से शव को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए सदर भैज दिया गया था। मौके पर डोमचांच अंचल निरीक्षक श्री राम पासवान, थाना प्रभारी पंचम तिग्गा, एसआई रंजीत कुमार, एएसआई कृष्णा राम अपने दल - बल के साथ मौजूद थे। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक परिजनों को 11 लाख रुपये मुआवजा देना तय किया गया है।

विभिन्न मामलों में फरार अभियुक्तों के घर पर चिपकाया गया इश्तहार

नवीन मेल संवाददाता

बरही। एसडीपीओ नाजिर अख्तर द्वारा जारी प्रेस बयान के आधार पर विभिन्न मामलों में फरार तीन अभियुक्तों के खिलाफ रविवार को उनके घर पर इश्तहार चिपकाने का काम किया गया। जारी प्रेस बयान के आधार पर पहला इश्तहार चौपारण थाना के पांडेयबारा निवासी स्व शंभू नारायण पांडे के पुत्र हरि नारायण पांडेय के घर पर इश्तहार चिपकाया गया। जिन पर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति थाना कांड संख्या 10/22 में धारा 323, 504, 354 एवम 3(1) एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज है। वही दूसरा प्राथमिक अभियुक्त चौपारण थाना कांड संख्या 236/16 के अभियुक्त राजेश कुमार पिता बासुदेव महतो ग्राम पेसरा थाना बरकट्ठा के निवासी है।

जिनके विरुद्ध आईपीसी की धारा 272, 273, 290 एवम 47(ए) उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। तीसरे अभियुक्त भी चौपारण थाना कांड 257/16 के आरोपी अनूप पांडे पिता कुबेर पांडे जो चक (सिंघरावा) चौपारण का रहने वाला है।

जिनके विरुद्ध चौपारण थाना में आईपीसी की धारा 364(ए)/34 के तहत मामला दर्ज है। इश्तहार चिपकाने वाले में सब इंस्पेक्टर जयकुमार और तरुण वाखला ने स्थानीय चौकीदार के साथ दो स्वतंत्र गवाह, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं मीडिया कर्मी की उपस्थिति में माननीय न्यायालय के निर्देशानुसार चिपकाया गया।

पटेल छात्रावास निगरानी सह संस्थापक सदस्य का चयन सह कमेटी की बैठक आयोजित

शीघ्र ही सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा कैंपस का किया जायेगा सुंदरीकरण : चंद्रप्रकाश

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। पटेल छात्रावास निगरानी सह संस्थापक सदस्य का चयन सह कमेटी के विस्तार को लेकर रविवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीहसांसद चंद्रप्रकाश चौधरी उपस्थित थे। मौके पर सर्वसम्मति से कमेटी का गठन किया गया। बैठक के दौरान सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि पटेल छात्रावास में रह रहे या रहने वाले छात्रों के लिए विचार-विमर्श किया गया कि छात्र को कैसे सुविधा दी जाय। जिससे पढ़ने वाले बच्चों को पढ़ने लिखने में किसी भी तरह की असुविधा न हो। सांसद श्री चौधरी ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा कैम्पस का सुंदरीकरण किया जाना है। कहा कि यह कार्य शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा। मौके पर जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो , बासुदेव महतो, डॉ सुनील कुमार कश्यप, लालचंद महतो, मुखिया किशुन मुंडा, पटेल छात्रवास समिति अध्यक्ष सुरेश महतो, सचिव शीतल प्रसाद, कोषाध्यक्ष टिकेंद्र महतो, अरविंद महतो, झालकदेव महतो, लालचंद महतो, मुकेश महतो, ईश्वर महतो, नीतीश निराला, , नुनूलाल महतो, रमेश महतो, मनोज मंडल, भुनेश्वर महतो ,जेठु महतो सहित अन्य मौजूद थे।

बंद दो घरों से ताला तोड़कर हजारों की हुई चोरी

मरकच्चो। शादी विवाह अन्य कार्यों से घर में ताला बंद रहने पर आपकी लुटिया डूब सकती है। बंद घरों को टारगेट कर इन दिनों चोर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। चोर को टोह मिलते ही बंद घर का ताला तोड़कर कीमती सामानों की चोरी कर ले रहे हैं। ताजा घटना शनिवार की रात मरकच्चो प्रखंड के दक्षिण पंचायत स्थित ग्राम नादकरी में पुरानी मस्जिद के समीप दो- बंद ताला घरों में ताला तोड़कर चोरी को अंजाम दिया। नादकरी निवासी हाजी कमरुद्दीन मियां व रबुल अंसारी के बंद घरों का ताला तोड़कर कांसा पीतल का बर्तन और कीमती कपड़े व जेवरात की चोरी कर ली गई है। हाजी कमरुद्दीन मियां के घर पर कांसा पीतल के बर्तन व कीमती कपड़े समेत अन्य सामानों की चोरी चोरों द्वारा की गई है जिसकी कीमत लगभग 40 हजार बताई जा रही है। वहीं रबुल मियां के घर में भी चोरी हुई लेकिन उनके मुंबई रहने के कारण उनके द्वारा कितने की सामान चोरी हुई है इसकी जानकारी नहीं मिल पायी है। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी सुमित कुमार, एसआई कुंदन कुमार, एएसआई उमेश सिंह दलबल पहुंचकर घटना की जानकारी ली व मामले को लेकर छानबीन जारी कर दी है।

राधा गोविंद विश्वविद्यालय परिसर में 22 झारखंड बटालियन ने मनाया एनसीसी की 74 वीं वर्षगांठ

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। कर्नल हरमीत सिंह के कमान के अंतर्गत 22 झारखंड बटालियन द्वारा रामगढ़ में एनसीसी कैंप का आयोजन किया गया है। जिसमें 500 कैडेट्स और 24 अन्य अधिकारी एवं झारखंड के विभिन्न जिलों से स्टाफ भाग ले रहे हैं। कैंप के दौरान सभी कैडेट्स और अधिकारियों ने एनसीसी की 74 वीं वर्षगांठ मनाई। विदित हो की एनसीसी की स्थापना 1948 में की गई थी जिसका मकसद संगठित और प्रेरित युवाओं को राष्ट्र के सभी क्षेत्रों में नेतृत्व की क्षमता को विकसित कर देश सेवा के लिए तैयार करना है। एनसीसी ने कई लड़ाईयों (1962,1965,1971) में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल हरमीत सिंह ने बताया की एनसीसी ने कोविड-19 के दौरान सिविल एडमिनिस्ट्रेशन को इस पेंडमिक से निबटने में भरपूर सहयोग दिया। इसके अलावा स्वच्छता अभियान, एक भारत श्रेष्ठ भारत, फिट इंडिया मूवमेंट, पूनीत सागर अभियान जैसे कई सामाजिक कार्यों में अभूतपूर्व योगदान दिया है। 74 वीं वर्षगांठ पर लगभग 250 कैडेट्स के साथ 7 किमी मैराथन का आयोजन, सदर अस्पताल रामगढ़ द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 40 कैडेट्स ने रक्तदान किया। साथ ही कुछ कैडेट्स ने ओंकार मिशन के विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों के साथ समय बिताया एवं मिठाईयां बांटी। राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह एवं संस्था सचिव सह समाज सेविका प्रियंका कुमारी ने कैडेट्स को पुरस्कृत कर उनका मनोबल बढ़ाया।

कोडरमा में बढ़ रहा ठंड का प्रकोप, लोगों ने की अलाव व कंबल वितरण की मांग

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। जिले में ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। पारा में लगातार गिरावट जारी है। रविवार को न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है, जिसके कारण सुबह-शाम में ठंड का एहसास होने लगा है। हालांकि दोपहर में धूप के कारण ठंड का एहसास कुछ कम होता है। पिछले एक सप्ताह में न्यूनतम तापमान में करीब 2 से 4 डिग्री सेल्सियस गिरावट आई है। आने वाले समय में इसमें और भी गिरावट आने की उम्मीद है। रविवार को अधिकतम तापमान 26 डिग्री व न्यूनतम तापमान 11 डिग्री रहा। पिछले 10 नवंबर को न्यूनतम तापमान 14 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था, जो अब घटकर 11 डिग्री तक पहुंच गया है। बीच-बीच में पछुआ हवा चलने के कारण लोगो को कनकनी का एहसास भी कराने लगा है। वहीं अधिकतम तापमान में ज्यादा गिरावट नहीं हुई है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार अगले एक सप्ताह में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री तक होने की संभावना है। वहीं अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। वहीं दिसंबर माह में तापमान में और गिरावट की संभावना है। इधर ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन के अलावा विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से बिरहोर सहित गरीब लोगो के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है। वहीं कई सामाजिक संगठनों की ओर से जरूरतमंद लोगो के बीच गर्म कपड़ों का भी वितरण किया जा रहा है। ठंड को देखते हुए गर्म कपड़ों की बिक्री बाजार में बढ़ गई है, जिसको लेकर शहर में गर्म कपड़े के दुकान सज गए है।

बच्ची मौत की जानकारी लेने बारादाग पहुंचे पूर्व विधायक, अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की

बरही। बीतें दिन धनवार पंचायत के बरदाग गांव के एक कुआं में गिरने से कोरियाडीह निवासी प्रकाश सिंह के छह वर्षीय बच्ची परी की मौत हो गई थी। घटना को लेकर प्रशासन के द्वारा अब तक कोई सार्थक कार्रवाई भी की गई। इसे लेकर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव रविवार को मृत बच्ची के घर पहुंचकर परिजनों से पूरी जानकारी लिया। परिजनों को ढांढस देते हुए सांत्वना दिया। साथ ही पुलिस प्रशासन से मामले को शीघ्र सत्यापित करते हुए अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग किया। उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में बरही में अपराध का ग्राफ काफी बढ़ा है। इसपर अंकुश लगाना काफी जरूरी है। उन्होंने पीड़ित परिवार को न्याय दिलवाने में पूरी मदद करने का आश्वासन दिया। पीड़ित परिजनों से मिलने वालो में पूर्व विधायक के साथ स्थानीय मुखिया राजेंद्र प्रसाद, पंसस संतोषी कुमारी, रंजना देवी, प्रकाश साव, नन्दलाल प्रसाद, विनोद प्रसाद, रितेश गुप्ता, रामदेव सिंह, खुशबू कुमारी, महेश सिंह, मोहन कुशवाहा, पिंकी देवी आदि कई लोग थे।

खराब नलकूप की तिलेश्वर साहू सेना ने कराई मरम्मती, ग्रामीणों ने जताया अभार

बरही। करसो पंचायत के धोबनीगढ़ा मोहल्ला का नलकूप बीते कई महीनो से खराब था। जिसे तिलेश्वर साहू सेना के द्वारा ठीक करवाकर चालू करवाया गया। जानकारी के अनुसार उक्त चापाकल पिछले 6 महीनों खराब था। जिसे अबतक स्थानीय जनप्रतिनिधि या जलसहीया ने मरम्मत नहीं करवाई थी। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि खराब हैंडपंप को ग्रामीणों की चंदा से बनाया जाता रहा है। परंतु इस बार पैसे के अभाव में नलकूप नही बनाया जा एक रहा था। इस संबंध ने सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू को जानकारी दी गई। जिनके निर्देश पर रविवार को सेना के कार्यकर्ताओं की मदद से नलकूप की मरम्मती करवाई गई। जानकारी देते हुए सेना के मीडिया प्रभारी बबलू साहू ने बताया कि मरम्मती कार्य में प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश दास, प्रकाश विश्वकर्मा आदि ने सार्थक भूमिका निभाई। नलकूप बन जाने से स्थानीय ग्रामीण प्रेम भुइयां, सोहन भुइयां, विनय भुइयां, मुकेश भुइयां, भोला भुइयां, अजय भुइयां, राजू भुइयां, छबि भुइयां, सहोदरी देवी, गीता देवी, बसंती देवी, रीता देवी आदि सहित कई ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए तिसासे केंद्रीय अध्यक्ष सहित सभी कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया है।

दो दिवसीय आयुष मेला सम्पन्न, 530 मरीजों का हुआ इलाज

नवीन मेल संवाददाता

मरकच्चो। आयुर्वेदिक चिकित्सा व होम्यो पैथ चिकित्सा को बढावा देने हेतु प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो परिसर में शनिवार से दो दिवसीय आयुष मेले का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख मरकचो विजय कुमार सिंह ने किया था। मेले के पहले दिन 165 से अधिक मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाएं दी गई थी। वहीं दूसरे दिन रविवार को प्रखंड परिसर में लगे मेले में मरीजों के पहुंचने का सिलसिला 10 बजे सुबह से शुरू हो गया। दूसरे दिन 365 मरीजों का इलाज हुआ। दोनों दिन में 530 मरीजो का इलाज किया गया। शिविर में योगा सीखने के लिए कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं ने पहुंचकर योग शिक्षक सुनील कुमार के द्वारा गुर सीखे। उपस्थित छात्राओं को यूनानी होहियोपैथ की कीट दी गई ।रजिस्ट्रेशन के साथ-साथ पूछताछ काउंटर भी लगाए गए। मरीजों की सुविधा को लेकर होम्योपैथी, आयुर्वेदिक, पंचकर्म, स्वस्थ वृत, स्त्री एवं प्रसूता रोग, रोग एवं विकृति विज्ञान, काय चिकित्सा, द्रव्यगुण, रचना शरीर विज्ञान, क्रिया शरीर विज्ञान समेत कई विभागों द्वारा अलग-अलग स्टॉल लगाए गए थे। स्टॉलों में मौजूद चिकित्सकों की टीमों द्वारा मरीजों का परीक्षण कर उन्हें उचित परामर्श दिया गया। रविवार शाम करीब पांच बजे मेले का समापन हो गया। डॉ सुरेंद्र कुमार व डॉ पी एन जेई ने बताया कि आज के बाद प्रति दिन डॉ पुनम कुमारी आयुष सेंटर ब्लॉक परिसर में बैठेंगी और मरीजो का इलाज करेंगी। मौके पर प्रमुख मरकच्चो विजय कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी मरकच्चो पप्पू रजक, आयुष के जिलाधिकारी डॉ सुरेंद्र कुमार, आयुष के डॉ गौतम कुमार, डॉ पीयूष कुमार, डॉ पूनम कुमारी, डॉ ईश्वर जहां, डॉ राहुल कुमार, डॉ एसके दास, योग शिक्षक सुनील कुमार समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

लगातार 23 वें सप्ताह लगाया गया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

लोहरदगा। सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर में लगातार 23 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिसका शुभारंभ जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल ने संयुक्त रूप से भारत माता की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर किए। 22 लोगों ने नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में अपना जांच करवा कर लाभान्वित हुए। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि सेवा भारती लोहरदगा के अध्यक्ष-सचिव द्वारा आज 5 महीने से लगातार प्रत्येक रविवार को यह स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों का सेवा करना काफी प्रशंसनीय है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल व सचिव जयप्रकाश शर्मा ने कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगातार प्रत्येक रविवार को सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है। आज लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच के साथ-साथ डॉ कुमुद अग्रवाल से चेकअप करते हुए परामर्श भी लिए, और कहा की प्रत्येक सप्ताह यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं 1 जून से सुबह 6:30 से चल रहे योग शिविर लगातार चलते रहेंगे। शिविर पर जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, जय प्रकाश शर्मा, डॉ कुमुद अग्रवाल अवधेश मित्तल, अतुल सर्राफ, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, प्रभा देवी, सिद्धनाथ गुप्ता, सोनिया पोद्दार, सुबोध प्रसाद महतो, विश्वनाथ प्रसाद, शिव नारायण साहू, अमित बंका, चंदन यादव, अमर पोद्दार, जीवन कुमार, शिवनाथ प्रसाद आदि उपस्थित थे।

खूंटी टोली के कुम्हार टोली गांव में फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

सिमडेगा। सदर थाना क्षेत्र के खुंटीटोली कुम्हारटोली गांव में रविवार की देर रात 32 वर्षीय विरेन्द्र महतो नामक युवक अपने घर के अंदर हीं साडी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब घरवाले जागे तब उन्होने विरेन्द्र को फांसी लगाया देखा तो घर में कोहराम मच गया। लोगों ने पुलिस को इसकी सुचना दी सूचना मिलते हीं पुलिस घटनास्थल पंहुच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजी। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है।

झारखंड नवनिर्माण दल की बैठक 29 को सिमडेगा में

सिमडेगा। झारखंड नवनिर्माण दल जिला समिति सिमडेगा की बैठक 29 नवंबर 2022 को जिला मुख्यालय सिमडेगा में आयोजित की जाएगी। यह बैठक 20 दिसंबर 2022 को मजदूर किसानों की समस्याओं को लेकर रांची के राजभवन के समक्ष विशाल धरना प्रदर्शन की सफलता तथा 28 फरवरी 2023 को रांची में झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा झारखंड को बचाने जैसे राज्य हित के सवालों को लेकर आयोजित महापंचायत कार्यक्रम की तैयारी पर विचार विमर्श के अलावे जिले के ज्वलंत जन समस्याओं पर भी चर्चा व आगामी रणनीति बनाने के लिए बुलाई गई है। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह के अलावे जिला समिति के पदाधिकारी हिस्सा लेंगे।

बोलबा प्रखंड के लेटाबेड़ा गांव में हिन्दू समाज की हुई बैठक

बोलबा। बोलबा प्रखंड के लेटाबेड़ा गांव में हिंदू समाज की हुई बैठक। इस मौके पर शाखा समिति का भी गठन किया गया बताया गया कि सर्व सम्मति से प्रत्येक गुरुवार को गांव में बैठक किया जाएगा जिसमें सत्संग एवं विभिन्न धार्मिक ग्रंथों पर प्रवचन किया जायेगा। लोगों ने गांव समाज की सुधार हेतु चर्चा करते हुए प्रत्येक बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित भी किया जायेगा। साथ ही गांव में लोगों शराब बनाना या बेचने के साथ सेवन नहीं करना भी वर्जित होगा। बैठक में जीव हिंसा नहीं करने की निर्णय लिया गया। इस मौके पर शाखा समिति का गठन किया गया जिसमें प्रधान रामेश्वर प्रधान, उप प्रधान मेला कुमारी, मंत्री गणेश प्रधान , उपमंत्री आशा देवी, कोषाध्यक्ष इंद्रजीत प्रधान, सदस्य कांता देवी हिरण प्रधान वीरेंद्र प्रधान रामसेवक प्रधान धनेश्वर प्रधान श्यामलाल प्रधान भगवती देवी भूखली देवी को मनाया गया।

आनंद मार्ग स्कूल में बच्चों के बीच हुआ स्टूडेंट वालंटियर कैंप

सिमडेगा। आनंद मार्ग स्कूल प्रिंस चौक सिमडेगा में रविवार को स्टूडेंट वालंटियर कैंप का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में 40 विद्यार्थी एवं विद्यालय के सभी शिक्षक एवं स्टाफ उपस्थित रहे इस मौके पर बच्चों के बीच शारीरिक मानसिक आध्यात्मिक एवं सामाजिक विकास के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से सिमडेगा थाना के सब इंस्पेक्टर सर्वजीत सदर अस्पताल सिमडेगा के कर्मी एवं आयुष पदाधिकारी सिमडेगा उपस्थित रहे। इस दौरान बच्चों को अलग-अलग प्रकार से सफलता के लिए किन प्रकार के प्रयास करनी है इन सभी चीजों के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर उपस्थित आयुष पदाधिकारी ने कहा कि बच्चों का विकास पढ़ाई सही होती है और सभी लोग मन लगाकर पढ़े ऐसे में उनके शारीरिक मानसिक कब विकास होगा। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य सहित सभी अन्य उपस्थित रहे।

ग्रामीणों में आई जागरूकता, जंगलों में बंद हुई पेड़ों की कटाई

अब कैरो के जंगलों में दिखाई दे रही हरे-भरे पेड़ पौधे से भरा दृश्य

नवीन मेल संवाददाता

कैरो/लोहरदगा। कैरो प्रखंड में ग्रामीणों की जागरूकता के कारण पश्चिम व पूरब दिशा में स्थित जंगल एवं सूंगारी पहाड़ में लगाया पेड़ हरा भरा हो गया है।लगभग दो वर्षो पूर्व पश्चिम एवं पूरब दिशा में लगे जंगल बर्बाद होने लगे थे। सूंगारी पहाड़ में लगाये गये पेड़ को काटकर लोग जलावन के रूप में उपयोग करने लगे थे। जिससे सुगारी पहाड़ पूरा खाली हो चुका था। परंतु वन विभाग द्वारा विभिन्न माध्यमों से जागरूकता फैलाने के बाद ग्रामीणों को समझ में आ गया कि जंगल हमारे लिए कितना उपयोगी है। वनों में रहने वाले जीव जंतु भी मनुष्य के लिए आवश्यक है। जंगल की महत्ता एवं जंगल से मिलने वाले लाभ की जानकारी होने के बाद अब स्वयं ग्रामीण जंगलों की रक्षा भी करने लगे है। 2015-16 में वन विभाग व ग्रामीणों के सहमति से वन रक्षा समिति का गठन

किया गया। जिसके माध्यम से जंगलों का रख रखाव किया जाता है। जंगल में सखुवा, आम, जामुन, पियार, केंद, लिप्टश, कंवद जैसे अनेकों प्रकार का पेड़ पौधा है। जिसके कारण जंगल आज हरा भरा नजर आता है। कुछ वर्ष पूर्व कैरो, उतका, बिराजपुर, नगड़ा, चिप्पो, बंसरी, सुकरहुटु बंडा के ग्रामीण काफी मात्रा में जलावन के लिए जंगल से लकड़ी काट कर ले जाते थे। परन्तु केंद्र सरकार द्वारा उज्वला योजना के तहत गरीब बीपीएल परिवार को गैस मुहैया कराया गया तब से जंगलों की कटाई ने भारी कमी आई है। अब लोग जलावन की लकड़ी के लिए जंगलों की कटाई नहीं कर रहे हैं। ग्रामीण इलाका होने के कारण शादी समारोह में लगने वाले मडवा खुटा जरूर काटा जाता है लेकिन इसके लिए भी बन बचाओ समिति से परमिशन लिया जाता है और वन समिति द्वारा वैसे साखूआ कि डाली को काटने का निर्देश दिया जाता है जिससे पेड़ों को क्षति ना हो और ग्रामीण का काम भी चल जाए, इससे लोगों में और भी बन बचाने की जिज्ञासा बढ़ी है। वर्तमान समय मे जंगल कई लोगो के लिए जीविका का एक मुख्य स्थान बन गया है। बरसात के मौसम में जंगल से पुटो, दतुवन, दोना व गर्मी के मौसम में सरई सखुवा फल को बेच कर अपना जीवन यापन करते हैं। कई ग्रामीण जंगलों से बरशात के मौसम में रुगड़ा पुटो, मशरूम खोज कर बाजार में 300, 400 रुपया किलो बेच कर अच्छा खासा पैसा कमाते हैं तो ग्रामीण महिला गर्मी में सरई फल चुनकर बाजार में 30 से 40 रुपया प्रति किलो बेचते हैं। वर्तमान समय मे कैरो प्रखंड क्षेत्र के सभी उजड़े जंगल पुनः हरे भरे हो गए है। एक समय जंगल पूरी तरह उजड़ने के कागार पर थी परंतु समय रहते सरकार व ग्रामीणों में जागरूकता के कारण जंगलों को सुरक्षित कर लिया गया है।

लोहरदगा भाजपा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं ने देखा पीएम के 'मन की बात' कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का 95वाँ एपिसोड भाजपा के बूथ स्तरीय कार्यकताओं ने अपनी बूथों पर सुना` इसी क्रम में जिला अध्यक्ष मनीर उरांव बगडू पंचायत के ग्राम चापी ग्राम में स्थानीय ग्रामीणों के साथ बैठकर आज के मन की बात कार्यक्रम को सुना। जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्तमान आधुनिक युग की भागदौड़ में गांव एवं शहर अपनी संस्कृति एवं छोटे-छोटे प्रयास से किस प्रकार अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। इसको लेकर लोगों को जागरूक करने का एक बहुत ही बड़ी माध्यम बनाया है और एक प्रधान सेवक होने के बावजूद अपनी और जनता की मूल भाव को लोगों के बीच स्वयं आकर बताना किसी भी देश के नागरिकों के लिए बहुत ही गौरव की बात है। आज उन्होंने जिस प्रकार चक्रधरपुर चाईबासा के रहने वाले राजेश कश्यप की जिक्र एक लाइब्रेरी मैन बताया। जब एक देश का प्रधानमंत्री अपने मुख से लोगों के बीच में उनकी कार्यों को सराहते है तब प्रयास करने वाले व्यक्ति की ऊर्जा दुगनी होती ही है और साथ ही ऐसी प्रोत्साहन सामाजिक कार्य करने के लिए लाखों लोगों को प्रेरित करता है। हमारा देश विशेषताओं से भरा हुआ है जिससे कि हम नहीं जान पाते हैं परंतु इस कार्यक्रम के माध्यम से जब उसे बताया जाता है तो एक छोटे से बच्चों में भी उसे समीप जाकर देखने की इच्छा होती है और कुछ कर गुजरने की अभिलाषा भी उनके अंदर में उत्पन्न होती है। रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम को घर-घर में छोटे बड़े सभी मिलकर टेलीविजन नमो ऐप लैपटॉप जैसे माध्यमों से सुन रहे हैं। हम लोग लोहरदगा भाजपा जिला के सभी कार्यकर्ताओं की ओर से राजेश कश्यप जी को इस महान कार्य के लिए बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं भी देते हैं।

चार माह से दिन-रात हड़ताल में डटे नवनियुक्त गृह रक्षकों को सांसद प्रतिनिधि ने दिया सूखा राशन

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। पिछले चार माह से नप कार्यालय के समीप धरना में बैठे नव नियुक्त गृह रक्षकों का धरना शनिवार को भी जारी रहा। इतने दिनों तक अन्य सभी काम धंधे छोड़ नवनियुक्त होम गार्ड जवानों के धरना में बैठे रहने से अब इनके समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। खाने की सामग्री नहीं होने की जानकारी मिलने पर भाजपा नेताओं ने नव नियुक्त होमगार्ड जवानों के पास सुखा राशन पहुंचाया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुजान जोजो, सांसद प्रतिनिधि दीप नारायण दास, गजानंद बेसरा आदि ने सूखा राशन देते हुए हर संभव मदद करने का भरोसा जताया। होम गार्ड जवानों ने बताया कि सरकार के अवर सचिव द्वारा जिला प्रशासन को 21 अक्तूबर को ही नव नियुक्त गृहरक्षकों का इनरोलमेंट से संबंधित कार्रवाई पूर्ण करने का निर्देश प्राप्त है। इसके बाद भी जिले के अधिकारियों द्वारा इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस पर सूजन मुंडा

ने कहा कि यह प्रशासन की लापरवाही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा नव नियुक्त गृह रक्षकों की मांगों के संबंध में कार्रवाई पूर्ण नहीं की जाती है, तो वे केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से इसकी शिकायत करेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी कर्मियों द्वारा चार माह तक दिन-रात हड़ताल में डटे रहना राज्य सरकार के लिए शर्म की बात है। कहा अगर राज्य सरकार गंभीर होती, तो आज तक इन कर्मचारियों को इतने लंबे अंतराल तक धरना प्रदर्शन में बैठने की नौबत नहीं आती। उन्होंने कहा कि सरकार की लापरवाही से ये कर्मी सभी काम-धंधे छोड़ इतने दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहैं। सरकार को चाहिए कि इन कर्मियों को इतने दिनों का हजार्ना राशि दे।

भूषण बाड़ा व विक्सल पहुंचे सदर अस्पताल, सड़क दुर्घटना में घायल छात्रों का बेहतर इलाज करने का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। पुरनापानी पस्टोरेट सेंटर के पास हुए सड़क हादसे में अनमोल नामक स्कूली बच्चे की मौत हो गयी। जबकि तीन अन्य छात्र इनोसेंट, गोविंद व बिटवीन डुंगडुंग गम्भीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को पुलिस द्वारा देर शाम सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी देर रात सदर अस्पताल पहुँचे। साथ ही तीनों घायल छात्रों की जानकारी लेते हुए उनका बेहतर इलाज करने का निर्देश दिया। वहीं चिकित्सकों द्वारा तीनों घायलों का बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर करने के बाद तीनों घायलों को रिम्स भेजवाने में भी मदत की। साथ ही रिम्स में बात कर घायलों के पहुचंते ही बेहतर इलाज करने की निर्देश दिया। इधर विधायक ने मृतक छात्र के परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। साथ ही इस दुःख की घड़ी में उनके साथ खड़ा रहने का आश्वासन दिया। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी उपस्थित थी।

मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान, सभी घायलों का बेहतर इलाज करने का दिया निर्देश

सिमडेगा। विधायक भूषण बाड़ा द्वारा मुख्यमंत्री को ट्वीट किए जाने के बाद मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने भी लिया संज्ञान। तीनो बच्चों का बेहतर इलाज करने का दिया निर्देश। साथ ही मुख्यमंत्री ने तीनों घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। इस सम्बंध में मुख्यमंत्री ने ट्विटर के माध्यम से खेलमंत्री हफीजुल हसन एवं डीसी सिमडेगा को भी उचित करवाई करने का निर्देश दिया है। वहीं मृत बच्चे के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए गहरी शोक संवेदना भी ब्यक्त किया। इसके अलावे रविवार की सुबह खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा को रिम्स भेजकर घायलों का हाल चाल लेते हुए बेहतर इलाज करने का निर्देश दिया। इधर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के पहल पर विधायक भूषण बाड़ा ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया है।

समाज की सेवा और धर्म की रक्षा करना समिति का लक्ष्य : ओम महतो

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। सेन्हा प्रखंड के सेंगराहातु पंचायत में जय श्री राम समिति की बैठक आहूत की गई। आयोजित बैठक में जिला संरक्षक अजय सोनी, अनूप गुप्ता जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो जिला महामंत्री अजय साहू जिला उपाध्यक्ष विक्की कसेरा अनुज कुमार, सह-कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से सेंगराहातु पंचायत कमेटी का कार्यकाल पूर्ण हो जाने पर कमेटी को भंग किया गया। तहपश्चात सर्वसम्मति से संरक्षक जागेश्वर साहू, मनोज साहू, चमरू उरांव, काली साहू, राजू साहू, संजय साहू, प्रदीप साहू, अध्यक्ष जितेंद्र साहू, कार्यकारी अध्यक्ष नीरज साहू, महामंत्री आदित्य कुमार साहू, उपाध्यक्ष-बंटी साहू, अशोक साहू, संतोष साहू कोषाध्यक्ष आदर्श कुमार सह-कोषाध्यक्ष राहुल यादव संगठन मंत्री विकास कुमार, अरुण कुमार, अमित कुमार, धनंजय कुमार को बनाया गया। जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो ने नई कमेटी को बधाई देते हुए कहा सिर्फ संगठन से जुड़ना और जोड़ना हमारा लक्ष्य नहीं हमारा लक्ष्य है समाज की सेवा एवं धर्म की रक्षा करना। मैं सभी सनातनी भाइयों एवं बहनों से अपील करता हूं जय श्रीराम समिति से जुड़कर समाज एवं संगठन को मजबूत करने का कार्य करें। मौके पर मनोज साहू, प्रदीप साहू, अरुण कुमार, समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

इस संसार में प्रभु येसु का आगमन हम सबों को स्वर्गीय और आत्मिक आशीष देने के लिए हुआ था : नमन विक्सल

नवीन मेल संवाददाता

ठेठईटांगर। ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत कोरोंजो में आशीष प्राथना महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप से विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी उपस्थित हुए। मौके पर विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि हमें मिलजुलकर रहना चाहिए, जैसा हमें यीशु मसीह ने सिखाया है। महोत्सव के दौरान प्रदेश, देश व विश्व की शांति और अमन के लिए दुआएं की गई। इस संसार में प्रभु येसु का आगमन हम सबों को स्वर्गीय और आत्मिक आशिष देने के लिए हुआ था। हम सबों के लिए

यह जरूरी है कि ईश वचनों को जीवन में आत्मसात करें। आशिष को आत्माओं से ग्रहण करें। क्योंकि, यह शरीर नश्वर है। मृत्यु के बाद यह शरीर नष्ट हो जाता है, लेकिन आत्मा अमर है। उन्होंने आह्वान किया कि मनुष्य प्रभु से प्रेम, सेवा, दया, करुणा, नम्रता, दीनता और एक-दूसरे पर विश्वास करने की जो आशीष प्राप्त करते हैं, उसे आत्मा में रखें। इससे हर व्यक्ति प्रभु की ओर अभिमुख होगा। प्रियजन, सब से पहले परमेश्वर के राज्य और उसकी धार्मिकता को खोजे तो उसके साथ आपको और सभी आशीषें भी दी जाएंगी। जब तक आप परमेश्वर को सब से प्रथम स्थान न देंगे तब तक आप उसकी आज्ञकारिता का पूरा प्रतिफल कभी भी जानने न पाएंगे। आशा की उसकी प्रतिज्ञा यह है, धन और प्रतिष्ठा मेरे पास है,वरन ठहरनेवाला धन और धर्म भी है। मेरे जीवन का नियंत्रण करें। मैं ने और मेरे परिवार ने आपको पूरे यत्न से खोजने को चुन लिया है। मेरी मदद करें कि मैं आपके अविनाशी वचनों पर मन लगाऊं। हमें आपके मार्ग में अगुवाई करें। हमें लाभदायक मार्गों पर चलाएं। मुझे और मेरे परिवार को दूसरों के लिए आशीष बनाएं।कार्यक्रम में उपस्थित जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, सुशिल बोदरा, वाल्टर लुगुन, शशिकाला मुखिया गण एव कोरोंजों मंडली के सभी मौजुद थे।

पदयात्रा से देश में आपसी एकता व भाईचारा का माहौल बना रही है कांग्रेस : विधायक

नवीन मेल संवाददाता

कुरडेग। प्रखंड में रविवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा भारत जोड़ा पदयात्रा निकाली गई। प्रखंड अध्यक्ष तुलसी प्रगंत खलखो के नेतृत्व में निकले पदयात्रा में युवा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। विधायक के ससुराल प्रखंड में निकलने पदयात्रा में विधायक के अलावे पार्टी जिलाध्यक्ष अनुप केसरी, जिप सदस्य जोसिमा खाखा, जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल सैकड़ों संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और आम जनता उपस्थित हुए थ। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि कांग्रेस ने देश को एकजुट करने एवं लोगों को एक साथ लाने के लिए पदयात्रा कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसके तहत पुरे देश में कांग्रेस के नेता, कार्यकर्ता सहित आम जन पदयात्रा कर रहे हैं। पदयात्रा से देश भी मजबूत हो

रही है। कहा कि वर्ष 2014 से अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए कुछ राजनीतिक शक्तियों ने देशवासियों के बीच में नफरत की दीवार सी खड़ी कर दी है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा उस नफरत की दीवार को धराशायी कर देश में आपसी एकता और भाईचारा का माहौल बनाएगी। कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों के कारण आम आदमी बुरी तरह से परेशान है। हमारे नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा पर निकले हैं। उनकी यात्रा महंगाई, बेरोजगारी, नफरत, अन्याय और भ्रष्टाचार के खिलाफ है। आज पूरा देश महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से त्रस्त है। आम लोगों के भविष्य का सपना टूट रहा है। बीते 8 वर्षों में संविधान और लोकतंत्र को भाजपा ने तोड़ दिया। महंगाई ने गरीबों के रोटी की उम्मीद तोड़ दी है।

रोटी से लेकर कफन तक वसूल रहे जीएसटी

विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि इतिहास में पहली बार केन्द्र में एक ऐसी सरकार है जो रोटी से लेकर कफन तक पर जीएसटी वसूल रही है। मध्यम और लघु उद्योग का दम टूट रहा है। भारत के ताना-बाना को तोड़ा गया। 70 साल में बनी देश की संस्थाओं और व्यवस्थाओं को तोड़कर उन्हें पिंजरे का तोता बना दिया गया है। मगर, भाजपा को यह नहीं भूलना चाहिए कि सत्य ही जीतता है। सत्य यह है कि हर आने वाला कल बीते हुए कल की ओर नहीं लौटता, आगे बढ़कर बेहतर बनता है। राहुल गांधी के नेतृत्व में पूरे देश मे 2024 में बदलाव सुनिश्चित है।

कांग्रेस के पदयात्रा से मजबूत हो रहा है देश : जोसिमा खाखा

जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि कांग्रेस का यह यात्रा सियासी लाभ लेना नहीं है, बल्कि देश को जोड़ना है। यात्रा का उद्देश्य महंगाई, बेरोजगारी जैसे जनता से जुड़े मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना है। कहा कि वर्ष 2014 के चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महंगाई पर रोक लगाने के लिए बड़े-बड़े वादे किए और आज मुकर गए हैं। देश में महंगाई चरम पर पहुंच गई है। महंगाई से हर रोज जनता त्राहिमाम कर रही है। सभी प्रकार के चीजों के दामों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। उन्?होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यकाल में महंगाई चरम पर है। मोदी की गलत नीति के कारण ही अमीर और अमीर होते जा रहे हैं तथा गरीब और गरीब होते जा रहे हैं। देश में लोगों की नौकरियां खतरे पर पड़ गई है। कई लोगों की नौकरियां चली गई है। लोगों की आमदनी कम हो गई हैं और खर्च में काफी बढ़ोतरी हो गई है। जोसिमा खाखा ने कहा कि बच्चों को पढ़ाने के खर्च से लेकर घर चलाने तक की सारी सामग्री के दामों में बढ़ोतरी हो गई है। पर केंद्र सरकार को इससे कोई लेना-देना नहीं है। प्यारे पालकोट वासियों अब वक्त आ गया है कि मोदी सरकार को देश से उखाड़ फेंकने का। इसलिए सभी एकजुट हों और कोंग्रेस के इस पदयात्रा में शामिल होकर कांग्रेस का साथ दें। पदयात्रा को 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष आकाश सिंह, प्रवक्ता रणधीर रंजन शीतल तिर्की, गुड्डू खान, बिनोद दास, वाल्टर टोप्पो, देवनिस खलखो, अजीत लकड़ा, डेविड तिर्की, शिशिर मिंज, केके रोहिला, सिलबेस्टर बाघवार, फ्रांसिस खलखो, मुंश खेस, प्रदीप केशरी सहित अन्य लोग उपस्थित हुए थे।

न्यूज गैलरी

मेयर प्रत्याशी पंकज का जनसंपर्क अभियान जारी

मेदिनीनगर। निगम के मेयर प्रत्याशी पंकज कुमार जायसवाल का जनसंपर्क अभियान का 18वें दिन भी जारी रहा। उन्होंने अपने स्थानीय बाजार के व्यवसायी बंधुओं, अभिभावकों से संपर्क करते हुए एवं उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हुए जनसंपर्क किया। उनके साथ संजय केसरी, छोटू चिंटू गुप्ता, मनीष गोस्वामी, अरविंद पांडे रहे। उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर यह महसूस किया की अपने बंधुओं के प्रतिष्ठानों एवं उनके घरों के सामने ही अपने लोगों के साथ वर्ग विशेष के द्वारा ज्यादती की जाती है। गंगा जमुनी तहजीब का नाम लेने वाले ही ज्यादती करने वालों का साथ देते हैं। सामाजिक मंचों पर एकता सौहार्द की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। जो बिल्कुल ही खोखली और झूठी बातें हैं। इस पर श्री राम सेना की विशेष नजर है और इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

आज सुप्रीम कोर्ट में अवमानना वाद की सुनवाई

मेदिनीनगर। सुप्रीम कोर्ट में हाई स्कूल नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर अवमानना वाद की सुनवाई रविवार को होगी। पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट के द्वारा सरकार से जवाब मांगा गया था। जिस पर सरकार की ओर से भी फैसले के स्पष्टीकरण को लेकर जवाब दाखिल किया गया। सुनवाई कोर्ट संख्या पांच में न्यायधीश एम आर शाह और न्यायधीश सीटी रवि के बेंच में होगी। ज्ञात हो कि नियोजन नीति को लेकर सुप्रीम कोर्ट के द्वारा 2 अगस्त को अंतिम निर्णय दिया गया था। उसके बाद आयोग के द्वारा नियुक्ति को लेकर अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्र के जांच का कार्य शुरू किया गया है। जो अभी प्रक्रियाधीन ही है। अवमानना वाद करने वाले सोनी कुमारी के द्वारा आयोग के द्वारा कोर्ट के निर्णय के अनुसार डीवी रिजल्ट नहीं देने के कारण एक बार पुनः सुप्रीम कोर्ट के शरण में गए है। हाई स्कूल नियुक्ति प्रक्रिया में लगभग 18 हजार पदों में नियुक्ति की जानी है। जिसमे कोर्ट के द्वारा स्टेट मेरिट बनाकर नियुक्ति पूरी करने का फैसला दिया गया है।

ओबीसी मोर्चा ने किया विरोध प्रदर्शन

मेदिनीनगर। पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण न देने व 27 फीसद आरक्षण लागू करने की मांग को लेकर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के द्वारा शनिवार को मोरहाबादी से राजभवन तक आक्रोश रैली निकाली। रैली में पलामू सहित कई जिलों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। मौके पर मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि निकाय चुनाव में आरक्षण कोटा लागू न करना ओबीसी समुदाय के साथ भेदभाव को दर्शाता है। दूसरी ओर राज्य में ओबीसी का आरक्षण 14 से बढ़ाकर 27 फीसदी किया गया। लेकिन बिना लागू किए इसे नौवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए केंद्र को भेज दिया गया। ऐसे में यह आरक्षण केंद्र सरकार के निर्णय पर लंबित रहेगा। मोर्चा ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर ट्रिपल टेस्ट की बुनियाद पर ओबीसी का इम्पीरीकल डाटा तैयार करने के लिए सरकार के फैसला करने की मांग किया है। रैली से पहले भारत के संविधान का प्रस्तावना पढ़ा गया।

आजसू ने जिला प्रशासन से अलाव की व्यवस्था करने की मांग की

मेदिनीनगर। आजसू के केंद्रीय सचिव सतीश कुमार ने चौक चौराहे पर अलाव की व्यवस्था करने की मांग जिला प्रशासन से की। उन्होंने कहा कि पूरे पलामू प्रमंडल के तापमान में भारी गिरावट आई है। ठिठुरन और शीतलहरी के शिकार गरीब मजदूर व सड़कों के किनारे रहने वाले लोग हो रहे हैं। खासकर जीवकोपार्जन करने वाले लोग व रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड के सवारियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिला प्रशासन हर चौक चौराहे पर अबिलंम्ब अलाव की व्यवस्था करे व गरीब लोगों के बीच ईमानदारी से कंबल वितरण करे। ताकि गरीबों की जिन्दगी बचाई जा सके।

आज होगी प्लस टू में पद सृजन करने पर सुनवाई

मेदिनीनगर। पलामू सहित पूरे राज्य के प्लस टू विद्यालयों में अनिवार्य विषयों जैसे समाजशास्त्र राजनीति विज्ञान मानव शास्त्र दर्शनशास्त्र खोरठा नागपुरी पंचपड़गानिया कुड़माली कुरुख संथाली हो मुंडा एवं खड़िया विषयों का पद सृजन के लिए आज हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के खंडपीठ में सुनवाई होगी। गौरतलब है कि राज्य में आयोग के द्वारा प्लस टू में नियुक्ति के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं। जिसमें केवल 11 विषयों पर नियुक्ति प्रक्रिया किया जा रहा है। जिसके विरोध में राज्य के कई अभ्यर्थियों ने लगातार धरना और अनशन भी राजभवन के समक्ष किया। सरकार के ओर से भी कई बार समीक्षा बैठक किया गया। लेकिन सकारात्मक पहल नहीं किया गया। वहीं अभ्यर्थियों ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल किया है।

मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं : पुष्पा

मेदिनीनगर। मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उक्त बातें पोलपोल कला पंचायत के मुखिया पुष्पा देवी ने कही। वह रविवार को पोलपोल पंचायत भवन में कंबल वितरण समारोह को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को कंबल देना संभव नहीं है। फिर भी जरूरतमंदों का ध्यान रख कर कंबल उपलब्ध कराया जा रहा है। ताकि लोगों को ठंड से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि जन सहयोग से ही विकास संभव है। इसमें सबो की सहभागिता जरूरी है। इस मौके पर उन्होंने अपने पंचायत के विभिन्न ग्राम के आए असहाय वृद्ध, दिव्यांग, महिला, जनजाति, अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के बीच डेढ़ सौ कंबल का वितरण किया। इस मौके पर पंचायत सेवक फतेह अहमद, उप मुखिया आशा कुमारी, अखिलेश सिंह, प्रभु राम, अरविंद गुप्ता के अलावे सभी वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

पलामू जिला कार्यालय में सतर्कता संघर्ष मोर्चा की बैठक संपन्न

मेदिनीनगर। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति की मांग को लेकर चले आन्दोलन की बैठक की गई। जिसमें बैठक की अध्यक्षता सभापति सूर्योदय राम ने की। मौके पर निर्णय लिया गया कि 6 जकड़न को भारत रत्न संविधान निर्माता डा. भीम राव अम्बेडकर कि 66वीं पुन्य तिथि मनाई जायेगी। मोर्चा कार्यालय में 10:00 बजे दिन से एक विचार गोष्ठी आयोजित की जायेगी। इसमें शहर के प्रबुद्ध नागरिक एवं बैंकिंग पाठ्यक्रम को मंत्री बनाया जायेगा। सुबह 6:00 बजे से एक शोभा यात्रा अम्बेडकर पार्क से शहर के मुख्य मार्ग से बाहर निकलने का कार्यक्रम समाप्त होगा। मौके पर श्याम पाठक, प्रदुमण तिवारी, संजित कुमार, सन्नी पासवान, उपेन्द्र तिवारी, संजय चौरसिया, यशवंत कुमार, दीपक कुमार, प्रभात कुमार, विजय राम, अनिल राम, राम नरेश महतो, प्रदीप राम, अभय कुमार, संजय कुमार, सहित कई लोग उपस्थित थे।

महिला कॉलेज की स्थापना गढ़वा के लिए गौरव की बात, लोगों ने की सराहना, बोले-

जिलेभर में महिलाओं के शिक्षा स्तर में और भी सुधार होगा

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा । गढ़वा में महिला महाविद्यालय की स्थापना से जिले वासियों में काफी हर्ष है। लोगों ने गढ़वा के लिए गौरव की बात बताते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के कार्य की सराहना की है।

मंत्री मिथिलेश ठाकुर का यह सराहनीय कदमः रमेश

गढ़वा के प्रसिद्ध शिक्षाविद, साहित्यकार डा. रमेश चंचल ने कहा कि गढ़वा जैसे शहर में सर्व सुविधा संपन्न महाविद्यालय की स्थापना पूरे गढ़वा के लिए गौरव की बात है। मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर का यह कदम बहुत ही सराहनीय एवं स्वागत योग्य है। सामान्य कॉलेज में छात्राएं खुद को असहज महसूस करती हैं। महिला कॉलेज की स्थापना से छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में काफी सहूलियत होगी। शहर के चिनियां रोड निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर शैलजा रानी ने कहा कि गढ़वा में महिला महाविद्यालय की कमी थी। जिससे छात्राओ को कॉलेज की पढ़ाई करने में काफी कठिनाई होती थी। बहुत सारी छात्राएं सामान्य कॉलेज में और सहज महसूस करती हैं। इस कारण कॉलेज की पढ़ाई भी नहीं कर पाती हैं। परंतु अब उन्हें कॉलेज की पढ़ाई करने में काफी सुविधा होगी।

महिलाएं अधिक से अधिक शिक्षित हो सकेंगी : अंकिता

लायंस क्लब गढ़वा ग्रीन की पदाधिकारी अंकिता अग्रवाल ने गढ़वा में महिला कॉलेज बनने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि शहर में महिला महाविद्यालय बनने से महिलाएं अधिक से अधिक शिक्षित हो सकेंगी। पहले भी महिलाएं कॉलेज जाती थी, परंतु वह काफी दूर होने के कारण प्रतिदिन क्लास नहीं कर पाती थी। अब शहर के बीच में महिला कॉलेज होने से प्रतिदिन क्लास कर पाएंगे। इस महिला कॉलेज में पढ़ाई के साथ साथ महिलाओं को खेलकूद में भी प्रोत्साहित किया जाए। आत्मरक्षा के गुण को भी सिखाया जाए। ताकि वे आत्मरक्षा खुद कर सके।

महिलाओं के शिक्षा स्तर में और भी सुधार होगा : प्रतिमा

समाजसेवी प्रतिमा कश्यप ने बताया कि गढ़वा जिले में महिला कॉलेज खुलने से महिलाओं के शिक्षा स्तर में और भी सुधार होगा। क्योंकि सरकारी महिला महाविद्यालय गढ़वा में नहीं था। उन्होंने बताया कि शिक्षित महिलाएं ही नए भविष्य का निर्माण कर सकती हैं। यह गढ़वा के लिए बहुत ही अच्छी पहल है। महिलाएं उच्च शिक्षा ग्रहण कर राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकती है। महिला समाजसेवी विनीता जायसवाल ने कहा कि गढ़वा में महिला महाविद्यालय की स्थापना बहुत ही सराहनीय कदम है। इस कार्य के लिए मंत्री श्री ठाकुर की जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम है। ऐसे नेक कार्य के लिए मंत्री धन्यवाद के पात्र हैं। अब गढ़वा की छात्राएं निर्भीक होकर बेहतर शिक्षा ग्रहण कर सकती हैं। लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सिटी की सदस्य रजनी गुप्ता ने कहा कि गढ़वा की छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए पहले बाहर जाना पड़ता था। परंतु अब अपने ही शहर में यह सुविधा उपलब्ध हो गई है। पूरे गढ़वा के लिए गर्व की बात है। गढ़वा में महिला कॉलेज नहीं होने के कारण छात्राएं कॉलेज की पढ़ाई से वंचित रह जाती थी। परंतु अब वे गढ़वा में ही कॉलेज की शिक्षा ग्रहण कर सकेंगी। महिला शिक्षित होगी तो पूरा देश शिक्षित होगा। इसके लिए मंत्री श्री ठाकुर धन्यवाद के पात्र हैं।

धूमधाम से मना 74 वां एनसीसी दिवस, बोले मुख्य अतिथि

जरूरत पड़ने पर हमेशा तत्पर रहती है एनसीसी

नवीन मेल संवाददाता

बालूमाथ। प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय प्लस टू हाई स्कूल के प्रांगण में 74 वी एनसीसी दिवस धूमधाम से मनाया गया । कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बालूमाथ के वरिष्ठ समाजसेवी सह पूर्व फुटबॉलर रह चुके प्रेम प्रसाद गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि लेफ्टिनेंट वसी इमाम, मो अबुल, विद्यालय शिक्षक राजीव रंजन, मो निजामुद्दीन, आशीष पांडे, युवा समाजसेवी सह पत्रकार अजीत कुमार आदि उपस्थित रहे। मौके पर 74 वीं एनसीसी दिवस पर केक काटकर मंचासीन अतिथियों ने कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान एनसीसी सीनियर राहुल कुमार ने कार्यक्रम का मंच संचालन किया। मौके पर मुख्य अतिथि प्रेम प्रसाद गुप्ता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए

एनसीसी कैडेट्स को कई महत्वपूर्ण टिप्स दिए। कहा एनसीसी समाज के बीच रहकर शांति सौहार्द का प्रतीक होता है । कभी भी जरूरत पड़ने पर देश की रक्षा के लिए अपना योगदान देने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। हर किसी को एनसीसी करना चाहिए। वहीं लेफ्टिनेंट कमांडर मोहम्मद वसीम इमाम ने भी इस अवसर पर अपने मंतव्य को रखा। मौके पर एनसीसी कैडेट्स ने एक से बढ़कर एक नृत्य भाषण गाना आदि प्रस्तुत किए जिसमें अच्छा नृत्य करने वालों में से बबीता कुमारी, प्रीति कुमारी एवं गाने में मुनीता कुमारी, कविता कुमारी, कृष राज, मनीता कुमारी, ग्रुप डांस में बसंती ग्रुप आदि ने बहुत ही अच्छा आकर्षक प्रस्तुति दी । जिन्हें मंचासीन अतिथियों द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम के पूर्व मंचासीन अतिथियों को एनसीसी कैडेट्स डायरी और पेन देकर सम्मानित किया गया । मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे एनसीसी सीनियर पिंटू कुमार, विजय कुमार(दीपक कुमार), राहुल कुमार, सतीश कुमार, राजकिशोर पासवान, अभिषेक कुमार, तौसीफ ,कृष्णा कुमार, प्रिंस कुमार, अमन प्रेम आदि महजूद रहे।

किसानों को सुखाड़ राहत के तहत लाभ दिलाने का प्रयास हुआ शुरू

नवीन मेल संवाददाता

बरवाडीह। झारखंड सरकार द्वारा क्षेत्र को सुखाड़ क्षेत्र घोषित किए जाने के बाद सभी किसानों को सुखाड़ राहत के तहत लाभ दिलाने का प्रयास शुरू हो गया। इसके तहत सभी किसानों को अपने-अपने पंचायतों में आवेदन पत्र जमा करने का निर्देश दिया गया है। इसके तहत रविवार को प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालय में शिविर लगाकर किसानों को सूखाड राहत का लाभ दिलाने हेतु आवेदन पत्र जमा कराए गए। प्रखंड के खुरा पंचायत सचिवालय में मुखिया जितेंद्र सिंह ,बरवाडीह मुखिया कालो देवी, मोरवाई मुखिया आशीष सिंह समेत सभी पंचायतों में मुखिया के नेतृत्व में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायत के सभी लाभुकों से सूखाड राहत का लाभ दिलाने हेतु आवेदन पत्र प्राप्त किया गया। जिसमें किसानों से ईकेवाईसी अपडेट निबंधन व बैंक की पासबुक, रसीद , आधार कार्ड की छायाप्रति जमा कराया कराए। खुरा पंचायत के मुखिया जितेंद्र सिंह नेपंचायत के सभी किसानों सुखाड़ राहत का लाभ लेने हेतु आवश्यक रूप सेपंचायत सचिवालय पंजीकरण कराते हुए अपना आवेदन पत्र पंचायत सचिवालय में आवश्यक रूप से जमा करें जिससे राहत योजना का लाभ मिल सके। वही बीडीओ राकेश सहाय ने प्रखंड के सभी किसानों से आग्रह किया है कि सूखाड राहत से लाभ लेने हेतु सभी किसानों अपना अपना आवेदन पत्र पंचायत सचिवालय, कृषि पदाधिकारी या प्रखंड कार्यालय में आकर जमा करें।

डीवीसी ने उपलब्ध कराया एंबुलेंस

लातेहार। दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) ने तुबेद कोल माइन परियोजना क्षेत्र के डीही पंचायत को एक एंबुलेंस उपलब्ध कराया है। डीवीसी के तुबेद कोल माइन के मुख्य अ?भियंता-एक (माइनिंग) जगेश कुमार मंडिये ने डीही पंचायत के मुखिया को एक कार्यक्रम में एंबुलेंस की चाबी सौंपी। मुखिया एवं अन्य ग्रामीणों ने डीवीसी के इस कार्य की सराहना की और इसके लिए आभार प्रकट किया। उन्होने कहा कि एंबुलेंस मिलने से ग्रामीणों को काफी सहुलियत होगी। एंबुलेंस नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को इमरजेंसी में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। मौके पर मुख्य अभियंता ने कहा कि डीवीसी अपने सामाजिक दायित्वों के तहत परियोजना क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

धीरे- धीरे परवान चढ़ रहा किशुनपुर में आयोजित प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट

फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन करते अतिथिगण

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले के पाटन प्रखंड क्षेत्र के किशुनपुर स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में जिस फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने किया था। वह अब धीरे धीरे परवान चढ़ रहा है। इस पूरे कार्यक्रम का आयोजन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी और पूर्व सांसद मनोज कुमार के तहत और देखरेख में आयोजित किया जा रहा है। रविवार को फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरा दिन का खेल पांकी प्रखंड बनाम जक्शन बरवाडीह प्रखंड के बीच खेला गया। जिसमें बरवाडीह प्रखंड की टीम दो गोल से विजयी रही। इस दिन के मैच में बतौर मुख्य अतिथि जंघासी पंचायत के मुखिया पति अविनाश कुमार सिंह उर्फ मुकेश सिंह और टूर्नामेंट के संरक्षक सह निवेदक पलामू के पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार उपस्थित रहे। पूर्व सांसद की ओर से लगातार दोनों टीम के खिलाड़ियों को जर्सी और पैंट का वितरण किया जा रहा है। आज के मैच के उद्घाटनकर्ता के रूप में किशुनपुर पश्चिमी क्षेत्र के पंचायत समिति सदस्य मनोरंजन गिरी थे। मैच का प्रारंभ मुख्य अतिथि के साथ-साथ छतरपुर पाटन विधान सभा क्षेत्र के छतरपुर विधायक प्रतिनिधि शंभू यादव द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। मैन ऑफ द मैच विजेता टीम के खिलाड़ी को किशुनपुर पंचायत के ग्राम मनिका निवासी पप्पू सोनी जी को दिया गया। वहीं सोमवार का मैच सदर प्रखंड बनाम लातेहार प्रखंड के बीच दो बजे से खेला जाएगा। यह जानकारी विधायक प्रतिनिधि (जिला परिषद्) उमेश सिंह ने दी ।

ओबीसी मोर्चा ने किया विरोध प्रदर्शन

मेदिनीनगर। पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण न देने व 27 फीसद आरक्षण लागू करने की मांग को लेकर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के द्वारा शनिवार को मोरहाबादी से राजभवन तक आक्रोश रैली निकाली। रैली में पलामू सहित कई जिलों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। मौके पर मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि निकाय चुनाव में आरक्षण कोटा लागू न करना ओबीसी समुदाय के साथ भेदभाव को दर्शाता है। दूसरी ओर राज्य में ओबीसी का आरक्षण 14 से बढ़ाकर 27 फीसदी किया गया। लेकिन बिना लागू किए इसे नौवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए केंद्र को भेज दिया गया। मोर्चा ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर ट्रिपल टेस्ट की बुनियाद पर ओबीसी का इम्पीरीकल डाटा तैयार करने के लिए सरकार के फैसला करने की मांग किया है।

नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का प्रमुख ने किया उद्घाटन

नि: शुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन करते फ्लाई फाउंडेशन

नवीन मेल संवादाता

पांकी। प्रखंड के चौराहा गांव में फ्लाई इंडिया फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, उप प्रमुख अमित चौहान,पांकी पश्चिमी मुखिया पति-नेहाल अंसारी ने सयुक्त रूप से दीपप्रज्वलित कर उद्घाटन किया। मौके पे फ्लाई इंडिया फाउंडेशन के हेड रजनीश कुमार ने बताया कि ग्रामीण छेत्रो में शिविर लगा कर ग्रामीणों के स्वास्थ्य जांच का सीधा लाभ दिया जा रहा है, डॉ बी०पी०गफ्फार ने बताया कि जोड़ो का दर्द,कान गला,घुटनों के दर्द,ब्लड प्रेशर,समेत सभी बीमारियों का निशुल्क जांच कर मुफ्त दवा दिया जा रहा है। मौके पर, तैयब अंसारी,राधिका भुइयां, मुस्ताक अंसारी समेत सैडको लोग उपस्थित थे।

आगंनवाड़ी केन्द्र की बच्चियों के बेहतर उपचार के लिए जिला प्रशासन संवेदनशील

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जिले के तरहसी प्रखंड के सेलारी गांव छेचानी आंगनबाड़ी केन्द्र की दो बच्चियों का बेहतर इलाज कराने में जिला प्रशासन सक्रियता दिखा रहा है। जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे के निर्देश पर शनिवार की रात मेदिनीनगर के एक निजी अस्पताल से दोनों को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स ले जाया गया है। तरहसी के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी सच्चिदानंद महतो अपनी देख रेख में इलाज के लिए दोनों को रिम्स ले गये हैं। रांची रोड स्थित निजी अस्पताल में शनिवार की रात एंबुलेंस पहुंची। यहां से रात को ही दोनों बच्चियों को रांची ले गया। उपायुक्त के द्वारा बच्चियों के इलाज में 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी गयी है। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने 50 हजार रुपये का चेक बच्चियों के परिजन को सौंपा। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने बताया कि अपने नेतृत्व में दोनों बच्चियों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स में बने नये ट्रामा सेंटर में भर्ती करायेंगे। परिवार वालों को भरोसा दिलाया गया है कि बच्चियों का बेहतर इलाज होगा। रिम्स में स्पेशल बर्न केस के लिए ट्रामा सेंटर इन दिनों बनाया गया है। हालांकि परिजन रांची जाने से हिचक जा रहे हैं, लेकिन प्रशासन लगातार उन्हें भरोसा दे रहा है। उपायुक्त स्तर से बेहतर इलाज कराने के संबंध में दिशा निर्देश मिला है। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने कहा कि तीन दिनों तक बच्चियों का मेदिनीनगर के निजी अस्पताल में इलाज किया गया। उनके स्वास्थ्य में सुधार है, लेकिन पूरी तरह ठीक करने के लिए रांची ले जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस मामले में सेविका को तो शोकॉज किया गया है। उपायुक्त जवाब नहीं मिलने पर विभागीय कार्रवाई की जायेगी। इधर बच्चियों की दादी पातो देवी सहित गांव की अन्य महिलाओं ने प्रशासन से बेहतर इलाज की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा है कि दोनों को पूरी तरह ठीक करने में सक्रियता दिखाया जाये। बताते चलें कि तरहसी प्रखंड के सेलारी पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय छेचानी में चावल बना कर रखे गये गर्म माड़ में गिरने से आंगनबाड़ी केन्द्र की दो बच्चियां बुरी तरह झुलस गयी है। वहीं आंगनबाड़ी केन्द्र का अपना भवन नहीं रहने के कारण उत्क्रमित मध्य विद्यालय के पुराने भवन में आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन किया जाता है। इसी से सट कर उत्क्रमित मध्य विद्यालय भी चलता है। जख्मी बच्चियां इसी टोले के रहनेवाले परमेश्वर साहू की 5 वर्ष की शिबू कुमारी एवं तीन वर्ष की ब्यूटी कुमारी हैं।

बच्चियों का इलाज कराते जिला प्रशासन

कांग्रेस का भारत जोड़ो यात्रा लामी पथरा पहुंचा

भारत जोड़ो यात्रा करते कांग्रेसी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिला में कांग्रेस पार्टी की भारत जोड़ो पदयात्रा लगातार जारी। रविवार को पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा भारत जोड़ो यात्रा में पलामू जिला अध्यक्ष जयेश रंजन पाठक , पड़वा प्रखंड के प्रभारी रामआशीष पांडे, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष विमला कुमारी, शमीम अहमद राईन, सत्यानंद दुबे, राजेश चौरसिया, अशोक पासवान, शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सलाउद्दीन अंसारी ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत मजगामा पंचायत से होते हुए लामी पथरा बाजार तक की गई। भारत जोड़ो यात्रा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नफरत छोड़ो देश जोड़ो सहित कई नारे लगाया। वहीं लोगों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि देश में नफरत का माहौल पैदा किया जा रहा है। केंद्र की वर्तमान सरकार हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई को आपस में लड़ा कर सत्ता में बने रहना चाहती है। जो देश की एकता और अखंडता के लिए खतरा है। कांग्रेस पार्टी देश की संस्कृति और संस्कार को बचाने के लिए लड़ाई लड़ रही है। कांग्रेस देश को तोड़ने की नहीं जोड़ने की राजनीति करती है। मौके पर अजय साहू, देवगंग शुक्ला, देवराज राम, प्रदीप पासवान, रामजन्म सिंह, अभय पांडे, फारूक अंसारी, इम्तियाज अंसारी, लालची बुढ़िया, भीम महतो, योगेंद्र राम, अजय, कालीचरण मेहता मौजूद रहे।

सम्पादक की कलम से...

भारतीय जीवन दर्शन का ग्रंथ है संविधान

किसी भी देश के लिए एक विधान की आवश्यकता होती है। देश के विधान को संविधान कहा जाता है। यह अधिनियमों का संग्रह है। भारत के संविधान को विश्व का सबसे लंबा लिखित विधान होने का गौरव प्राप्त है। भारतीय संविधान हमारे देश की आत्मा है। इसका देश से वही संबंध है, जो आत्मा का शरीर से होता है। भारत का संविधान 26 नवम्बर 1949 को बनकर पूर्ण हुआ था। चूंकि डॉ. भीमराव आम्बेडकर संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे, इसलिए भारत सरकार द्वारा उनकी 125वीं जयंती वर्ष के रूप में 26 नवम्बर 2015 को प्रथम बार संविधान दिवस संपूर्ण देश में मनाया गया। उसके पश्चात 26 नवम्बर को प्रत्येक वर्ष संविधान दिवस मनाया जाने लगा। इससे पूर्व इसे राष्ट्रीय विधि दिवस के रूप में मनाया जाता था। संविधान सभा द्वारा देश के संविधान को 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में पूर्ण किया गया था। इस पर 114 दिन तक चर्चा हुई तथा 12 अधिवेशन आयोजित किए गए। भारतीय संविधान को बनाने में लगभग एक करोड़ की लागत आयी थी। भारतीय संविधान में डॉ. राजेंद्र प्रसाद को 11 दिसम्बर 1946 में स्थाई अध्यक्ष मनोनीत किया गया था। भारतीय संविधान पर 284 लोगों ने हस्ताक्षर किए थे। यह 26 नवम्बर 1949 को पूर्ण कर राष्ट्र को समर्पित किया गया। इसके पश्चात 26 जनवरी 1950 से देश में संविधान लागू किया गया। इससे पूर्व देश में भारत सरकार अधिनियम-1935 का कानून लागू था। कोई भी वस्तु पूर्ण नहीं होती है। समय के अनुसार उसमें परिवर्तन होते रहते हैं। भारतीय संविधान लागू होने के पश्चात इसमें 100 से अधिक संशोधन किए जा चुके हैं। ऐसा भविष्य में भी होने की पूर्ण संभावना है। भारतीय संविधान में सरकार के अधिकारियों के कर्तव्य एवं नागरिकों के अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया गया है। संविधान सभा के कुल सदस्यों की संख्या 389 थी। इनमें 292 ब्रिटिश प्रांतों के चार चीफ कमिश्नर थे, जबकि 93 सदस्य देशी रियासतों के थे। विशेष बात यह है कि देश की स्वतंत्रता के पश्चात संविधान सभा के सदस्य ही देश की संसद के प्रथम सदस्य बने थे। देश की संविधान सभा का चुनाव भारतीय संविधान के निर्माण के लिए ही किया गया था। भारतीय संविधान के अनुसार केंद्रीय कार्यपालिका का संवैधानिक प्रमुख राष्ट्रपति होता है। भारतीय संविधान का निर्माण करने वाली संविधान सभा का गठन 19 जुलाई 1946 को किया गया था। संविधान के कुछ अनुच्छेदों को 26 नवंबर 1949 को पारित किया गया, जबकि शेष अनुच्छेदों को 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। भारत एक विशाल देश है। इसमें विभिन्न संस्कृतियों के लोग निवास करते हैं। यहां विभिन्न संप्रदायों, पंथों, जातियों आदि के लोग हैं। उनकी, रीति-रिवाज, भाषाएं, रहन-सहन एवं खान-पान भी भिन्न-भिन्न हैं। इस सबके मध्य वे आपस में मिलजुल कर रहते हैं। वास्तव में यही भारत का स्वभाव है। भारतीय संविधान में भारत के नागरिकों को छह मौलिक अधिकार प्रदान किए गए हैं, जिनका वर्णन अनुच्छेद-12 से 35 को मध्य किया गया है। इनमें समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, शोषण के विरुद्ध अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, संस्कृति और शिक्षा से संबंधित अधिकार एवं संवैधानिक उपचारों का अधिकार सम्मिलित है। उल्लेखनीय है कि पहले संविधान में सात मौलिक अधिकार थे, जिसे 44वें संविधान संशोधन-1978 के अंतर्गत हटा दिया गया। सातवां मौलिक अधिकार संपति का अधिकार था। मूल अधिकार का एक दृष्टांत है- राज्य नागरिकों के बीच परस्पर विभेद नहीं करेगा। भारतीय संविधान में भी किसी के साथ किसी भी प्रकार का भेद नहीं किया जाता। यही इसकी विशेषता है।

आज का इतिहास

1901 : भारत के प्रसिद्ध राष्ट्रवादी, समाज सुधारक, विद्वान और न्यायविद महादेव गोविन्द रानाडे का निधन।
1938 : प्रख्यात बंगाली साहित्यकार शरत चंद्र चट्टोपाध्याय का निधन।
1995 : जापान में 7.2 तीव्रता के भूकंप में 5,372 लोगों की मौत।
1989 : सोवियत संघ ने मंगल ग्रह के लिए दो साल के मानव अभियान की योजना की घोषणा की।
2003 : भारतीय मूल की कल्पना चावला दूसरी अंतरिक्ष यात्रा पर रवाना।
2006 : समाजवादी नेता माइकल बैशलेट चिली की प्रथम महिला राष्ट्रपति चुनी गयीं।
2013 : इराक में सिलसिलेवार बम धमाकों में 33 लोगों की मौत।
1556 : स्पेन के सम्राट कैरेल ने अपने पुत्र फिलीप द्वितीय को अपना उत्तराधिकारी चुना।
1581 : ब्रिटेन में संसद ने रोमन कैथलिक ईसाइयों के खिलाफ कानून पारित किया।
1681 : महाराष्ट्र के रायगढ़ किले में छत्रपति शिवाजी के पुत्र संभाजी का भव्य राज्याभिषेक हुआ।
1769 : कलकत्ता (अब कोलकाता) के अकरा में पहली बार सुनियोजित घुड़दौड़ का आयोजन किया गया।
1943 : इंडोनेशिया के अंबोन द्वीप पर अमेरिकी वायुसेना का पहला हवाई हमला।
1947 : विंसेंट ऑरियल फ्रांस के राष्ट्रपति चुने गये।
1955 : पुणे में खड्गवासला राष्ट्रीय रक्षा अकादमी का औपचारिक रूप से उद्घाटन।
1966 : भारत के शिक्षाविद एवं स्वतंत्रता सेनानी साधु वासवानी का निधन।
1989 : मलयालम सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में से एक प्रेम नजीर (मूल नाम अब्दुल खादिर) का निधन। इनके नाम सबसे अधिक 600 फिल्मों में मुख्य भूमिका निभाने का विश्व रिकार्ड है।

विवाह की बुनियाद व सहजीवन

> नये प्रकार की सामाजिक संरचना नई मान्यताओं को गढ़ती, नये तरीके की सोच रखती, नये रास्तों और विकल्पों की तलाश करती और समाज के लिए नई चुनौतियां पैदा करती है। भारत के विशेष संदर्भ में अगर बात करें तो यहां विवाह और परिवार को उच्च स्तरीय सामाजिक संस्था का दर्जा प्राप्त है, जिसका विकास एक लंबे कालखंड के दौरान हुआ है। हिंदू विधि में विवाह को एक संस्कार माना जाता है और मुसलिम विधि में एक संविदा। जब संस्कार की बात करते हैं तो पता चलता है कि एक वैध विवाह की कानून में कुछ शर्तें बताई गई हैं। मसलन, होम और सप्तपदी।

इन आज आवश्यकता इस बात की है कि वैवाहिक संबंध को पुनः परिभाषित किया जाए और अधिकारों और कर्तव्यों का पारदर्शी तरीके से परिमार्जन किया जाए। मूल्यहीनता के जिस भंवर में समाज धंसता जा रहा है उसे समय रहते उससे निकाला जाए, क्योंकि प्रभुत्व, प्रभाव और वर्चस्व की लड़ाई में कुंठित मानसिकता हावी होती है, धर्म विशेष की हठधर्मिता नहीं। समाजशास्त्री एमिले दुर्खीम का मानना था कि जब समाज में अत्यधिक तेजी से असंगत परिवर्तन होगा, तो पुराने मूल्य और परंपराएं ध्वस्त हो जायेंगी, समाज नये मूल्यों को प्रतिस्थापित नहीं कर पायेगा। ऐसा संक्रमणग्रस्त समाज मूल्य और नैतिकता से परे एक बीमार समाज को जन्म देगा। परिवर्तन प्रकृति का शाश्वत नियम है, पर जब-जब परिवर्तन की गति अनियंत्रित, अनियमित और अनुशासित रही है, प्रकृति ने कहर बरपाए हैं। नये प्रकार की सामाजिक संरचना नई मान्यताओं को गढ़ती, नये तरीके की सोच रखती, नये रास्तों और विकल्पों की तलाश करती और समाज के लिए नई चुनौतियां पैदा करती है। भारत के विशेष संदर्भ में अगर बात करें तो यहां विवाह और परिवार को उच्च स्तरीय सामाजिक संस्था का दर्जा प्राप्त है, जिसका विकास एक लंबे कालखंड के दौरान हुआ है। हिंदू विधि में विवाह को एक संस्कार माना जाता है और मुसलिम विधि में एक संविदा। जब संस्कार की बात करते हैं तो पता चलता है कि एक वैध विवाह की कानून में कुछ शर्तें बताई गई हैं। मसलन, होम और सप्तपदी। अगर उनका अनुपालन नहीं किया गया, तो विवाह वैध नहीं माना जायेगा। यानी अगर वर-वधू अपने इष्ट मित्रों को साक्षी मान कर मंदिर में माला आदान-प्रदान कर विवाह करते हैं तो उसे वैध विवाह नहीं माना जायेगा। यही कारण है कि द्विविवाह के जिन मुकदमों में न्यायालय को दोनों विवाह वैध नहीं मिलते, वहां द्विविवाह का अपराध भी सिद्ध नहीं माना जाता और फिर उस विवाह संबंध में आई महिला की सामाजिक विधिक स्थिति पर प्रश्न चिह्न लगता है। उसके भरण-पोषण के बाबत न्यायपालिका का निर्णय कैसा होगा, यह उस न्यायाधीश के उदारवादी दृष्टिकोण के अधीन होता है। इससे अलग हट कर वैध रीति से ऐसे विवाहित दंपति का प्रसंग लिया जाए, जहां विवाह दहेज प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों को धता बताते हुए दहेज की मांग और पूर्ति के अधीन संपन्न किया जाता है, वहां विवाह के बाद की जाने वाली मांग, प्रताड़ना और हत्याओं के मद्देनजर आपराधिक विधि में बड़े परिवर्तन किये जाते हैं और क्रूरता तथा दहेज हत्या को अपराध घोषित किया जाता है। समय के साथ बदलते समाज में पति और पत्नी दोनों को नौकरी करने की आवश्यकता पड़ी और नौकरी की शर्तों और दशाओं को पूरा करते हुए पारिवारिक दायित्वों का बोझ अकेले पत्नी द्वारा उठाना कठिन प्रतीत होने लगा, तो इस परिस्थिति को भांपते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं के प्रति हर प्रकार के विभेद को समाप्त करने के लिए एक अभिसमय अस्तित्व में आया (सीडा)। उसमें स्पष्ट कहा गया कि मातृत्व एक सामाजिक जिम्मेदारी है। यानी समय के साथ समाज और सामाजिक संबंधों को समझौतों की सीढ़ी पर ही चलना होता है। अन्यथा एक पक्ष द्वारा झेले जा रहे तनाव, अवसाद और कुंठा को उसकी अगली पीढ़ी न सिर्फ सिरे से खारिज करती, बल्कि इस संस्था की चूलें तक हिला देती है। अब सब कुछ बदल चुका है। अब लडकी लडकों के साथ उच्च शैक्षिक संस्थान में पढ़ती है और कई बार उसे अपने शहर से दूर जाकर रहना पड़ता है। फिर आत्मनिर्भर बनने की प्रक्रिया में सरकारी, निजी, गैरसरकारी, संगठित या असंगठित क्षेत्र में नौकरी करनी पड़ती है। ऐसे में इस युवा पीढ़ी के साथ जाने-अनजाने ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न होती हैं, जब इन्हें अपने विपरीत लिंगी व्यक्ति के साथ भी रहना पड़ता है। इसका कानूनी संदर्भ में देखें तो लगता है कि हमारे यहां कानून में इस आशय का कोई भी विधान नहीं है, जो दो वयस्क लोगों को स्वेच्छा से साथ रहने में किसी प्रकार की कोई रोक लगाता हो। यहां कानून नैतिकता के साथ कदमताल में पीछे छूट जाता है। हांलाकि कानूनी तौर पर किसी कृत्य को अपराध न मानना एक बात है और रूढ़िवादिता की जड़ों में पनपते पितृसत्तात्मक समाज का घृणास्पद पहलू दूसरी बात। ऐसी परिस्थितियां भी समाज में बनने लगी हैं कि वयस्क युवक-युवतियां बिना विवाह के एक साथ एक छत के नीचे पति-पत्नी की तरह रहने लगे हैं।

■ विभा त्रिपाठी

श्रद्धा 'ऑफ' हो गई

ओ बेटियों के भोले-भाले माता-पिताओ! आप सभी को मेरा टुकड़ावाद स्वीकार हो। आशा करता हूँ कि आप सभी मुझे अब तक बखूबी पहचान गये होंगे। मैं 'उसके' बारे में कुछ कहना चाहता हूँ। वह मेरे साथ रहती थी और मैं उसके साथ सोता था। वह रहने को प्यार समझती थी। मैं सोने को 'मौके पर चौका'। वह न जाने मुझसे क्या चाहती थी। मैं ठहरा 'यूज एंड थ्रो' का हिमायती और वह थी मुझे 'एक खूँटी' से बाँधे रखने की जिद पर अड़ी रहने वाली 'मस्त माल'। दोनों साथ में कहीं जाते तो वह गुलाब, टेड्डी या अन्य उपहारों की मांग करती नजर आती। उसे कौन समझाता कि पगली बाजार में चाकू, फ्रिज, फार्माल्डिहाइड भी मिलते हैं। यह सब छोड़कर गुलाब, टेड्डी या अन्य उपहारों से दिल लगाना 'टंडराती' लड़कियों को शोभा नहीं देता। जिस तरह माइनस इंटु मानस प्लस होता है ठीक उसी तरह दिल इंटू दिल प्यार होता है। वह पगली मुझसे दिल लगा बैठी और मैं अपना शातिर दिमाग। भला किसी ने सुना है कि दिल लगाने वाली चिड़िया का शातिर दिमाग वाले बहेलिए से प्यार हो गया? शिकारी का ईमान ही शिकार करना है। प्यार करना उसके डि.एन.ए. में नहीं होता। गाय सी भोली और मिमियाती बकरी सी कोई टू इन वन लड़की मिले तो भला गाय और बकरी को अलग-अलग काटने की बेफिजूल मेहनत क्यों करें? वैसे भी गाय और बकरी के खून में नमक नहीं होता। नमक में विश्वास होता है। और ऐसा नमकीन खून लिए किसी पर आफताब हो जाने वाली लड़की मिले तो कहना ही क्या। लोग बेवजह में चाकू को बदनाम करते हैं। चार सब्जियाँ काटकर चाकू की धार हाँफने लगती है और जबकि विश्वासघात वाले चाकू की धार कभी मंद नहीं पड़ती। मैं यह सब इसलिए बता रहा हूँ कि उसे मेरी यह खूबियाँ बहुत अच्छी लगीं। न मुझे उसे फंसाने में मशक्कत करनी पड़ी और न टुकड़े करने में। मैं भेड़िया था और वह हिरणी। मैंने एसिड अटैक वाली लड़कियों पर आँसू बहाये। एलजीबीटी वालों के प्रति हमदर्दी दिखाई। दीवाली में चार बधाइयों वाला ढोंग क्या किया वह 'टिंडर' पर अपनी 'टुकड़िया मौत' का 'टेंडर' ही दे बैठी। कैसे बताऊँ कि टुकड़े करने का टेंडर कोई आसान नहीं होता। बड़ी मेहनत लगती है। दुनिया में इतने सारे लोग पड़े हैं फिर भी उसने मुझे चुना। इसलिए कि उसने 'इंस्टा' पर सब्जी काटने की मेरी कला को खूब लाइक किया था। वह बार-बार कहती तुम बहुत अच्छा काटते हो। कभी मुझे भी दिखाओ न। मैं उसे नाराज कैसे कर सकता था। मैंने बड़े सलीके से उसके पैंतीस टुकड़े किए। विश्वास के प्लेट में बीचों बीच उसका कटा सिर रखकर शेष चौंतीस टुकड़े उसकी आँखों के सामने काटे। मैं शाहजहाँ से भी महान हूँ। उसने मुमताज के मरने के बाद उसकी फरमाइश पूरी की। मैंने पूरी श्रद्धा के साथ मेरी मुरीद की आँखों के सामने उसके धड़ के टुकड़े कर उसकी मुराद पूरी की। मैं उन सभी माता-पिताओं का शुक्रिया अदा करना चाहता हूँ जिन्होंने अपनी बेटी को गायों और बकरियों की तरह पाला। कभी उन्हें शेर बनने नहीं दिया। जूडो-कराटे बेटों को सिखाकर चौका-बेलन बेटियों को सौंपना हम जैसों के लिए बड़ा उपकार है। इसी तरह उन्हें बनाते रहिये जिससे कि मुझ जैसे 'लव जी' का तुक्का छोड़ते हुए टुकड़े करने की सारी 'हदें' पार करते जाने का कीर्तिमानबनाएँ। आपका 'आह''श्राप'

■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
मो. नं. 73 8657 8657

क्यों चौंका रहे हैं नेपाल चुनाव के नतीजे

नेपाल की चुनाव प्रक्रिया जटिल है। इसके नतीजे अंतिम रूप से आने में पूरे दस दिन का समय लग जाता है। लेकिन जो इसकी प्रत्यक्ष सीटों के नतीजे आए हैं, उनसे मोटे तौर पर एक अंदाजा लगाया जा सकता है कि नेपाल में जनादेश किस तरह का है। प्रत्यक्ष प्रतिनिधियों की 165 सीटें केंद्र में हैं और ऐसी 330 सीटें राज्यों की विधानसभाओं में हैं। अभी जैसा दिख रहा है, चुनाव के कुछ रुझान तो बहुत स्पष्ट हैं- एक तो यह कि मिली-जुली सरकारें केंद्र और शायद सभी राज्यों में भी बननी हैं। केंद्र और सात में से एक भी राज्य में किसी पार्टी को अपने दम पर सरकार बनाने लायक 50 फीसदी से ज्यादा सीटें नहीं मिलने वालीं। दूसरे, इस जनादेश में नेपाली कांग्रेस लीडरशिप की पोजिशन में है। कुल प्रत्यक्ष सीटों में से एक तिहाई नेपाली कांग्रेस को मिली हैं। जो परोक्ष वोटिंग होती है, यानी जो वोट प्रत्याशी को नहीं, पार्टी को दिए जाते हैं, मोटे तौर पर वहां भी यही स्थिति है। एक तिहाई या इससे थोड़ा ज्यादा (56) सीटें नेपाली कांग्रेस को मिल रही हैं। नेपाली कांग्रेस के साथ दिक्कत यह है कि वह सबसे बड़ा गठबंधन लेकर चुनाव में गई थी, लेकिन सहयोगियों के नतीजे काफी खराब आए। गठबंधन में दूसरे नंबर की पार्टी माओवादी कम्युनिस्ट सेंटर है, जिसकी 17 सीटें आती दिख रही हैं। नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी- संयुक्त समाजवादी को दस और लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी को तीन सीटें मिल सकती हैं। मोटे तौर पर प्रत्यक्ष चुनाव वाली 165 सीटों में 85 से 90 के बीच गठबंधन की आ रही हैं। यह सब मिलाकर भी उनकी मेजॉरिटी मुश्किल से ही बन रही है, लेकिन ऐसा लग रहा है कि यह गठबंधन जनादेश को अपने पक्ष में क्लेम कर सकता है। बात करें 110 अप्रत्यक्ष सीटों की, जो पार्टियों को मिले वोटों के आधार पर चुने गए प्रतिनिधियों से भरी जाती हैं, तो इनका भी रुझान ऐसा ही है। इससे लग रहा है कि यह मैंडेट सत्तारूढ़ गठबंधन के पक्ष में होते हुए भी एकतरफा नहीं है। इसके विरोध में जो विपक्षियों का गठबंधन है, वह नाममात्र का ही है। वह लगभग पूरी तरह से नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी एमाले है, जिसे कुछ समय से लोग केपी शर्मा ओली की पार्टी भी कहने लगे हैं। नेपाली राजनीति में ओली चर्चित व्यक्तित्व हैं। उनके प्रधानमंत्री रहते हुए काफी विवाद खड़े हुए, खासकर भारत को लेकर। भारत के बरक्स उनका झुकाव चीन की तरफ ज्यादा रहा है। इनकी पार्टी के गठबंधन में 140 से ज्यादा सीटें प्रत्यक्ष सीटें एमाले ने ही लड़ीं और बीसेक सीटें उन्होंने अपने सहयोगियों को दीं। सब मिलाकर अभी ऐसा लग रहा है कि उनकी 50 के आसपास सीटें ही आ रही हैं, इससे ज्यादा नहीं। इस आधार पर वह सरकार बनाने का दावा तो नहीं कर सकते, लेकिन एक मजबूत विपक्ष के रूप में वह बने रहेंगे। **जमीनी बदलाव :** जिस तरह से हम भारत में जनमत की व्याख्या करते हैं, उस तरह से देखने पर यह कहा जा सकता है कि यह मैंडेट नेपाली कांग्रेस वाले गठबंधन के पक्ष में और नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी एमाले के विरोध में है। लेकिन यह ऊपरी बात ही है, क्योंकि नेपाल में जमीनी स्तर पर बहुत सारी नई बातें हुई हैं। एक तो यह कि नेपाली स्वतंत्र पार्टी को काफी मजबूत मैंडेट मिला है। सरकार बनाने के खेल में तो वह नहीं रह सकती, दस-बारह सीटों के बल पर, लेकिन खासकर काठमांडू में उसने दस में से चार सीटें जीत लीं। यह देखकर नेपाल की पुरानी पार्टियों- नेपाली कांग्रेस, नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी एमाले, माओवादी कम्युनिस्ट सेंटर, सबके चेहरे पर हवाइयां उड़ रही हैं। इसे बनाया रबि लामिचने ने, जो गीत-संगीत से जुड़े व्यक्तित्व रहे हैं। उन्होंने बहुत सारे अकादमिक और दूसरे क्षेत्रों के विशेषज्ञों को साथ में लेकर यह चुनाव लड़ा। सबसे बड़ी बात यह कि उन्होंने प्रवासी नेपालियों के साथ मजबूती से खड़े होने का फैसला किया। गल्फ में फंसे कई नेपाली मजदूरों को अपने खर्च पर देश वापस लाए।

■ चंद्रभूषण

धर्म दर्शन

श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

अथ प्रथमोऽध्यायः

मेरे ऐसा कहनेपर कामसे आहत चित्तवाले उस दुष्ट दानवने कृश उदरवाली मेरी उस प्रिय सखीसे विनयपूर्वक कहा- ॥ 27 ॥

हे कृशोदरि ! तुमने मेरे ऊपर कोई मन्त्र-प्रयोग कर दिया है। हे कान्ते! उसीसे मोहित होकर मेरा मन तुम्हारे वशमें हो चुका है। उसी मन्त्रने मुझे अब तुम्हारा दास बना दिया है, इसमें कोई सन्देह नहीं है। इसलिये कामबाणसे आहत मुझ अत्यन्त विवशको अब तुम स्वीकार कर लो। हे रम्भोरु! तुम्हारा दुर्लभ तथा चंचल यौवन व्यर्थ जा रहा है। इसलिये हे कल्याणि ! पतिभावसे मेरा आलिंगन करके इसे सफल कर लो ॥ 28-30 ॥

एकावली बोली- मेरे पिता राजकुमार हैहयको मुझे देनेका पहले ही निश्चय कर चुके हैं। मैंने भी उन महाभागका मनसे वरण कर लिया है ॥ 31 ॥

सनातनधर्मका त्याग करके तथा कन्याधर्म छोड़कर मैं दूसरेको पतिरूपमें कैसे स्वीकार करूँ ? आप भी तो शास्त्रीय नियमको जानते ही हैं। पिता कन्याको जिसे सौंप दे, कन्या उसीको पति बना ले। कन्या इस विषयमें सदा पराधीन रहती है, उसे स्वतन्त्रता कभी नहीं रहती ॥ 32-33 ॥

[हे राजकुमार!] उस एकावलीके ऐसा कहनेपर भी वह पापात्मा कालकेतु राजकुमारीपर मोहित रहनेके कारण अपने निश्चयसे विचलित नहीं हुआ और उसने विशाल नेत्रोंवाली एकावलीको तथा उसके पासमें स्थित मुझको नहीं छोड़ा ॥ 34 ॥

उस कालकेतुका नगर अनेक प्रकारके संकटोंसे युक्त एक पाताल-विवरमें विद्यमान है। वहींपर चारों ओर खाइयोंसे घिरा हुआ तथा राक्षसोंसे पूर्णतया रक्षित उसका सुन्दर दुर्ग है। मेरी प्राणप्यारी सखी` एकावली वहीं पर दुःखके साथ पड़ी हुई है। इसलिये उसके विरहसे अत्यन्त व्यथित होकर मैं यहाँ विलाप कर रही हूँ ॥ 35-36 ॥

एकवीरने कहा- हे वरानने! उस दुष्टात्मा` कालकेतुके नगरसे तुम यहाँ कैसे आ गयी ? इस बातसे मैं बहुत ही आश्चर्यचकित हूँ; तुम मुझसे इस विषयमें बताओ ॥ 37 ॥

हे भामिनि ! अभी तुमने जो कहा है कि एकावलीके पिताने उसका विवाह हैहयके साथ करनेका निश्चय किया है, वह बात मुझे अत्यन्त सन्देहास्पद प्रतीत हो रही है। हैहय नामका राजा मैं ही हूँ, अन्य कोई राजा नहीं है। सुन्दर नेत्रोंवाली वह तुम्हारी सखी अपने पिताके द्वारा कहीं मेरे लिये ही तो कल्पित नहीं की गयी है ?।। 38-39 ॥

- क्रमशः

संपादक के नाम पाठकों की पाती

तेज गति से खतरा

रात में दस बजे के बाद मुख्य सड़कों पर कई वाहन गुजरते हैं। इनमें छोटे-मोटे वाहनों के अलावे कई बड़े ट्रक भी होते हैं। इन वाहनों में हाइवा इन सड़को पर कुछ ज्यादा ही तेज चलते दिखाई देते हैं। यह एक साथ छह-सात या उससे ज्यादा की संख्या में चलते हैं। इनकी तेज गति के कारण छोटे व दो पहिया वाहनों को चपेट में आकर दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा रहता है। वहीं कई ट्रक चालक अपना वाहन काफी सावधानी के साथ चलाते हैं, जिनसे किसी को कोई खतरा महसूस नहीं होता है। रात में चलने वाले छोटे वाहन किसी जरूरी कार्य से ही निकलते हैं। अगर वे रास्ते में दुर्घटनाग्रस्त हो जाये तो मुश्किल हो सकती है। लेकिन, रात में पेट्रालिंग वाहन के चलने के कारण शहरी क्षेत्र में लोगों को काफी महसूस हुई है। पेट्रालिंग वाहन को देखकर वाहन चालकों व अन्य लोगों को काफी हिम्मत मिलती है।, ऐसे में हाइवा की तेज चाल के कारण सड़क गड्ढो के पास दुर्घटना का संभावना बनी रहती है। ज्ञात हो कि दुर्घटनाओं की संख्या प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। मैं आपके लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से रात में हाइवा की गति पर रोक लगाने का अनुरोध प्रशासन से करता हूं।

■ दिनेश अग्रवाल , मेदिनीनगर।

कैसी चल रही है भारत व अमेरिका की दोस्ती

पिछले दिनों वाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की पोती नाओमी की शादी हुई, जिसमें वह बहुत रिलैक्स्ड दिखे। इसकी वजह भी थी। अमेरिका में पिछले दिनों आए मध्यावधि चुनाव के नतीजे दिखाते हैं कि वोटरों ने कट्टरपंथियों को खारिज कर दिया। इससे लगता है कि बाइडन सरकार की पकड़ बनी रह सकती है। लेकिन उम्र के 80वें पड़ाव पर पहुंचने वाले बाइडन के लिए आगे कई चुनौतियां भी हैं। हाउस रिपब्लिकंस के कंट्रोल में है, जो उनके अजेंडे को कमजोर करने की कोशिश करेंगे। हो सकता है कि हाउस एक या दो कैबिनेट मेंबरों के खिलाफ अवैध इमिग्रेशन को 'अनदेखा' करके अमेरिकी सुरक्षा को खतरे में डालने के मामले की जांच शुरू करे। फिर डॉनल्ड ट्रंप तीसरी बार राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने की हुंकार भर रहे हैं। इससे विदेशी और घरेलू दोनों मोर्चों पर बाइडन सरकार की दिक्कतें बढ़ सकती हैं। ट्रंप के खिलाफ चल रही जांच की निगरानी के लिए एक विशेष अभियोजक की घोषणा हुई है, जिसका मतलब है आने वाली परेशानी। बाइडन के नामित एरिक गासेर्टी के पास अभी भी सीनेट के वोटों की पुष्टि नहीं हुई है, वहीं उनकी शख्सियत पर भी सवाल उठने लगे हैं। उनके पूर्व चीफ ऑफ स्टाफ के खिलाफ यौन उत्पीडत के आरोपों के दो नए मामले सामने आए हैं। **अमेरिकी कूटनीति :** इस बीच वहां भारत के लिए क्या है? बाइडन के डिप्टी एनएसए जोनाथन फाइनर ने 2022 को भारत-अमेरिका संबंधों के लिहाज से अहम साल बताया। उन्होंने वादा किया कि 2023 में भी दोनों देशों के बीच उच्चस्तर पर बातचीत होगी और आने वाला साल इस तरह से और भी अहम होगा। भारत की त्र-20 प्रेसिडेंसी उनके रडार पर है और इस दौरान अमेरिकी अधिकारी नई दिल्ली के कई कार्यक्रमों को हाइलाइट करने, उनमें हिस्सा लेने और उन्हें बढ़ावा देने की कोशिश करेंगे। बाली में जी-20 बैठक में भारत ने जिस तरह से साझे बयान पर सहमति बनाई, उसकी सभी ने तारीफ की। फाइनर के बयान से भी लगता है कि अमेरिका भारत से खुश है, लेकिन परदे के पीछे की तस्वीर जटिल है। दोनों पक्षों में यह भावना है कि राजनीतिक गर्माहट गायब है। यूक्रेन युद्ध पर भारत के सावधान रुख के बारे में अमेरिकी अधिकारियों के बीच गुस्सा अभी भी बना हुआ है। भारत में धार्मिक स्वतंत्रता और अल्पसंख्यकों के अधिकारों को लेकर लगातार चिंताएं जताई जा रही हैं। भारतीय राज्यों में आने वाले धर्मांतरण विरोधी कानूनों को लेकर कार्यकारी और विधायी दोनों शाखाएं चिंतित हैं। वहीं भारत की नाराजगी की भी लंबी लिस्ट है। सरकार के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने पीएम मोदी का उदाहरण देते हुए बताया कि अमेरिका स्थानीय अदालती मामलों से सऊदी क्राउन प्रिंस को कानूनी प्रतिरक्षा क्यों दे रहा था। यह प्रतिरक्षा उच्च पद के साथ आती है। आम लोगों के लिए अमेरिकी वीजा भी दुख की कहानी है। लोगों के फंसे होने की दुखद खबरें हैं, वे अपने बीमार माता-पिता से मिलने नहीं जा सकते हैं, या अमेरिका वापस नहीं जा सकते हैं क्योंकि उन्हें अपने पासपोर्ट में एक नये एच-1बी स्टैंप की जरूरत है। अमेरिकी दूतावास की वेबसाइट के मुताबिक बीते रविवार को नई दिल्ली में पर्यटक वीजा के लिए वेटिंग 936 दिनों की थी। जाहिर है, एजेंटों ने इसे अपने लिए अच्छा अवसर बना लिया है और ग्राहकों को परेशान कर रहे हैं। अभी भी भारत में कोई अमेरिकी राजदूत नहीं है। केवल टेंपरेरी अधिकारी हैं और उनमें से छह तब से हैं, जब से बाइडन ने पदभार संभाला है। अड़चनें पाकिस्तान को लेकर अमेरिकी रुख से भी है। सन-16 लड़ाकू विमानों के लिए 45 करोड़ डॉलर का पैकेज, वित्तीय कार्रवाई कार्य बल की ग्रे-लिस्ट से पाकिस्तान को हटाना, अमेरिकी राजदूत डॉनल्ड ब्लूम का अचानक पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में जाने का फैसला और यह कहना कि इसे 'आजाद जम्मू-कश्मीर' कहा जाता है, ये बातें दोनों देशों के संबंधों के लिए अच्छी नहीं हैं। इन्हें देखकर दीवार फिल्म का एक डायलॉग याद आता है- 'मेरे पास मां है'।

■ सीमा सिरोही

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

न्यूज गैलरी

कौशांबी में अनियंत्रित वाहन पेड़ से टकाराया, 12 लोग घायल, चार की हालत गंभीर

कौशांबी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले के शीतला धाम कड़ा कोतवाली क्षेत्र में रविवार को देवीगंज-फतेहपुर मार्ग पर अनियंत्रित वाहन पेड़ से टकरा गया। दुर्घटना में कम से कम 12 लोग घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को निजी वाहनों से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जिसमें चार लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस निरीक्षक अखिलेश तिवारी ने बताया कि बोलेरो गाड़ी में सिराथू कस्बे के 12 से अधिक लोग बोलेरो गाड़ी से फतेहपुर जा रहे थे। जैसे ही गाड़ी बरवा गांव के पास पहुंची अचानक से अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिसमें 12 लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार कराया जा रहा है। पुलिस ने लापरवाही से गाड़ी चलाने पर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

प्रहलाद जोशी को जन्मदिन पर योगी व केशव प्रसाद ने दी बधाई

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी को जन्मदिन की बधाई दी है। अपने अधिकारिक ट्वीटर हैण्डल से ट्वीट करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा परिवार के वरिष्ठ सदस्य, कर्मठ व जुझारू राजनेता केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। उन्होंने कहा कि माता मूकाम्बिका देवी की कृपा आप पर बनी रहे, यही कामना है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने युवाओं में राष्ट्रीयता, नेतृत्व क्षमता व सेवा भाव का संचार कर रहे राष्ट्रीय कैडेट कोर(एनसीसी) के स्थापना दिवस पर भी सभी कैडेट्स और कार्मिकों को हृदय से बधाई दी है। राष्ट्र निर्माण की यह साधना अनवरत अपने लक्ष्य को प्राप्त करती रहे। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि ऊजार्वान, विनम्र व कर्मठ व्यक्तित्व के धनी एवं भारत सरकार में कैबिनेट मंत्री प्रहलाद जोशी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम जी से प्रार्थना है कि जोशी दीघार्यु हों और सदैव स्वस्थ एवं प्रसन्न रहें।

उमेश कुशवाहा को फिर से मिली बिहार जदयू की कमान, बने प्रदेश अध्यक्ष

पटना (एजेंसी)। उमेश कुशवाहा को फिर से जदयू के प्रदेश अध्यक्ष की कमान मिली है। जदयू के नए प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव रविवार को संपन्न हो गया है और एक बार फिर से पार्टी ने उमेश कुशवाहा पर विश्वास जताते हुए उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने के बाद नीतीश कुमार और ललन सिंह ने भी उन्हें बधाई देने के लिए पार्टी कार्यालय पहुंचे। उमेश कुशवाहा के प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष चुनाव के लिए उमेश कुशवाहा के खिलाफ कोई और नामांकन नहीं था। ऐसे में उन्हें निर्विरोध रूप से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में चुना गया है। इस दौरान ललन सिंह ने कहा कि 2024 के चुनाव के लिए पार्टी के सभी लोग मिलकर काम करेंगे। मौके पर उन्होंने उमेश कुशवाह की ओर से अब तक किये गये काम की तारीफ की। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दोबारा बनने के बाद उमेश कुशवाहा ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पार्टी ने मुझ पर जो जिम्मेदारी सौंपी है, मेरी कोशिश होगी कि उसे पूरी ईमानदारी से निर्वहन कर सकूं। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह को धन्यवाद दिया कि दोनों ने मुझे इस पद पर दोबारा काम करने का मौका दिया। उमेश कुशवाहा के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पार्टी कार्यकताओं ने भी खुशी जाहिर की और जमकर पटाखे फोड़े और मिठाइयां बांटी। कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर और रंग गुलाल लगाकर जमकर आतिशबाजी की।

भाजपा ने एनजेपी थाने का किया घेराव, सौंपा ज्ञापन

जलपाईगुड़ी (एजेंसी)। भाजपा के युवा मोर्चा की तरफ से रविवार को एनजेपी थाने के सामने विरोध प्रदर्शन किया गया। डाबग्राम-फूलबाड़ी विधायक शिखा चटर्जी के नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया गया। बताया जा रहा है कि राज्य में तृणमूल कांग्रेस के केडर के रूप में काम कर रही पुलिस भाजपा कार्यकर्ताओं को झूठे मामलों में फंसाने का काम कर रही है। इसी के खिलाफ जिला युवा मोर्चा ने एक रैली के माध्यम से एनजेपी थाने का घेराव किया। रैली थाने में प्रवेश करने की कोशिश किया लेकिन, थाने के गेट के सामने रोक दिया गया। जिसके बाद विधायक के नेतृत्व में कुछ भाजपा के नेताओं ने थाने जाकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। विधायक शिखा चटर्जी का आरोप है कि राज्य में अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं, बल्कि भाजपा कार्यकताओं के खिलाफ कार्रवाई हो रही है। वहीं, एनजेपी इलाके में नशे का कारोबार बढ़ गया है, फिर भी पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। इलाके में महिलाएं सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि आम लोगों की सुरक्षा की मांग में यह ज्ञापन सौंपा गया है।

राष्ट्रीय कैडेट कोर का 75वां स्थापना दिवस मनाया गया

भागलपुर (एजेंसी)। भारतीय सशस्त्र बलों की युवा शाखा और दुनिया का सबसे बड़ा वदीर्धारी युवा संगठन राष्ट्रीय कैडेट कोर का रविवार को 75वां वर्षगांठ समारोह पूर्वक मनाया गया। यह कार्यक्रम भागलपुर के सैंडिस कंपाउंड में आयोजित गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन ब्रिगेडियर उदय थापा ने दीप प्रज्वलन कर किया। उसके बाद रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का उद्घाटन भी फीता काटकर ब्रिगेडियर उदय थापा ने ही किया। इस कार्यक्रम में कई कॉलेजों एवं विद्यालयों के एनसीसी कैडेट्स उपस्थित थे। जिन्होंने रक्तदान शिविर में अपना योगदान दिया। एनसीसी के कैडेट्स ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान 23 बिहार बटालियन टू गर्ल्स बटालियन, फोर बिहार बटालियन और थ्री सिग्नल कंपनी ने अपना योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान ब्रिगेडियर उदय जावा के अलावा कर्नल प्रकाश जगदाले, कर्नल राजवीर सिंह, डिप्टी कमांडेंट विनोद शेखावत, कर्नल विनोद शेखावत, कर्नल लोहानी, कर्नल सुनील रावत के अलावा पदाधिकारीऊ एवं एनसीसी के कैडेट्स उपस्थित थे।

'दकियानूसी सियासत, दिवालिया विरासत है डायलिसिस पर' : नकवी

रामपुर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के रामपुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने रविवार को कहा कि दकियानूसी सियासत, दिवालिया विरासत डायलिसिस पर है। रामपुर में विधानसभा उप-चुनाव में भाजपा प्रत्याशी आकाश सक्सेना के समर्थन में रविवार को ग्राम नौगांवा में आयोजित 'खिचड़ी पंचायत' में श्री नकवी ने कहा कि 'अहंकार, अराजकता ही आफत का कारण' बनता है, हमें 'बदले की सनक, नहीं, बेहतरी की सोच' के साथ काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि 'पद का गुरूर, सत्ता का सुरूर' वक्त के साथ हमेशा चकनाचूर हो जाता है, हमारा लक्ष्य समाज की समृद्धि, सुरक्षा और सम्मान होना चाहिए। श्री नकवी ने कहा कि मोदी-योगी युग में सियासत, 'खानदानी जमींदारी' नहीं, 'खिदमत की रवादारी' बन गई है। इस क्रांतिकारी परिवर्तन से सत्ता और सियासत को 'खानदानी जागीर' समझने वालों में बौखलाहट साफ दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सियासत की संस्कृति में लाये गए सकारात्मक परिवर्तन का नतीजा है कि अब नेता की पहचान 'परिवार के पालने' से नहीं बल्कि 'पराक्रम और परिश्रम' से बनती है। श्री नकवी ने कहा कि सम्मान के साथ सशक्तिकरण, बिना भेदभाव के विकास के संकल्प के साथ मोदी-योगी ने 'रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म' की नीति के जरिये समाज के हर तबके को तरक्की का बराबर का हिस्सेदार-भागीदार बनाया है। उन्होंने कहा कि मोदी-योगी की सरकार गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिलाओं के हितों को समर्पित सरकार है। आज समाज के हर तबके में 'विकास और विश्वास का माहौल' बना है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी और श्री योगी के 'परिश्रम के परिणाम' और 'तपस्या की ताकत' को 'पिटे पॉलिटिकल प्राणी' न कमजोर कर सकते हैं और न ही परास्त कर सकते हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विपक्षी पार्टियां 'बिना जमीन के जमींदारी' और 'बिना जन समर्थन के जागीरदारी' के लिए जद्दोजहद कर रही हैं। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ मंत्री सुरेश खन्ना, रामपुर जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, पैकफेड के चेयरमैन सूर्य प्रकाश पाल, आकाश सक्सेना, रामपुर भाजपा जिलाध्यक्ष अभय गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता कपिल आर्य, ज्वाला प्रसाद गंगवार और जागेश्वर दीक्षित, जिला पंचायत सदस्य इम्तियाज अहमद चिंटू, ग्राम प्रधान इरशाद कुरैशी एवं अन्य प्रमुख लोग मौजूद रहे।

फेसबुक के विवाद में महिला ने पुल पर से गंगा में लगायी छलांग

बेगूसराय। सोशल मीडिया प्लेटफार्म जितना लाभदायक है, उससे अधिक खतरनाक भी है। इसके चक्कर में लोग अपनी जान तक दे देते हैं। ऐसा ही एक सनसनीखेज मामला बिहार में बेगूसराय से सामने आया है। जहां कि फेसबुक पर फोटो अपलोड करने के चक्कर में पति-पत्नी के बीच हुए विवाद को लेकर एक महिला ने सिमरिया में राजेंद्र पुल से गंगा नदी में छलांग लगा दी। हालांकि गंगा किनारे मौजूद डीडीआरएफ के गोताखोर अनिल कुमार निषाद सहित अन्य गोताखोरों ने कूदते देखकर काफी कोशिश के बाद उसे बाहर निकाल कर पुलिस को सूचना दिया। इसके बाद सूचना मिलते ही पहुंचे परिजन पुलिस को लिखित देकर उसे अपने साथ ले गए हैं। घटना के संबंध में बताया जात है कि चेरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र के बढ़कुरबा निवासी शोभा कुमारी का फेसबुक पर फोटो अपलोड करने को लेकर अपने पति से विवाद हो गया।

सारण जिले के ग्राम मलखाचक में स्वतंत्रता सेनानी सम्मान समारोह

पूरी दुनिया के कल्याण के लिए विश्व शक्ति बने भारत : भागवत भागवत

पटना (एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने बिहार के सारण जिले के ग्राम मलखाचक में रविवार को स्वतंत्रता सेनानी सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित किया। डॉ. भागवत ने कहा कि भारत का निर्माण विश्व के कल्याण के लिए हुआ है। हमें विश्व शक्ति बनकर दूसरों पर शासन नहीं करना बल्कि लोगों के दिल में उतरकर समग्र संसार का कल्याण करना है। डॉ. भागवत ने कहा कि आजादी की लड़ाई में लड़ने वाले लोगों के जाति, पंथ, भाषा व प्रांत अलग थे लेकिन उनका उद्देश्य एक था। उनकी लड़ाई भारत को आजाद कराने के लिए थी। उन्होंने एक रहकर देश को आजाद कराया। आज हमें उसी सिद्धांत का प्रकटीकरण करना है। आज देश के लिए मरना नहीं है, लेकिन देश के लिए तिल-तिल जीना ही हमारी सोच होनी चाहिए। हम सभी भारत माता के पुत्र हैं, इसमें किसी को कोई संदेह नहीं होना चाहिए। संघ प्रमुख ने कहा कि ग्राम मलखाचक उनके लिए तीर्थाटन है। यह क्षेत्र सत्ता हस्तांतरण का केंद्र रहा है। भारत कभी गुलाम होने वाला नहीं है। देश के लिए सर्वस्व त्याग करने वाली इस भूमि को नमन करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि भारत में अभी भी अंग्रेजी शिक्षा व्यवस्था है जो धीरे-धीरे समाप्त हो रही है।

इसके पूर्व, डॉ भागवत ने शहीद श्री नारायण सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया और पत्रकार रविन्द्र कुमार की पुस्तक आंदोलन की बिखरी कड़ियां का विमोचन किया। कार्यक्रम में सारण सहित राज्य के कई जिलों से आए लगभग 350 स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय जयसवाल, छपरा सांसद राजीव प्रताप रूड़ी और महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल समेत कई प्रमुख लोग उपस्थित थे।

लोकतांत्रिक तरीके से ममता को पूर्व मुख्यमंत्री बनाऊंगा : शुभेंदु

उत्तर 24 परगना (एजेंसी)। उत्तर 24 परगना जिले के ठाकुरनगर में शनिवार को मतुआ समुदाय के गढ़ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने एक बार फिर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला है। पिछले साल संपन्न हुए बहुचर्चित विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मैंने नंदीग्राम से ममता बनर्जी को हराया है और मैं लोकतांत्रिक तरीके से ममता बनर्जी को पश्चिम बंगाल का पूर्व मुख्यमंत्री भी बनाऊंगा। मैं संसदीय प्रणाली के प्रोटोकॉल को जानता हूं, मैं विपक्ष की राजनीति भी जानता हूं... मैं सब कुछ जानता हूं, लेकिन वे नहीं जानते। इसीलिए मुख्यमंत्री ने नेताजी इंडोर स्टेडियम में दो दिन पहले कहा कि इस राज्य के नेता प्रतिपक्ष ने पैसे रोकने के लिए केंद्र को पत्र लिखा है। उनके नाम का उल्लेख करने से भी मुझे नफरत है। अब शुक्रवार को विधानसभा में अपनी बात से पलटते हुए नजर आयीं। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में कहा कि मैं उनका प्रिय भाई था। मुख्यमंत्री ने मुझे प्रिय भाई कहने के लिए पास्ट टेंस का प्रयोग किया। इसका मतलब अब मैं नहीं हूं। मैंने उन्हें नंदीग्राम में हराया है और मैं उन्हें पश्चिम बंगाल का पूर्व मुख्यमंत्री भी बनाऊंगा। भाजपा नेता दिलीप घोष ने ममता के सामने शुभेंदु के झुकने की अफवाहों के बारे में कहा कि उनका पुराना रिश्ता है। बहुत से लोग कालीघाट में मत्था टेकने आते हैं। उन्होंने भी वहां वही किया। इस बार विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि दिलीप दा ने सही बात कही है। पहले तस्वीर दिखाओ फिर आरोप लगाओ। अगर आपसे कोई बड़ा है तो उसे प्रणाम किया जाता है। लेकिन कुछ मीडिया के लोग इसे लेकर जो कह रहे हैं उसका हकीकत में कोई आधार नहीं है।

बिहार में अपराध पर लगाम कसने में राज्य सरकार विफल : विपक्ष

पटना (एजेंसी)। बिहार में कानून और व्यवस्था की स्थिति का अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि अब आईजी के घर में भी चोरी होने लगी है। होमगार्ड के आईजी विकास वैभव के बेडरुम से उनकी सरकारी पिस्टल और 25 गोलियां चोरी हो गयी। यह घटना गुरुवार को राजधानी के अनीसाबाद पुलिस कालोनी स्थित वैभव के निजी आवास में घटी। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब पुलिस के आईजी रैंक के वरिष्ठ अधिकारी का घर सुरक्षित नहीं है तो आम लोगों का क्या होगा? राज्य में चोरी, डकैती , हत्या, अपहरण, बैंक लूट और एटीएम काटने आदि घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। पर सरकार आपराध की इन घटनाओं पर काबू पाने में नाकाम साबित हो रहीहै। इस बाबत बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य में महागठबंधन सरकार बनने के बाद 100 दिनों के अंदर ही हत्या, डकैती और लूट आदि आपराधिक घटनाओं में बेतहाशा बढ़ोत्तरी हुई है। नयी सरकार बनने के बाद अगस्त से अब तक 257 लोगों की हत्या हुई। इस दौरान चोरी, डकैती, लूट और अपहरण की पांच हजार से भी अधिक घटनाएं हुई हैं। श्री सिन्हा ने कहा कि राजधानी पटना में ही 17 करोड़ रुपये से अधिक का सोना लूटा जा चुका है। जबकि पिछले 17 साल से गृह विभाग मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पास है। उन्होंने कहा कि कई आपराधिक घटनायें थानों में दर्ज नहीं होती हैं, फिर भी अपराध का ग्राफ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि साढ़े तीन लाख से अधिक मामले अनुसंधान के लिये पुलिस के स्तर पर लंबित है। वह भी तब जब मुख्यमंत्री ने तीन महीने मे अनुसंधान पूरा करने का निर्देश दिया है। विरोधी दल के नेता सिन्हा ने आरोप लगाया है कि राज्य में ईमानदार पदाधिकारियों की उपेक्षा ओर भ्रष्ट पदाधिकारियों को संरक्षण दिये जाने के कारण बिहार की स्थिति दयनीय हो रही है।

कोविंद सहारनपुर दौरे पर पहुंचे, शोभित विवि गंगोह में प्रदर्शनी की सराहना की

सहारनपुर (एजेंसी)। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने सहारनपुर के शोभित यूनिवर्सिटी गंगोह में इंजीनियरिंग छात्रों द्वारा लगाई गई जुगाड प्रदर्शनी का अवलोकन कर छात्रों का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि देश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है केवल उन्हें निखारने के लिए एक सशक्त मंच की आवश्यकता है। पूर्व राष्ट्रपति दो दिवसीय दौरे पर रविवार को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर पहुंचे। श्री कोविंद का शोभित यूनिवर्सिटी गंगोह पहुंचने पर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया और उन्होंने यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग छात्रों द्वारा लगाई गई जुगाड प्रदर्शनी का अवलोकन कर छात्रों का उत्साहवर्द्धन किया। शोभित यूनिवर्सिटी गंगोह में पूर्व राष्ट्रपति का काफिला दोपहर ढाई बजे पहुंचा। जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच रंग बिरंगे झंडों से सुसज्जित बाबू विजेन्द्र मार्ग से होते हुए श्री कोविंद शोभित विश्वविद्यालय पहुंचे। जहां उनका चांसलर कुंवर शेखर विजेन्द्र, वाईस चांसलर डॉ. रणजीत सिंह और रजिस्ट्रार प्रो. महीपाल सिंह एवं शोभित परिवार के सदस्यों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। एनसीसी कैडेट्स ने पूर्व राष्ट्रपति को सलामी दी। वह सीधे एडमिन ब्लॉक में गए। जहां कुछ पल विश्राम उपरान्त उन्होंने मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के छात्रों द्वारा लगाई गई जुगाड़ प्रदर्शनी का अवलोकन किया। श्री कोविंद ने ग्रामीण अंचलों में रहने वाले भावी इंजीनियरों द्वारा बनाए गए एक से बढ़कर एक मॉडल की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत के अंदर प्रतिभाओं की कमी नहीं है केवल उन्हें निखारने के लिए एक सशक्त मंच की आवश्यकता है।

मतदाताओं को डरा रहा है स्थानीय प्रशासन : आजम

रामपुर (एजेंसी)। समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खान ने रामपुर सदर विधानसभा सीट के उपचुनाव में स्थानीय प्रशासन पर मतदाताओं को डराने का आरोप लगाया है और कहा वर्तमान परिस्थितियों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार को निर्वाचित घोषित किया जाना चाहिए। श्री आजम ने शनिवार रात अपने आवास पर संवाददताओं से कहा, जब रामपुर में निष्पक्ष तरीके से उपचुनाव नहीं हो रहा हो तो भाजपा प्रत्याशी को निर्वाचित घोषित कर देना चाहिए। इसके लिए मैं पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के जरिए चुनाव आयोग से अपनी गुहार लगाऊंगा।

उन्होंने कहा कि मुझे ऐसी सूचना मिली है कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के अध्यक्ष जयंत चौधरी और चंद्रशेखर आजाद रामपुर आ रहे हैं। उन्होंने कहा, जब उपचुनाव पारदर्शी तरीके से नहीं हो रहे हैं तो वे यहां क्यों आ रहे हैं?

सपा नेता ने कहा, जिस तरह से रामपुर में फ्लैग मार्च निकालकर आतंक फैलाया जा रहा है, ऐसे में इस सीट पर उपचुनाव की जरूरत ही नहीं है। श्री आजम ने आरोप लगाया कि मतदाताओं को डराया-धमकाया जा रहा है और उनसे घर से बाहर नहीं आने को कहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को धमकी दी जा रही है कि अगर उन्होंने सपा को वोट दिया तो उन्हें घरों से निकाल दिया जाएगा। यहां तक कि मेरी पत्नी को भी घर से बाहर नहीं निकलने की चेतावनी दी गई है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ इस तरह का अमानवीय, अभद्र और दुर्व्यवहार किसी भी व्यवस्था को शोभनीय नहीं है।

पूर्व मंत्री ने दावा किया कि उनके पास कुछ वीडियो और तस्वीरें हैं, लेकिन किन्हीं कारणों से इसे मीडिया के साथ साझा नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा, अगर उन वीडियो और तस्वीरों को मीडिया को दे दिया गया तो अदालत उसका संज्ञान नहीं लेगी। मैं बड़े अफसोस के साथ यह कह रहा हूं कि रामपुर के दबे-कुचले लोगों को मीडिया का समर्थन नहीं मिल रहा है और आप किसका समर्थन करते हैं, यह एक बड़ी बहस का विषय है। गौरतलब हो कि सपा ने श्री आजम के करीबी माने जाने वाले असीम राजा को रामपुर सदर उपचुनाव के लिए मैदान में उतारा है। भडकाऊ भाषण के मामले में तीन साल की सजा के बाद उत्तर प्रदेश विधानसभा से श्री आजम की अयोग्यता के बाद उपचुनाव कराया जा रहा है।

रामलला के भव्य मंदिर का हो रहा है तेजी से निमार्ण : योगी

अयोध्या (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला का भव्य मंदिर का निर्माण तेजी से हो रहा है। श्री योगी ने रविवार को यहां करोड़ों की लागत से 46 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के बाद राजकीय इंटर कालेज में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि अयोध्या देश एवं प्रदेश के मानचित्र पर देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला का भव्य मंदिर का निर्माण तेजी से हो रहा है। उन्होंने कहा कि दीपावली पर आयोजित दीपोत्सव के अवसर पर श्री मोदी के आगमन से नया अयोध्या विकसित हो रहा है। जो आपको कुछ महीनों बाद दिखायी पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अयोध्यावासियों को भव्य मंदिर निर्माण हो जाने के बाद से व्यापार खुद-ब-खुद अयोध्या आयेगा और अयोध्यावासी खुशहाली में अपना जीवन बितायेंगे। मुख्यमंत्री ने पिछली सरकार समाजवादी पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि पिछली सरकारों में बिजली का आपूर्ति थम गयी थी। गुंडागर्दी बहुत होती थी इन सब पर मैंने शिकंजा कसा और पूरे प्रदेश में कहीं पर भी जब से मेरी सरकार है तब से कहीं कर्फ्यू नहीं लगा है। उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि अयोध्या में 24 घंटे बिजली उपलब्ध है। श्री योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश से अपराधी गायब हो चुके हैं और लोग ठेला लगाकर अपना जीवनयापन कर रहे हैं, सड़कें बन रही हैं, किसानों का विकास हो रहा है। करोड़ों रुपये की परियोजनाएं पूरे प्रदेश में चल रही हैं। अयोध्या से चारों तरफ गोरखपुर, गोण्डा, वाराणसी, लखनऊ जैसे सड़कों का पूरी तरह से चौड़ीकरण हो रहा है। क्योंकि अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह के आवागमन में तकलीफ न हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास सम्बन्धित किसी भी शहर के लिये मैं पैसे की कमी नहीं होने दूंगा।

मेरी योजना है कि पूरे प्रदेश में विशेषकर अयोध्या में विकास तेजी से हो। गांव की सड़कें, शहर की गलियों की सड़कें चारों तरफ बनायी जा रही हैं इसमें कोई रुकावट नहीं हो रही हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या हमारी सात पुरी में से एक पुरी है। अकेले अयोध्या में तीस हजार करोड़ की योजना का लाभ मिल रहा है। अयोध्या में विकास के लिए पैसे की कमी नहीं रखी गयी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब भी हम अयोध्या आते हैं तो अयोध्या के संत मुझसे यही कहते हैं कि योगी जी आप मंदिर का निर्माण कराओ। उन्होंने कहा कि अयोध्या को नगर निगम बनाने का काम डबल इंजन की सरकार ने किया है। यह नई अयोध्या की तस्वीर उभरकर सामने आयी है। इसके पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर में जाकर मत्था टेका और श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला का दर्शन पूजन करने के बाद भव्य मंदिर निर्माण का अवलोकन किया। टेढ़ी बाजार में स्थित अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा बनायी जा रही मल्टीलेवल पार्किंग का निरीक्षण भी किया। इसके बाद श्री योगी अयोध्या आयुक्त सभागार में विकास कार्यों एवं विजन डाक्यूमेंट को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के लोकनिर्माण मंत्री जितिन प्रसाद, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, सांसद लल्लू सिंह, विधायक वेदप्रकाश गुप्ता, विधायक रामचन्द्र यादव, विधायक डा. अमित सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, अयोध्या नगर निगम के महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, मंडलायुक्त गौरव दयाल, उप महानिरीक्षक अमरेन्द्र प्रसाद सिंह, जिला अधिकारी नितीश कुमार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं भाजपा नेता मौजूद थे।

वैवाहिक कार्यक्रमों में बड़े पैमाने में खपायी जा रही नकली पनीर

लखनऊ (एजेंसी)। लखनऊ में आजकल चल रहे वैवाहिक कार्यक्रमों में बड़े पैमाने में नकली पनीर खपायी जा रही है। नकली पनीर बनाने वाले लोगों की ओर से सस्ते पनीर देने की बात किये जाने पर ही कार्यक्रमों के संचालक उनके जाल में फंस जा रहे हैं। बीते दिनों अमीनाबाद, सिटी क्षेत्रों में जोरशोर से नकली पनीर बनाने का कार्य हुआ और कार्यक्रम का सट्टा लेने वालों को बड़ी मात्रा में नकली पनीर की सपलाई हुई। नकली पनीर में प्रति किलो 60 से 70 रुपयों की बचत के कारण नकली पनीर की बड़ी मात्रा में खपत भी हुई। नवम्बर के अंतिम सप्ताह एवं दिसम्बर माह के प्रथम सप्ताह में वैवाहिक कार्यक्रमों की भरमार है और इसे देखते हुए नकली पनीर बेचने वाले और भी ज्यादा सक्रिय है। उन्होंने जगह जगह पर अपने एजेंट लगा दिये हैं। कार्यक्रमों में भोजन, बिजली, पानी, साज सज्जा का सट्टा देने वाले आशीष ने बताया कि भोजन में पनीर के सब्जी की मांग भरपूर रहती है। कई बार पनीर की दो से तीन प्रकार की सब्जियां बनवायी जाती हैं। ऐसे में बाजार में जहां शुद्ध पनीर मिलता है, वहीं से लिया जाता है। इस दौरान एक दो स्थानों पर खुदरा पनीर में मिलावट या नकली पनीर भी उनके पास आया। जिसे पहचान पाने में कठनाई हुई। उन्होंने बताया कि पनीर को तलने के बाद उसका स्वाद पता नहीं चलता है। इसी कारण नकली पनीर भी खप जाता है। पनीर बेचने वाले सीधे सम्पर्क करते हैं। बाजार से कम रेट में पनीर देने की बात होती है, जो कई बार बन भी जाती हैं। वैवाहिक कार्यक्रम में पनीर का आर्डर देने गये विक्रांत अवस्थी ने बताया कि पनीर का रेट इस समय पांच सौ रुपये पार कर गया है। कुछ दिन पहले तक चार सौ साठ रुपये तक रेट था। जो इस दौरान बहुत बढ़ा हुआ है।

न्यूज गैलरी

पत्नी साक्षी के साथ खूब नाचे धोनी, पांड्या ब्रदर्स भी मस्ती करते दिखे

दुबई (एजेंसी)। महेंद्र सिंह धोनी भले ही क्रिकेट के मैदान से दूरी बना चुके हों, लेकिन आये दिन सोशल मीडिया पर उनकी वीडियो व तस्वीरें फैंस का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लेती हैं। फिलहाल, धोनी का एक वीडियो सामने आया है जहां वह ना सिर्फ अपनी पत्नी साक्षी बल्कि हार्दिक पांड्या और क्रुणाल पांड्या के साथ जमकर डांस करते हुए दिखे। दरअसल, यह तीनों दिग्गज क्रिकेटर्स दुबई में एक अपने एक खास दोस्त के जन्मदिन के मौके पर एकसाथ नजर आये। माहौल मजेदार करने के लिए रैपर बादशाह और सतिंदर सरताज को भी बुलाया गया, जिन्होंने अपने गानों पर सभी को नाचने के लिए मजबूर कर दिया। पंजाब गायक सरताज ने अपने इंस्टा अकाउंट पर भी एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें धोनी अपनी पत्नी साक्षी के साथ डांस करते दिखे। साथ ही पांड्या ब्रदर्स भी नाचते हुए नजर आये।

अफगानिस्तान के घरेलू मैचों की मेजबानी करेगा यूएई

नयी दिल्ली (एजेंसी)। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) अगले पांच वर्षों तक अफगानिस्तान के घरेलू मैचों की मेजबानी करेगा। इस संबंध में दोनों देश के क्रिकेट बोर्ड ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। अफगानिस्तान में राजनीतिक स्थिति को देखते हुए यह फैसला किया गया है। अफगानिस्तान अंतरराष्ट्रीय टीमों की मेजबानी नहीं करता है। समझौते के तहत टेस्ट खेलनेवाला देश अफगानिस्तान इन पांच वर्षों में हर साल यूएई के साथ तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला खेलेगा। अमीरात क्रिकेट बोर्ड के महासचिव मुबाशिर उस्मानी ने बयान में कहा कि हम एसीबी (अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड) के लिए यह सुनिश्चित करके खुश हैं कि उनके पास खेलने के लिए घरेलू मैदान है। हम यूएई की टीम के खिलाफ हर साल टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला खेलने के लिए सहमति जताने पर अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड का आभार व्यक्त करते हैं। अभी तक अफगानिस्तान की टीम श्रृंखला दर श्रृंखला के आधार पर अपने अभ्यास सत्र और मैचों का आयोजन कर रही थी। आईसीसी के भविष्य के दौरा कार्यक्रम के अनुसार अफगानिस्तान को अगले वर्ष ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान और वेस्टइंडीज की वनडे श्रृंखला के लिए मेजबानी करनी है जबकि उसे जिंबाब्वे के खिलाफ सभी प्रारूपों में खेलना है। अफगानिस्तान अपने मैच अबूधाबी, दुबई और शारजाह में खेलेगा।

टी-20 मैच में सर्वाधिक दर्शकों की उपस्थिति का गिनीज रिकॉर्ड नरेंद्र मोदी स्टेडियम के नाम

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने रविवार को बताया अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम का नाम आईपीएल फाइनल 2022 के दौरान सर्वाधिक दर्शकों की उपस्थिति के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल हो गया है। इस स्टेडियम को पहले गुजरात क्रिकेट संघ (जीसीए) स्टेडियम मोटेरा के नाम से जाना जाता था। इसकी क्षमता 110,000 दर्शकों की है जो कि मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) से लगभग 10 हजार अधिक है। एमसीजी की क्षमता 100,024 दर्शकों की है। शाह ने ट्वीट किया कि मुझे गर्व और खुशी है कि जीसीए मोटेरा के भव्य नरेंद्र मोदी स्टेडियम को किसी एक टी-20 मैच में सर्वाधिक दर्शकों की उपस्थिति के लिए गिनीज बुक रिकॉर्ड में शामिल किया गया है। इस स्टेडियम में 29 मई 2022 को आईपीएल फाइनल के दौरान 101,566 दर्शक उपस्थित थे। इसे संभव बनाने के लिए हमारे प्रशंसकों का बहुत-बहुत आभार।

फीफा विश्वकप : 35 साल के मेस्सी का जलवा बरकरार

मेक्सिको के विरुद्ध धमाकेदार गोल, अर्जेंटीना के नॉकआउट में जगह बनाने की उम्मीद!

लुसैल (एजेंसी)। दिग्गज खिलाड़ी लियोनल मेस्सी के गोल से अर्जेंटीना ने यहां मैक्सिको पर 2-0 की जीत के साथ फीफा विश्व कप के नॉकआउट में जगह बनाने की अपनी उम्मीद जीवंत रखी। मेस्सी ने एंजेल डि मारिया के पास पर 64वें मिनट में 25 यार्ड की दूरी से गोल दागा। टीम की ओर से दूसरा गोल स्थानापन्न खिलाड़ी एंजो फर्नांडिस ने 87वें मिनट में किया। अर्जेंटीना को पहले मैच में सऊदी अरब के खिलाफ 1-2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा था। बुधवार को पोलैंड के खिलाफ होनेवाले अंतिम ग्रुप मैच से पहले अर्जेंटीना की टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर चल रही है और नॉकआउट में जगह बनाने के लिए उसे संभवतः एक और जीत दर्ज करनी होगी। 35 साल के मेस्सी संभवतः अपना अंतिम विश्व कप खेल रहे हैं और यही एक बड़ा टूर्नामेंट है जिसका वह खिताब नहीं जीत पाये हैं। मेस्सी का यह विश्व कप में आठवां गोल है। उनके प्रतिद्वंद्वी पुर्तगाल के दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने भी विश्व कप में आठ ही गोल दागे हैं जबकि अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी डिएगो माराडोना के नाम पर भी इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में इतने ही गोल दर्ज हैं। कुछ लोगों का मानना है कि पेले और माराडोना की तरह खेल के महानतम खिलाड़ियों की सूची में शामिल होने के लिए मेस्सी को विश्व कप जीतने की जरूरत है। मैक्सिको के खिलाफ जीत की बदौलत मेस्सी की यह उम्मीद अब भी बरकरार है। इस गोल से पहले मेस्सी के लिए मैच हताशा भरा रहा और प्रत्येक समय दो डिफेंडर उनके इर्द-गिर्द रहे और उन्हें खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया।

रवीना ने अंतिम दिन जीता 'गोल्ड'

भारत ने 11 पदकों के साथ अभियान किया समाप्त

नयी दिल्ली (एजेंसी)। मौजूदा एशियाई चैम्पियन रवीना ने दमखम के साथ मजबूत प्रदर्शन की बदौलत 63 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में स्वर्ण पदक जीता, जिससे भारत ने स्पेन के ला नुसिया में युवा पुरूष और महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में अपना अभियान 11 पदकों के साथ खत्म किया। रवीना ने फाइनल में नीदरलैंड की मेगन डेक्लेर के खिलाफ अच्छी शुरूआत नहीं करने के बावजूद अपनी तकनीकी क्षमता और तेज गति का भरपूर उपयोग करके प्रभावशाली वापसी की। संघर्ष से भरपूर रहा यह कड़ा मुकाबला एशियाई युवा 2022 की स्वर्ण पदक विजेता रवीना के पक्ष में समाप्त हुआ।

मुकाबले की समीक्षा के बाद रवीना ने 4-3 से जीत हासिल की। एक अन्य फाइनल में कीर्ति (81+ किग्रा) को 2022 यूरोपीय युवा चैम्पियन आयरलैंड की क्लियोना एलिजाबेथ डार्सी के हाथों 0-5 से हार मिली। इस हार के कारण भारतीय मुक्केबाज को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इस चैम्पियनशिप में भारत का दबदबा रहा। 25 सदस्यीय भारतीय दल ने कुल 11 पदक जीते जिसमें चार स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं। कुल मिलाकर 17 भारतीयों ने टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था जो 2022 संस्करण में किसी भी अन्य देश से अधिक है।

भारतीय महिला मुक्केबाज आठ पदकों के साथ रहीं सबसे आगे

भारतीय महिला मुक्केबाज कुल आठ पदकों के साथ चैम्पियनशिप के इस साल चरण में सबसे आगे रहीं। उनके बाद कजाकिस्तान (पांच) और उज्बेकिस्तान (चार) हैं। पुरूष वर्ग में युवा एशियाई चैम्पियन वंशज (63.5 किग्रा) और विश्वनाथ सुरेश (48 किग्रा) ने भारत के लिए स्वर्ण पदक जीते जबकि आशीष (54 किग्रा) ने रजत पदक हासिल किया। महिलाओं में रवीना (63 किग्रा) और देविका घोरपड़े (52 किग्रा) ने स्वर्ण जीते। कीर्ति (+81 किग्रा), भावना शर्मा (48 किग्रा) को रजत पदक मिले जबकि मुस्कान (75 किग्रा), लशु यादव (70 किग्रा), कुंजारानी देवी थोंगम (60 किग्रा) और तमन्ना (50 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते। इस साल की चैम्पियनशिप में 73 देशों के करीब 600 मुक्केबाजों ने भाग लिया।

भारत की उम्मीदों पर बारिश ने फेरा पानी

भारत-न्यूजीलैंड का दूसरा वनडे रद्द, शुभमन की शानदार बल्लेबाजी

हैमिल्टन (एजेंसी)। भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को यहां खेला जानेवाला दूसरा एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच बारिश की भेंट चढ़ा। न्यूजीलैंड तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से आगे है। इससे पहले मैच के दौरान बारिश के कारण दो बार खेल रोकना पड़ा। दूसरी बार खेल रोके जाने तक भारत ने 12.5 ओवर में एक विकेट पर 89 रन बना लिये थे। खेल रोके जाने के समय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल 45 जबकि सूर्यकुमार यादव 34 रन बनाकर खेल रहे थे। पहली बार जब खेल रोका गया तब भारत ने 4.5 ओवर में बिना विकेट खोये 22 रन बनाये थे। लगभग चार घंटे के विलंब के बाद मैच शुरू हुआ

और इसे 29 ओवर का कर दिया गया था। फिर से बारिश होने के बाद मैच को रद्द कर दिया गया।

भारत को पहला झटका महज 23 रन पर कप्तान शिखर धवन के रूप में लगा, वह महज तीन रन बनाकर लॉकी फर्ग्यूसन की गेंद पर मैट हैनरी को कैच थमा बैठे। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए सूर्यकुमार यादव तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे। सूर्या शुरूआत में थोड़ी धीमी शुरूआत की, लेकिन जैसे ही उनके बल्ले ने आग उगलनी शुरू की तो फिर से बारिश शुरू हो गई और एक बार फिर से मैच रोकना पड़ा।

मैच रुकने तक शुभमन गिल 42 गेंद पर 45 रन बना कर खेल रहे थे। जबकि सूर्यकुमार 25 गेंदों 34 रन बनाकर खेल रहे थे। टीम इंडिया ने 12.5 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 89 रन बनाए थे कि फिर से बारिश शुरू हो गई। बारिश के बाद एक बार फिर पिच समेत ग्राउंड को कवर किया गया। करीब एक घंटे बाद भी बारिश नहीं रुकने पर अंपायरों ने दोनों कप्तानों की सहमति से मैच रद्द करने का फैसला लिया।

कॉस्टा रिका ने जापान को 1-0 गोल से हराया

अल रैयान (एजेंसी)। कीशेर फुलर के 81वें मिनट में किये गये गोल की बदौलत कोस्टा रिका ने रविवार को यहां फीफा विश्व कप मुकाबले में जापान को 1-0 से हरा दिया जिससे ग्रुप ई में दोनों टीमों के दो मैचों से तीन तीन अंक हो गये हैं। फुलर ने डिफेंस की गलती का फायदा उठाया और 18 मीटर की दूरी से नेट में शॉट लगाया जो जापान के गोलकीपर शुईची गोंडा की ऊंगलियों के ऊपरी हिस्सों को छूता हुआ नेट में पहुंचा। अहमद बिन अली स्टेडियम में मैच ज्यादातर हिस्से में नीरस रहा विशेषकर पहले हाफ में जिसमें एक भी शॉट गोल में नहीं लगा। इसकी तुलना में दूसरा हाफ थोड़ा बेहतर था जिमसें जापान ने तब तक दबदबा बनाये रखा जब तक कोस्टा रिका ने बढ़त नहीं बना ली।

पूर्व पाक क्रिकेटर ने कहा -

पीसीबी में इतनी हिम्मत नहीं कि भारत में होनेवाले विश्व कप का बहिष्कार करे

कराची (एजेंसी)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष रमीज रजा पिछले दिनों अपने दिए बयान की वजह से चौतरफा घिर चुके हैं। उन्होंने भारत के पाकिस्तान जाकर

■ पीसीबी चीफ रमीज रजा ने भारत में होनेवाले वर्ल्ड कप के बहिष्कार की दी है धमकी

एशिया कप ना खेलने पर बीसीसीआई को धमकी दी थी। रमीज ने कहा था अगर भारतीय टीम पाकिस्तान खेलने नहीं आती है तो भारत में अगले साल होनेवाले आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप का पाकिस्तान बहिष्कार करेगा। पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर ने पीसीबी को डरपोक बोर्ड बताते हुए कहा उनके अंदर इतनी हिम्मत ही नहीं है कि वो आईसीसी के किसी इवेंट का बहिष्कार कर सके। दानिश कनेरिया ने अपनी राय देते हुए कहा कि पीसीबी के अंदर इतनी हिम्मत ही नहीं है कि वह आईसीसी के किसी भी इवेंट का बहिष्कार कर सके। वहीं, दूसरी तरफ भारत को इस बात से कोई फर्क ही नहीं पड़ता है कि पाकिस्तान उनके यहां खेलने के लिए जायेगा या नहीं। उनके पास पैसा कमाने के लिए बहुत ही बड़ा बाजार है। वर्ल्ड कप के लिए अगर पाकिस्तान की टीम भारत नहीं जाती है तो उनके उपर इसका बड़ा प्रभाव पड़नेवाला है। पाकिस्तान की टीम आखिर में भारत में वर्ल्ड कप खेलने के लिए जायेगी। आधिकारी कहेंगे कि उनके उपर आईसीसी की तरफ से दबाव है तो जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं। अगर जो पाकिस्तान बार-बार ऐसे आईसीसी इवेंट में नहीं खेलने की बात करेगा, इससे उसके उपर बहुत ही बुरा प्रभाव पड़ेगा। एशिया कप को लेकर बीसीसीआई सचिव जय शाह ने साफ किया था कि भारतीय टीम पाकिस्तान में टूर्नामेंट खेलने नहीं जायेगी। इसे पाकिस्तान के बाहर कहीं कराये जाने पर विचार किया जायेगा।

कनेरिया ने इस पर कहा कि अभी तो एशिया कप में काफी वक्त बचा है। तब तक दोनों देशों के बीच सभी चीजें सही होगी या नहीं इसे नहीं कह सकते। इस बात का पता नहीं है कि तब हालात कैसे रहनेवाले हैं। ऐसा भी संभव है कि भारत के साथ बांग्लादेश और अफगानिस्तान भी पाकिस्तान में एशिया कप खेलने से मना कर दे।

क्रिकेट धूप में खेला जाना चाहिए : कोच

हैमिल्टन (एजेंसी)। भारत-न्यूजीलैंड के बीच दूसरा मैच बारिश के कारण रद्द किया गया। इसके बाद मांगें उठी कि मैच इनडोर स्टेडियम में होने चाहिए, लेकिन न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड का मानना है कि क्रिकेट को छतवाले स्टेडियम में खेलने के विकल्प पर विचार किया जा सकता है, लेकिन इस आउटडोर खेल को जितना संभव हो सूरज की रोशनी में खेला जाना चाहिए। न्यूजीलैंड के पड़ोसी देश ऑस्ट्रेलिया में हाल ही में समाप्त हुए टी-20 विश्व कप में चार मैच बारिश के कारण रद्द कर दिए गए थे जबकि तीन का भाग्य डकवर्थ-लुईस पद्धति से निर्धारित किया गया था, जिससे यह बहस छिड़ गई कि क्या बोर्डों द्वारा इनडोर क्रिकेट की खोज की जानी चाहिए। लगातार बारिश के कारण भारत के खिलाफ दूसरा वनडे रद्द होने के बाद 50 वर्षीय स्टीड ने कहा कि न्यूजीलैंड में ऐसा होना बहुत मुश्किल है, हमारे पास ऐसा करने के लिए मैदान नहीं है।

17 साल बाद टेस्ट सीरीज के लिए पाकिस्तान पहुंचा इंग्लैंड

इस्लामाबाद (एजेंसी)। इंग्लैंड की क्रिकेट टीम 2005 के बाद पाकिस्तान में अपनी पहली टेस्ट सीरीज खेलने के लिए रविवार तड़के इस्लामाबाद पहुंची। बेन स्टोक्स के नेतृत्व में इंग्लैंड की टीम इस्लामाबाद से सटे रावलपिंडी में आगामी गुरुवार से पहला टेस्ट मैच खेलेगी। तीन मैचों की सीरीज का दूसरा टेस्ट नौ से 13 दिसंबर तक मुल्तान में खेला जाएगा। इंग्लैंड का दौरा 17 से 21 दिसम्बर तक कराची में अंतिम टेस्ट के साथ खत्म होगा। इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया में टी-20 विश्व कप से पहले पाकिस्तान में सात मैचों की टी-20 मैचों की सीरीज में जीत दर्ज की थी। इंग्लैंड को पिछले साल यूएई में टी-20 विश्व कप से पहले पाकिस्तान का दौरा करना था। लेकिन इससे पहले न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान पहुंचने के बाद दौरा रद्द कर दिया। जिसके इंग्लैंड ने भी अपने दौरे को टाल दिया था। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के पूर्वी पंजाब प्रांत के जिले वजीराबाद में मौजूदा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान घायल होने के बाद इस दौरे को लेकर इंग्लैंड के खिलाड़ी चिंतित हो गये थे। स्टोक्स ने पिछले शुक्रवार को अबूधाबी में कहा था कि इंग्लैंड को पाकिस्तान में टेस्ट क्रिकेट खेले काफी समय हो गया है। हाल ही में इमरान खान के साथ जो हुआ उससे थोड़ी चिंता हुई, लेकिन हमारे पास रेग डिकैसन हैं, जो कई वर्षों तक इंग्लैंड के साथ सुरक्षाकर्मी रहे हैं, और हमे उन पर भरोसा है। इमरान ने पिछले सोमवार को लाहौर में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष रमीज राजा और ब्रिटिश उच्चायुक्त से मुलाकात की थी और अधिकारियों को आश्वासन दिया था कि सरकार के खिलाफ उनके विरोध से इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पाकिस्तान दौरे में बाधा नहीं आएगी।

बिग बैश लीग : धूप के चलते रोकना पड़ा टी-20 मैच

फाइनल मैच के दौरान हुआ अजब वाकया, सूरज की रोशनी के चलते कुछ देर रुका रहा मैच

एडिलेड (एजेंसी)। एडिलेड स्ट्राइकर्स ने वूमेन्स बिग बैश लीग के आठवें सीजन का खिताब अपने नाम कर लिया। इस फाइनल मैच के दौरान एक अजब वाकया देखने को मिला जब सूरज की रोशनी के चलते मैच कुछ देर रुका रहा। वैसे यह पहली बार नहीं है जब सूरज के चलते खेल रोकना पड़ा हो। इससे पहले भी कुछ मौकों पर ऐसा हो चुका है।

एडिलेड स्ट्राइकर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वूमेन्स बिग बैश लीग के आठवें सीजन का खिताब जीत लिया है। शनिवार (26 नवम्बर) को नॉर्थ सिडनी ओवल में खेले गये फाइनल मुकाबले में एडिलेड स्ट्राइकर्स ने सिडनी सिक्सर्स को 10 रनों से मात दी। खास बात यह है कि एडिलेड स्ट्राइकर्स ने पहली बार डब्ल्यूबीबीएल का खिताब जीता है। वहीं, सिक्सर्स का तीसरी बार खिताब जीतने का सपना टूट गया। एडिलेड स्ट्राइकर्स की जीत में ऑलराउंडर डिएंड्रा डॉटिन का अहम रोल रहा जिन्होंने अर्धशतकीय पारी खेलने के अलावा दो विकेट भी चटकाये। मुकाबले के दौरान एक हैरतअंगेज वाकया देखने को मिला, जब सूरज की रोशनी के चलते मैच रूका रहा। यह पूरा वाकया सिडनी सिक्सर्स की पारी शुरू होने से पहले हुआ। उस समय सूजी बेट्स और एलिसा हीली टीम के लिए ओपनिंग करने उतरी थीं। सूजी बेट्स को स्ट्राइक लेना था, लेकिन सूरज की रोशनी उनके ठीक आखों पर आ रही थी। ऐसे में अंपायर्स ने कुछ देर के लिए खेल को रोक दिया। यह पहली बार नहीं है जब सूरज के चलते खेल रोकना पड़ा हो। इससे पहले कुछ इंटरनेशनल मुकाबलों में ऐसा हो चुका है। खासकर, न्यूजीलैंड के मैदानों में काफी बार ऐसा देखने को मिल जाता है।

सिडनी सिक्सर्स के बैटर रहे फ्लॉप : जवाब में सिडनी सिक्सर्स की टीम पूरे 20 ओवर खेलने के बावजूद 137 रनों पर आउट हो गयी। एम. ब्राउन ने सबसे ज्यादा 34 और कप्तान एलिसा पेरी ने 33 रनों की पारी खेली।

एडिलेड ने दिया था 148 रनों का लक्ष्य

फाइनल मुकाबले की बात करें तो टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए एडिलेड स्ट्राइकर्स ने निर्धारित 20 ओवर्स में पांच विकेट पर 147 रन बनाये थे। डिएंड्रा डॉटिन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नाबाद 52 रनों की पारी खेली जिसमें छह चौके और दो छक्के शामिल रहे। वहीं, केटी मैक ने 31 और तहलिया मैक्ग्रा ने 24 रनों का योगदान दिया। सिडनी सिक्सर्स की तरफ से स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन ने दो खिलाड़ियों को आउट किया।

न्यूज गैलरी

खाद्य तेलों में उबाल; दाल-दलहन और अनाज में मिलाजुला रुख

नयी दिल्ली। वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में उबाल आ गया जबकि दाल-दलहन और अनाज में मिलाजुला रुख रहा वहीं मीठे के भाव में पुराने स्तर पर पड़े रहे। वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान 261 रिंगिट उबलकर सप्ताहांत पर 4060 रिंगिट प्रति टन हो गया। वहीं, दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा सप्ताहांत पर 0.65 सेंट की मामूली गिरावट लेकर 72.19 सेंट प्रति पाउंड रह गया। बीते सप्ताह सरसों तेल 147 रुपये, मूंगफली तेल 366 रुपये, सूरजमुखी तेल 367 रुपये, सोया रिफाइंड 366 रुपये और पाम ऑयल 220 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया जबकि वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले स्तर पर टिका रहा। सप्ताहांत पर सरसों तेल 17582 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 20146 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 18681 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 15751 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 11355 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 13773 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

रिलायंस निप्पॉन लाइफ के अधिग्रहण की दौड़ तेज, भारत आएंगे निप्पॉन के शीर्ष अधिकारी

नयी दिल्ली। रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी (आरएनएलआईसी) में रिलायंस कैपिटल की 51 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण की दौड़ तेज हो गई है। सूत्रों ने बताया कि संयुक्त उद्यम में जापानी साझेदार के शीर्ष अधिकारी इस सप्ताह भारत का दौरा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि निप्पॉन इंडिया के अधिकारी दिवाला कानून के तहत चल रही समाधान प्रक्रिया से संबंधित अपनी चिंताओं को दूर करने करने भारत आ रहे हैं। जापान की निप्पॉन लाइफ के पास आरएनएलआईसी में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है। वह रिलायंस कैपिटल की हिस्सेदारी हासिल करने की दौड़ में आदित्य बिड़ला सन लाइफ के प्रवेश का विरोध कर रही है। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने कहा कि निप्पॉन लाइफ के वैश्विक अध्यक्ष हिरोशी शिमिजू के साथ ही कंपनी के जीवन बीमा कारोबार के प्रबंध कार्यकारी अधिकारी और वैश्विक कारोबार के प्रमुख मिनोरू किमुरा और निप्पॉन लाइफ एशिया प्रशांत के क्षेत्रीय सीईओ और आरएनएलआईसी के निदेशक टोमोहिरो याओ भारत आ सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि ये अधिकारी सोमवार को मुंबई आ सकते हैं। शिमिजु और उनके साथी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और अन्य हितधारकों के वरिष्ठ अधिकारियों से मिल सकते हैं।

हार्पिक मिशन स्वच्छता और पानी के साथ प्रारंभ किया स्वच्छता अभियान

रांची। हार्पिक ने अपनी प्रमुख पहल मिशन स्वच्छता और पानी के तहत सप्ताह की शुरूआत अंतरराष्ट्रीय शौचालय दिवस पर 8 घंटे तक चलने वाली टेलीथॉन के साथ की। मिशन स्वच्छता और पानी, सभी के लिए सफाई अभियान एक ऐसा आंदोलन है जो समावेशी स्वच्छता के उद्देश्य को कायम रखता हैए जहां हर किसी की स्वच्छ शौचालय तक पहुंच सुनिश्चित हो। यह सभी लिंगोंए क्षमताओंए जातियों और वर्गों के लिए समानता की वकालत करता है और दृढ़ता से मानता है कि स्वच्छ शौचालय एक साझा जिम्मेदारी है। समाज को बीमारियों से बचानेए स्थायी स्वच्छता और सुरक्षित शौचालयों तक पहुंच के लिए संघर्ष करने का यह संकल्प है ताकि भारत को समग्र तरीके से स्वच्छ रखा जा सके। हार्पिक के सबसे बड़े दीर्घकालिक अभियान का तीन सालों तक सफल आयोजन करने के बादए यह पहल हार्पिक मिशन स्वच्छता और पानी मिलकर लें ये जिम्मेदारीश्के साथ इसे और बड़ा और अधिक समावेशी बनाकर हेल्थए हाईजीन और सैनीटेशन के क्षेत्र में पुनरुत्थान की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

सर्दियों के उत्पादों की शुरूआती मांग से कंपनियां उत्साहित

नयी दिल्ली (एजेंसी)। दैनिक उपभोग का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनियां सर्दियों के उत्पादों की शुरूआती मांग और सकारात्मक रूझान से उत्साहित हैं। उन्हें उम्मीद है कि पारा जैसे-जैसे गिरता जाएगा, इन उत्पादों का इस्तेमाल भी बढ़ेगा और ग्रामीण इलाकों से वृद्धि को गति मिलेगी। डाबर, इमामी और मैरिको जैसी कंपनियों के सर्दियों के उत्पादों की बिक्री तेज हुई है जिनमें त्वचा की देखभाल वाले उत्पादों से लेकर प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले च्यवनप्राश और शहद जैसे उत्पाद शामिल हैं। कंपनियों को उम्मीद है कि फसल अच्छी रहने और सामान्य मुद्रास्फीति में नरमी आने से आगामी तिमाहियों में ग्रामीण क्षेत्रों में बिक्री बढ़ेगी। ई-कॉमर्स और व्यापार के आधुनिक माध्यमों पर भी सर्दियों के उत्पादों की बिक्री अच्छी बनी हुई है। मैरिको में मुख्य परिचालन अधिकारी (भारत में कारोबार) और मुख्य

कार्यपालक अधिकारी (नया कारोबार) संजय मिश्रा ने कहा कि सफोला इम्युनिवेदा श्रृंखला के उत्पादों और बॉडी लोशन जैसे के लिए सर्दियों का मौसम अहम होता है जिनके लिए विशेषकर उत्तरी क्षेत्र से मांग आती है। उन्होंने कहा, सर्दियों शुरू होने के साथ ही इस साल भी इन उत्पादों का इस्तेमाल बढ़ गया है। मिश्रा ने कहा, हमें भरोसा है कि इन सर्दियों में बॉडी लोशन की श्रेणी में मांग में वृद्धि सालाना आधार पर 50 प्रतिशत से अधिक रहेगी। डाबर इंडिया लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी आदर्श शर्मा ने कहा, अभी तो सर्दियां शुरू ही हुई हैं, हमारे उत्पादों की शुरूआती मांग में निरंतरता बनी हुई है। यदि इस बार अच्छी ठंड पड़ेगी तो मांग में और तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि शहरी बाजारों की तुलना में ग्रामीण बाजारों में मांग अब भी कम है।

> सर्दियों शुरू होने के साथ ही इस साल भी इन उत्पादों का इस्तेमाल बढ़ गया है। मिश्रा ने कहा, हमें भरोसा है कि इन सर्दियों में बॉडी लोशन की श्रेणी में मांग में वृद्धि सालाना आधार पर 50 प्रतिशत से अधिक रहेगी।

हालांकि, फसल अच्छी रहने से आगामी तिमाही में ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली मांग में वृद्धि की उम्मीद है। इमामी में अध्यक्ष (बिक्री-सीसीडी) विनोद राव ने कहा कि मुद्रास्फीति के कारण मांग संबंधी चुनौतियों के बावजूद कंपनी के सर्दियों के उत्पादों का प्रदर्शन ग्रामीण बाजारों के साथ-साथ थोक बिक्री भी में अच्छा रहने वाला है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में इस वर्ष बड़े पैकेट वाले उत्पादों की बिक्री भी बढ़ी है।

दिवाला समाधान के तहत कुल वसूली दर सितंबर तिमाही में घटकर 30.18 प्रतिशत पर: रिपोर्ट

मुंबई (एजेंसी)। कर्ज के बोझ से दबी कंपनियों की दिवाला समाधान प्रक्रिया के तहत कुल वसूली दर सितंबर तिमाही के अंत में घटकर 30.18 प्रतिशत रह गई। केयर रेटिंग द्वारा आईबीबीआई के आंकड़ों का विश्लेषण करने से यह जानकारी मिली। इससे संकेत मिलता है कि कर्जदाता वसूली के लिए बकाया राशि में अधिक कटौती कर रहे हैं। कुल वसूली दर वित्त वर्ष 2019-20 की पहली तिमाही में 43 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की विभिन्न पीठों द्वारा स्वीकार किए गए वित्तीय लेनदारों के 7,90,626.2 करोड़ रुपये के दावों में से केवल 2,43,452.5 करोड़ रुपये या 30.18 प्रतिशत ही वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही के अंत तक वसूल किए गए हैं। भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई)

> ◆रिपोर्ट में कहा गया कि कुल वसूली दर में गिरावट आ रही है। यह वित्त वर्ष 2019-20 की पहली तिमाही में 43 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में 32.9 प्रतिशत थी।

दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) को लागू करने वाली एक प्रमुख संस्था है। बोर्ड दबाव वाली संपत्ति का बाजार से संबंधित समयबद्ध समाधान मुहैया कराता है। रिपोर्ट में कहा गया कि कुल वसूली दर में गिरावट आ रही है। यह वित्त वर्ष 2019-20 की पहली तिमाही में 43 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में 32.9 प्रतिशत थी। रिपोर्ट के मुताबिक, 2020-21 की दूसरी छमाही के बाद से एनसीएलटी में जाने वाले मामलों की संख्या में भी गिरावट आई है।

टाटा हिताची ने जापान की हिताची कंस्ट्रक्शन मशीनरी के सहयोग से अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी पेश किया

कोलकाता (एजेंसी)। टाटा हिताची ने जापान की हिताची कंस्ट्रक्शन मशीनरी के सहयोग से अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी पेश करते हुए भारत के इन्फ्रास्ट्रक्चर और माइनिंग सेक्टर में अग्रणी भूमिका निभाई है।

कंपनी आईएमएमई 2022 में भाग ले रही है और हिताची के दमदार माइनिंग एक्सकेवेटर मॉडल 870H-5G और नई पेशकश स्वदेशी व्हील लोडरX ZW225-6 प्रदर्शित करेगी। इसके अलावा ड्रम कटर मॉडल केडीसी 45, क्विक कपलर मॉडल रेंज 11 जैसे अटैचमेंट और फिर माइनिंग मशीनरी के पार्ट्स भी प्रदर्शित किए जाएंगे। पैरेंट कंपनी-हिताची कंस्ट्रक्शन मशीनरी कंपनी लिमिटेड, जापान-माइनिंग एक्सकेवेटर और रिजिड डंप ट्रकों की टेक्नोलॉजी को लगातार बेहतर बना रही है। आईएमएमई 2022 प्लैटफॉर्म पर अपनी इन क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए टाटा हिताची ईंधन खपत अनुकूलन (एफसीपी) तकनीक युक्त उच्च क्षमता वाले इलेक्ट्रिक ड्राइव डंपर - 190T (EH3500AC-3) और ईएक्स-7 सीरीज के बड़े माइनिंग एक्सकेवेटर के बारे में जानकारी देगी। टाटा हिताची के प्रबंध निदेशक श्री संदीप सिंह ने टाटा हिताची पवेलियन में बताया, ह्यह्यआईएमएमई में हमारे हाइड्रोलिक एक्सकेवेटर X ZX 870H और व्हील लोडर ZW225 पेश कर हम माइनिंग सेक्टर में अपनी बेजोड़ क्षमता का प्रदर्शन कर रहे हैं। साथ ही हमारे माइनिंग अटैचमेंट्स और पार्ट्स प्रदर्शित किए हैं। उन्होंने बताया, टाटा हिताची हमारे ग्राहकों के खनन कार्यों के लिए सबसे भरोसेमंद और विश्वसनीय भागीदार रहा है। इसकी वजह हमारी बहुत टिकाऊ और लाभदायक मशीनें, विश्व स्तरीय सेवा समाधान देने की हमारी क्षमता के साथ-साथ फुल मेंटेनेंस कंट्रैक्ट जैसी हमारी सुविधाएं हैं। आईएमएमई 2022 हमारे लिए उद्योग जगत के सभी भागीदारों से जुड़ने और खनन क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता प्रदर्शित करने का प्लैटफॉर्म है। टाटा हिताची अपने फुल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट्स (एफएमसी) जैसे सेवा करार के साथ ग्राहकों को चौबीसों घंटे साइट पर सेवाएं देती है।

टाटा हिताची की दमदार और भरोसेमंद माइनिंग मशीनों की आईएमएमई प्रदर्शनी

धनबाद। टाटा हिताची भारत की सर्वप्रमुख निर्माण मशीनरी कंपनियों में एक और सबसे बड़ी उत्खनन उपकरण कंपनी है। यह टाटा मोटर्स और जापान की हिताची कंस्ट्रक्शन मशीनरी (एचसीएम) का संयुक्त उद्यम है। एचसीएम से यह साझेदारी 1984 से है और आज यह भारत का सबसे लंबी अवधि का संयुक्त उद्यम है। कंपनी के उत्पादन केंद्र धारवाड़ और खड़गपुर में हैं और पूरे देश में 250 से अधिक ग्राहक सेवा संपर्क केंद्र हैं। 1961 में टाटा इंजीनियरिंग एण्ड लोकोमोटिव कंपनी (टेल्को) के निर्माण उपकरण प्रभाग के रूप में कंपनी का गठन किया गया। आज कंपनी के पोर्टफोलियो में मिनी एक्सकेवेटर, कंस्ट्रक्शन एक्सकेवेटर, माइनिंग एक्सकेवेटर, बैकहो लोडर, व्हील लोडर और डंप ट्रक के अलावा अटैचमेंट, पार्ट्स की बड़ी रेंज और एक्सपर्ट सर्विस सॉल्यूशन हैं। टाटा हिताची भारत में इन्फ्रास्ट्रक्चर और माइनिंग कार्यों के लिए विश्व-स्तरीय कंस्ट्रक्शन उपकरणों की सर्वप्रमुख कंपनी है। ग्राहकों को सर्वप्रमुख मानने वाला यह संगठन भारतीय बाजार के अनुकूल विश्वस्तरीय कंस्ट्रक्शन एवं माइनिंग मशीन बनाने का 60 वर्षों से अधिक का अनुभवी है। हिताची के दमदार माइनिंग , एक्सकेवेटर जेडएक्स 870H-5G और नई पेशकश स्वदेशी व्हील लोडर जेड डब्ल्यू 225-6 आईएमएमई 2022 में प्रदर्शित मजबूत डिस्ट्रिब्यूशन नेटवर्क और अधिक कारगर ऑनसाइट सेवा समाधान व ग्राहकों की जरूरतें पूरा करने के लिए आईटी-सक्षम समाधान, ऑपरेटरों का कौशल प्रशिक्षण दिया गया।

रिकॉर्ड महंगाई के बाद भी सेल में बिक गया 74 हजार करोड़ से ज्यादा का सामान, पढ़े रिपोर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। रिकॉर्ड महंगाई के बाद भी सेल में 74 हजार करोड़ से ज्यादा का सामान बिक गया है। इससे पता चलता है कि रिकॉर्ड ऑनलाइन खरीदारी के साथ दुकानदार ब्लैक फ्राइडे पर दुकानों में लौट आए। क्योंकि इस ब्लैक फ्राइडे पर ऑनलाइन सामान खरीदने के लिए 74 हजार करोड़ (74,48,29,944 रुपए) से ज्यादा रिकॉर्ड खर्च किया गया है। शनिवार को एक रिपोर्ट में सामने आया है कि उपभोक्ताओं ने बढ़ती महंगाई का डटकर सामना किया है। स्मार्टफोन से लेकर खिलौनों तक हर चीज पर भारी छूट का लाभ उठाया। जिससे इस ब्लैक फ्राइडे पर ऑनलाइन खर्च 2.3 प्रतिशत बढ़ गया है। इसके अलावा, 2021 से 19.7% की छलांग लगाई, क्योंकि पिछले साल की तुलना में अधिक खुदरा विक्रेताओं ने अपने दरवाजे खोले।

इलोन मस्क ने क्यों कहा, कैपिटोल हमले के बाद ट्रंप के ट्विटर अकाउंट पर प्रतिबंध थी बड़ी गलती

नई दिल्ली। इलोन मस्क ने 6 जनवरी, 2021 के बाद तत्कालीन यूएस प्रेसीडेंट डोनाल्ड ट्रम्प पर ट्विटर के प्रतिबंध को एक गंभीर गलती माना। उन्होंने कहा कि उस समय लिया गया यह फैसला बड़ी गलती थी, जिसे ठीक किया जाना जरूरी था। वैसे ट्विटर के मौजूदा सीईओ एलन मस्क ने यह भी कहा कि अगर कोई भी हिंसा के लिए ट्विटर पर भड़काउ बातें लिखता है तो ट्विटर की ओर से प्रतिबंध लगाया जाएगा। आपको बता दें कि ट्रंप के समर्थकों ने यूएस कैपिटल पर हमला कर दिया था। जिसके बाद ट्विटर ने डोनाल्ड ट्रंप के ट्विटर हैंडल पर बैन लगा दिया था। मस्क ने एक ट्वीट में कहा कि ट्रम्प के ट्वीट न करने से मैं ठीक हूं। महत्वपूर्ण बात यह है कि ट्विटर ने कानून या सेवा की शर्तों का उल्लंघन न होने के बावजूद उनके अकाउंट पर प्रतिबंध लगाने की गंभीर गलती को सुधारा है। पिछले हफ्ते, मस्क ने ट्रम्प से प्रतिबंध हटाने के पक्ष में एक ट्विटर पोल में बहुमत मिलने के बाद अकाउंट को फिर से एक्टिव करने की घोषणा की थी। जिसके बाद ट्रंप ने कहा था कि उन्हें ट्विटर पर लौटने में कोई दिलचस्पी नहीं थी। उन्होंने कहा कि वह ट्रम्प मीडिया एंड टेक्नोलॉजी ग्रुप द्वारा विकसित ऐप, अपनी खुद की सोशल मीडिया साइट ट्रुथ सोशल के साथ रहेंगे। रिपब्लिकन ट्रम्प, जिन्होंने 10 दिन पहले घोषणा की थी कि वह 2024 में फिर से चुनाव लड़ रहे हैं।

जनवरी-सितंबर में गुरुग्राम में घरों की बिक्री तीन गुना होकर 24,482 इकाई पर

नई दिल्ली (एजेंसी)। चालू कैलेंडर साल के पहले नौ माह यानी जनवरी-सितंबर के दौरान गुरुग्राम में सालाना आधार पर घरों की बिक्री तीन गुना से अधिक होकर 24,482 इकाई पर पहुंच गई है। एनारॉक के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। एक साल पहले समान अवधि में गुरुग्राम में आवासीय इकाइयों बिक्री 7,725 रही थी। मुंबई मुख्यालय वाली संपत्ति सलाहकार कंपनी एनारॉक द्वारा जुटाए गए आंकड़ों के अनुसार, नोएडा में इस अवधि में घरों की बिक्री 52 प्रतिशत बढ़कर 5,040 इकाई पर पहुंच गई, जो पिछले साल की समान अवधि में 3,315 इकाई थी। जनवरी-सितंबर, 2022 के दौरान ग्रेटर नोएडा में घरों बिक्री 46 प्रतिशत बढ़कर 8,651 इकाई हो गई, जो पिछले साल की समान अवधि में 5,925 इकाई थी। इसी तरह गाजियाबाद में घरों की बिक्री बढ़कर 5,395 इकाई रही, जो पिछले साल की समान अवधि के 3,510 इकाई के आंकड़े से 54 प्रतिशत अधिक है।

सिर्फ 15 हजार में शुरू करें कबाड़ का बिजनेस हर महीने होगी 1 लाख से ज्यादा की कमाई

नई दिल्ली। अगर आप भी अपना बिजनेस शुरू करना चाहते हैं तो ये खबर आपके बड़े काम की है। आज हम आपके लिए कुछ ऐसे बिजनेस का आइडिया लेकर आए हैं जिसमें आपको ज्यादा निवेश की जरूरत नहीं है। इस बिजनेस की सबसे बड़ी खासियत है कि आप घर बैठे बहुत कम पैसों में बढ़िया मुनाफा कमा सकते हैं। इस बिजनेस का दायरा बहुत बड़ा है। दुनियाभर में करीब 2 बिलियन टन से ज्यादा वेस्ट मटेरियल हर साल जेनरेट होता है। अगर भारत की बात करें तो लगभग 277 मिलियन टन से ज्यादा कबाड़ जेनरेट होता है। ऐसे में, इस बिजनेस में संभावनाएं बहुत ज्यादा है। इस बिजनेस का दायरा बहुत बड़ा है। दुनियाभर में करीब 2 बिलियन टन से ज्यादा वेस्ट मटेरियल हर साल जेनरेट होता है। वहीं, भारत में भी लगभग 277 मिलियन टन से ज्यादा कबाड़ जेनरेट होता है। इतनी भारी मात्रा में वेस्ट को मैनेज करना सबसे मुश्किल है। ऐसे में अब लोग वेस्ट मटेरियल से घर की सजावट के आइटम, ज्वेलरी, पेंटिंग्स जैसी चीजें तैयार करके इस बड़ी समस्या को बिजनेस में बदल दिया है। कबाड़ के कारोबार से कइयों ने अपना फ्यूचर संवारा है और आज लाखों का मुनाफा भी कर रहे हैं। कबाड़ से आप काफी कुछ बना सकते हैं। जैसे कि टायर से सीटिंग चेयर बना सकते हैं। अमेजन पर इसकी कीमत 700 रुपये के आसपास है। इसके अलावा प्याला, लकड़ी के क्राफ्ट, केतली, ग्लास, कंघा व अन्य होम डेकोरेशन सामान तैयार कर सकते हैं।

भारत के सामने घरेलू, वैश्विक जरूरतों के लिए इस्पात बनाने का बड़ा अवसर: टी वी नरेंद्रन

नयी दिल्ली। टाटा स्टील के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टी वी नरेंद्रन ने इस्पात पर निर्यात शुल्क हटाने के सरकार के कदम का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि भारत के पास घरेलू खपत के साथ ही वैश्विक जरूरतों को पूरा करने का एक बड़ा अवसर है। नरेंद्रन ने कहा, महंगाई की स्थिति से निपटने के लिए सरकार द्वारा इस्पात उत्पादों और लौह अयस्क पर निर्यात शुल्क वापस लेने के फैसले का हम स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत लौह अयस्क से समृद्ध है और इस वजह से देश के पास घरेलू और वैश्विक जरूरतों के लिए इस्पात बनाने का एक बड़ा अवसर है। नरेंद्रन ने कहा कि चीन, जापान और दक्षिण कोरिया सालाना लगभग 15 करोड़ टन इस्पात का निर्यात करते हैं। इसके लिए बड़ी मात्रा में लौह अयस्क का आयात किया जाता है।

एफडी पर इन 6 बैंकों ने बढ़ाई ब्याज दरें, जानिए किसे मिलेगा फायदा

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश भर के बैंक पिछले कुछ महीनों से अपने सीनियर सिटिजन और ग्राहकों के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट पर ब्याज दरें बढ़ा रहे हैं। इस हफ्ते डीबीएस बैंक और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआई) ने एफडी पर ब्याज दर में इजाफा किया है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की नई ब्याज दरें 25 नवंबर से लागू है। पब्लिक सेक्टर का बैंक यूबीआई अपने आम ग्राहकों को क्रमशः 800 दिन और 3 साल की अवधि में मैच्योर होने वाले एफडी पर 7.3% तक का ब्याज दे रहा है। वहीं अपने सीनियर सिटिजन ग्राहकों को समान अवधि वाले एफडी पर बैंक 0.5% बढ़ाकर ब्याज दे रहा है। यानी यूबीआई में सीनियर सिटिजन ग्राहकों को क्रमशः 800 दिन और 3 साल की अवधि में मैच्योर होने वाले एफडी पर 7.8% ब्याज मिल रहा है। डीबीएस बैंक ने अपने सीनियर सिटिजन ग्राहकों के लिए 600 दिन में मैच्योर होने वाले एफडी पर आम डिपॉजिटर के मुकाबले 0.75% अधिक ब्याज दे रहा है। 600 दिन की मैच्योरिटी वाले एफडी पर डीबीएस बैंक की तरफ से सीनियर सिटिजन को फिलहाल 7.75% ब्याज मिल रहा है। 3 से 4 साल, 4 से 5 साल, 5 साल और उससे अधिक सालों में मैच्योर होने वाले एफडी पर अपने सीनियर सिटिजन ग्राहकों को डीबीएस बैंक 7% रिटर्न दे रहा है। बैंक की नई एफडी दरें 18 नवंबर 2022 से लागू है। इस बीच उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक अपने सीनियर सिटिजन ग्राहकों को एफडी पर 8.75% तक का ब्याज ऑफर कर रहा है।

भाई अनिल के जिस कारोबार को खरीद रहे मुकेश अंबानी उसकी ठप है ट्रेडिंग

नई दिल्ली (एजेंसी)। वैसे तो अनिल अंबानी की कई कंपनियां कर्ज के बोझ तले दबी हुई हैं लेकिन शेयर बाजार में कुछेक की ट्रेडिंग भी ठप है। इसमें से एक कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस भी है। एक दौर में टेलीकॉम सेक्टर की दिग्गज कंपनी रही रिलायंस कम्युनिकेशंस की ट्रेडिंग ठप है। बीएसई इंडेक्स पर ट्रेडिंग रिस्ट्रेक्टेड का मैसेज दिख रहा है, जिसका मतलब ट्रेडिंग प्रतिबंधित है।

क्या है वजह: बीएसई इंडेक्स पर इनसॉल्वेंसी और बैंकरप्सी संहिता यानी आईबीसी को ट्रेडिंग प्रतिबंधित होने का कारण बताया गया है। ट्रेडिंग पर यह प्रतिबंध लंबे समय से लगा हुआ है। बता दें कि हाल ही में नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने रिलायंस कम्युनिकेशंस की टावर और फाइबर संपत्ति के अधिग्रहण करने को मंजूरी दी है।

मुकेश अंबानी करेंगे अधिग्रहण: दरअसल, रिलायंस कम्युनिकेशंस की टावर और फाइबर संपत्ति का जिम्मा रिलायंस इंफ्राटेल (आरआईटीएल) के पास है। रिलायंस इंफ्राटेल का अधिग्रहण मुकेश अंबानी की टेलीकॉम कंपनी रिलायंस जियो की सहायक-रिलायंस प्रोजेक्ट्स एंड प्रॉपर्टी मैनेजमेंट सर्विसेज कर रही है। रिलायंस कम्युनिकेशंस के टावर और फाइबर संपत्तियों के अधिग्रहण को पूरा करने के लिए जियो को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) एस्क्रो खाते में 3,720 करोड़ रुपये जमा करने के लिए कहा है।

2019 में लगाई थी बोली: बता दें कि मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली जियो ने नवंबर, 2019 में अपने छोटे भाई अनिल अंबानी के प्रबंधन वाली कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस की कर्ज में डूबी सब्सिडयरी की टावर और फाइबर संपत्तियां हासिल करने के लिए 3,720 करोड़ रुपये की बोली लगाई थी। ऋणदाताओं की समिति (सीओसी) ने जियो की समाधान योजना को मार्च, 2020 को शत प्रतिशत मत के साथ मंजूरी दी थी। रिलायंस इंफ्राटेल के पास देश भर में लगभग 1.78 लाख रूट किलोमीटर की फाइबर संपत्ति और 43,540 मोबाइल टावर है।

> रलायंस कम्युनिकेशंस के टावर और फाइबर संपत्तियों के अधिग्रहण को पूरा करने के लिए जियो को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) एस्क्रो खाते में 3,720 करोड़ रुपये जमा करने के लिए कहा है।

दो साल में भारत में दौड़ती दिखेगी हीरो-हार्ले बाइक

नयी दिल्ली। हीरो मोटोकॉर्प और हार्ले-डेविडसन द्वारा संयुक्त रूप से विकसित मोटरसाइकिल अगले दो साल में भारतीय सड़कों पर दौड़ती दिखाई दे सकती है। हीरो मोटोकॉर्प के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) निरंजन गुप्ता ने यह जानकारी दी है। यह कदम हीरो मोटोकॉर्प की प्रीमियम खंड में अपनी स्थिति को मजबूत करने की योजना का हिस्सा है। देश की सबसे बड़ी दोपहिया कंपनी अपनी बिक्री मात्रा और मुनाफा बढ़ाने के लिए 160 सीसी और इससे ऊपर के मॉडल लाने की तैयारी में है। 100-110 सीसी के खंड में हीरो मोटोकॉर्प पहले ही अग्रणी स्थिति में है। गुप्ता ने एक विश्लेषक कॉल में कहा, ह्यह्यअगले दो साल की समयसीमा में आप ऐसे मॉडल देखेंगे जो मात्रा के साथ-साथ मुनाफा बढ़ाने वाले प्रीमियम खंड में होंगे। इनमें हार्ले के साथ मिलकर तैयार की जा रही बाइक भी शामिल है।

17 साल में इस म्युच्यूअल ने दिया ताबड़तोड़ रिटर्न

10 हजार के बन जाते 70 लाख रुपये

> अगर आपने 10,000 रुपये की मंथली एसआईपी की होती तो साल में आपका कुल 1.20 निवेश 1.20 लाख रुपये से बढ़कर 1.28 लाख रुपये हो जाता।

नई दिल्ली। तीन साल की लॉक-इन अवधि और धारा 80सी टैक्स बेनिफिट के साथ एक ओपन-एंडेड ईएलएसएस फंड प्लान है। स्कीम का इंवेस्टमेंट टारगेट इक्विटी से संबंधित सिक्योरिटीज के अलग-अलग पोर्टफोलियो से लांग टर्म कैपिटल ग्रोथ देना है। फंड ग्रोथ और आईडीसीडब्ल्यू पेआउट ऑप्शन देता है जो रेगुलर प्लान और डायरेक्ट प्लान के साथ-साथ सभी प्लान्स पर लागू होते हैं। इस फंड की शुरूआत 23 नवंबर, 2005 को हुई थी, जिसका मतलब है कि इस फंड को 17 साल हो चुके हैं। अगर किसी निवेशक ने इस फंड में उस समय 10 हजार रुपये की एसआईपी शुरू की होती तो निवेशक का रुपया 13।27 फीसदी सीएजीआर के साथ 70 लाख रुपये हो गया होता। अगर आपने 10,000 रुपये की मंथली एसआईपी की होती तो साल में आपका कुल 1.20 निवेश 1.20 लाख रुपये से बढ़कर 1.28 लाख रुपये हो जाता। फंड ने एक साल की एसआईपी निवेश पर 14.06 फीसदी का रिटर्न दिया है। फंड ने पिछले तीन वर्षों में 22.54 फीसदी का सालाना रिटर्न दिया है। ऐसे में आपके 10 हजार रुपये की मासिक एसआईपी के हिसाब से कुल निवेश 3.60 लाख रुपये होता और आपका रुपया तीन साल में 4.99 लाख रुपये हो जाता। फंड ने पिछले पांच वर्षों में 17.74 फीसदी का सालाना रिटर्न दिया है। ऐसे में अगर कोई निवेशक 5 सालों तक 10 हजार रुपये मंथली निवेश करता है तो आपका कुल इंवेस्टमेंट 6 लाख रुपये से बढ़कर 9.33 लाख हो जाएगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

न्यूज गैलरी

सोमालिया में अल-शबाब के 100 से अधिक आतंकवादी मारे गये

मोगादिशु (एजेंसी)। अल-शबाब के 100 से अधिक आतंकवादी मारे गये। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने स्थानीय मीडिया से इसकी पुष्टि की। मध्य सोमालिया के मध्य शबेले और हिरान क्षेत्रों की सीमा पर सोमालिया नेशनल आर्मी और उसके अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के सुनियोजित अभियान के दौरान यह आतंकवादी मारे गये हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार सूचना, संस्कृति और पर्यटन उप मंत्री अब्दिरहमान यूसुफ अल-अडाला ने शनिवार को कहा कि मृतकों में 10 सरगना शामिल हैं।

चुनाव ड्यूटी पर तैनात जवान ने साथियों पर की फायरिंग, दो की मौत

पोरबंदर (एजेंसी)। गुजरात में पोरबंदर के निकट एक गांव में शनिवार शाम किसी बात को लेकर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान ने अपने साथियों पर गोलीबारी की, जिसमें दो जवानों की मौत हो गयी और दो अन्य घायल हो गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पोरबंदर के जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एएम शर्मा ने कहा कि ये जवान मणिपुर की सीआरपीएफ बटालियन से संबंधित हैं। उन्होंने बताया कि इन जवानों को अगले महीने होनेवाले गुजरात विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग ने यहां भेजा था। पोरबंदर जिले में पहले चरण में एक दिसम्बर को मतदान होगा। जिलाधिकारी ने बताया कि सीआरपीएफ के जवान पोरबंदर से लगभग 25 किलोमीटर दूर तुकड़ा गोसा गांव के एक केंद्र में ठहरे हुए थे। शर्मा ने कहा कि शनिवार शाम किसी बात को लेकर एक जवान ने अपने साथियों पर असॉल्ट राइफल से गोलीबारी कर दी। दो जवानों की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि दो अन्य घायल हो गये। उन्हें जामनगर के एक अस्पताल में ले जाया गया है। इनमें से एक के पेट में जबकि दूसरे के पैर में गोली लगी है। अधिकारी ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

भारत की मिलिट्री की जासूसी कर रहा चीन

एक्शन में रॉ चीफ, फेल होगी ड्रैगन की हर नापाक चाल

कोलंबो (एजेंसी)। चीन के जासूसी जहाज के श्रीलंका पहुंचने के बाद से ही भारत अलर्ट है। जहां हिंद महासागर में भारतीय नौसेना की चौकसी बढ़ गयी है तो वहीं भारतीय इंटेलीजेंस एजेंसी रॉ भी घटनाक्रम पर बराबर नजर रखे है। रॉ के मुखिया समंत कुमार गोयल पिछले दिनों कोलंबो पहुंचे और उन्होंने राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के अलावा देश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सागला रत्नायके से भी मुलाकात की। श्रीलंका की वेबसाइट टाइम्स ऑनलाइन की तरफ से इस बारे में जानकारी दी गई है। चीन का जासूसी जहाज युआन वांग-5 16 से 22 अगस्त तक त्रिनकोमाली बंदरगाह पर था। इस जहाज को चीन का सबसे खतरनाक जासूसी जहाज करार दिया जाता है। जहां यह जहाज रुका वहां से चीन की सेना बहुत आसानी से भारत की तरफ से होने वाले किसी भी बैलेस्टिक मिसाइल टेस्ट का पता लगा सकता था। भारत की तरफ से इस पूरे घटनाक्रम पर चिंता जताई गई थी।

रॉ चीफ ने श्रीलंका की सरकार से क्या बातचीत की, इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं मिल सकी है। लेकिन सूत्रों की मानें तो गोयल ने सुरक्षा से जुड़े मसलों को राष्ट्रपति विक्रमसिंघे के सामने उठाया था जिसमें से एक युआन वांग-5 का मसला भी शामिल था। युआन वांग अंतरिक्ष पर नजर रखने वाला जहाज जो किसी भी सैटेलाइट, रॉकेट और इंटर-कॉन्टिनेंटल बैलेस्टिक मिसाइल लॉन्चर को ट्रैक कर सकता है। 11 अगस्त को श्रीलंका ने इस जहाज को त्रिनकोमाली बंदरगाह पर रुकने की मंजूरी दी थी। लेकिन भारत के विरोध के बाद उसे एंट्री नहीं मिली।

- चीन के जासूसी जहाज के श्रीलंका पहुंचने के बाद से ही भारत है अलर्ट
- रॉ के मुखिया समंत कुमार गोयल पिछले दिनों पहुंचे थे कोलंबो

दोनों देशों के बीच भारी तनाव

भारत की तरफ से श्रीलंका की सरकार को कई ऐसे दस्तावेज मुहैया कराए गए थे जिसमें यह साफ-साफ बताया गया था कि चीनी जहाज भारत की सेनाओं की जासूसी करने के मकसद से आ रहा है। भारत के विरोध के बावजूद श्रीलंका ने 16 अगस्त को इस जहाज को एंट्री की मंजूरी दे दी थी। चीनी जहाज की वजह से भारत और श्रीलंका के रिश्तों में खासा तनाव आ गया था। भारत ने हिंद महासागर में इस जहाज की मौजूदगी पर चिंता जताई जा चुकी है। ये जहाज सैटेलाइट्स को ट्रैक कर सकता है और साथ ही इंटर-कॉन्टिनेंटल बैलेस्टिक मिसाइल का पता भी लगा सकता है। ये ज हाज युआनवांग क्लास का जहाज है। इसका वजन करीब 23,000 टन है और इस पर 400 नौसैनिकों का क्रू आसानी से आ सकता है। इस जहाज पर कई तरह के सेंसर्स लगे हुए हैं। भारत ने इसी वजह से सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए इस पर आपत्ति जताई है।

विदेशी मेहमानों ने पंजाब के हरीके वेटलैंड में दी दस्तक

करीब 40 हजार प्रवासी पक्षियों ने डाला डेरा

हरीके/पंजाब (एजेंसी)। विभिन्न देशों से प्रवासी पक्षियों ने पंजाब की हरीके आर्द्रभूमि (वेटलैंड) पर पहुंचना शुरू कर दिया है और अभी तक करीब 40 हजार पक्षी उत्तरी भारत के सबसे बड़े वेटलैंड में दस्तक दे चुके हैं। साइबेरिया, मंगोलिया, कजाखस्तान, उज्बेकिस्तान, रूस और दुनियाभर के अन्य देशों से 90 से अधिक प्रजातियों के 90 हजार से अधिक प्रवासी पक्षी हर साल तब हरीके वेटलैंड पहुंचते हैं जब सर्दियों में उनके मूल स्थानों पर जल स्रोत जम जाते हैं। तरन तारन, फिरोजपुर और कपूरथला जिलों में 86 वर्ग किलोमीटर से अधिक इलाके में फैला हरीके वेटलैंड सर्दियों के दौरान दुर्लभ प्रजाति के प्रवासी जलीय पक्षियों का घर है। यह वेटलैंड सतलुज और ब्यास नदियों के संगम पर स्थित है। पंजाब वन्यजीवन संरक्षण विभाग के एक अधिकारी के अनुसार, करीब 40 हजार प्रवासी पक्षी अभी तक हरीके वेटलैंड पहुंच चुके हैं जिसे हरी के पट्टन के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने बताया कि आगामी हफ्तों में प्रवासी पक्षियों की संख्या बढ़ सकती है।

कॉल सेंटर गैंग के बदमाश अरेस्ट, डेटा का करते थे गलत प्रयोग

गाजियाबाद में बैठे-बैठे अमेरिका में सिस्टम हैक कर उड़ाये करोड़ों रुपये

गाजियाबाद (एजेंसी)। भारत में बैठकर अमेरिका के लोगों के सिस्टम को हैक कर ठगी करनेवाले एक कॉल सेंटर को साइबर सेल और लिंक रोड थाने की पुलिस ने पकड़ा है। गैंग करीब दो साल से इस प्रकार की ठगी कर रहा था। हाल ही में बिजनेस पार्क मॉल में गैंग अपना कॉल सेंटर चला रहा था। सीओ साइबर अंशु जैन ने बताया कि इस मामले में कार्रवाई करते हुए कॉल सेंटर के सुपरवाइजर नवदीप, नदीम, अभिषेक, ओम, आकाश, राजा, रणजीत, ताबिश, रोहित, ऋषि, ऋषभ, मेहरूनिशा, अरुण कुमार, सत्यनारायण, लोपामुद्रा को गिरफ्तार किया गया है। नवदीप एमबीए तक पढ़ाई के बाद इस गैंग से जुड़ा था। उनके पास से चार कार, 22 कंप्यूटर, अमेरिकी लोगों का डेटा समेत अन्य सामान बरामद किया गया है। कॉल सेंटर रात को चलता था, जिसकी वजह से ज्यादा जानकारी लोगों नहीं लग पायी थी। कॉल सेंटर को चलाने वाले संदेश, पारस और सौरभ फरार हैं। उनकी तलाश की जा रही है। बदमाशों ने दो वर्षों में 50 करोड़ से अधिक की ठगी की है।

अमेरिकी कंपनी से था कॉल सेंटर का टाइअप : शुरूआती जांच में सामने आया कि गैंग का एक अमेरिकी कंपनी के साथ कॉल सेंटर का टाइअप था। उसी के नाम पर वह यह ऑफिस चला रहे थे। प्रिंटर एरर पर सर्विस देनेवाली कंपनी की तरफ से गैंग को लोगों का डेटा मिलता था। वह उस डेटा का प्रयोग कर लोगों के सिस्टम में रैनसमवेयर डाला करते थे। इसके बाद उनके पास एक कॉलिंग ऐप से कॉल कर बात करते थे। इस दौरान टारगेट को सिस्टम को ठीक करने की बात कर रिमोट को इंस्टॉल कर उसे पूरी तरह से अपने कब्जे में लिया करते थे। लोगों से इसके बदले में रुपये की डिमांड की जाती थी। साइबर सेल से मिली जानकारी के अनुसार, ठगों के पास से करीब 10 अमेरिकी नागरिकों का डेटा भी मिला है।

डॉलर में होती थी वसूली : डॉक्यूमेंट और डेटा की जांच में सामने आया है कि गैंग डॉलर में वसूली कर उसे कुछ अमेरिकी वॉलेट में ही ट्रांसफर करवाता था, जहां उन्हें रुपये में बदलकर भारतीय अकाउंट में ट्रांसफर किया जाता था। इसके एक बड़े हिस्से को बिटकॉइन में लिया जाता था। गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि उन्हें सिर्फ अच्छी इंग्लिश के आधार पर रखा गया था। साथ ही यहां लोगों को 40 हजार से 60 हजार रुपये तक सैलरी मिलती थी।

- डॉलर में वसूली कर अमेरिकी वॉलेट में ट्रांसफर होते थे रुपये
- रात को चलता था कॉल सेंटर, दो साल में ठगे 50 करोड़ रुपये

गुजरात चुनाव : मोदी के बाद योगी की सबसे ज्यादा डिमांड

अहमदाबाद (एजेंसी)। गुजरात विधानसभा चुनावों के पहले फेस की वोटिंग में अब सिर्फ चार दिन बाकी रह गए हैं। चुनावों में प्रचार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद मोदी के बाद उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ की खूब डिमांड है। सीएम योगी गुजरात में अभी तक 12 जनसभाएं और दो रोड शो कर चुके हैं। सीएम योगी 26 नवम्बर ने वीरमागाम में रोड शो किया। इसके पहले वे सूरत में पाटीदारों के गढ़ वराछा में रोड शो के लिए पहुंचे थे।

योगी आदित्यनाथ की सभाओं में अलग जोश देखने को मिल रहा है। बुलडोजर बाबा के नाम से गुजरात में लोकप्रिय योगी आदित्यनाथ जनसभाओं को संबोधित करने के साथ-साथ मंदिरों में पूजा-अर्चना भी कर रहे हैं। वे जब द्वारका पहुंचे तो वहां विशेष तौर पर वे द्वारकाधीश मंदिर गए थे, इसी प्रकार सोमनाथ के दौरे में बाबा सोमनाथ के दर्शन के लिए पहुंचे और फिर चुनावी कार्यक्रम शुरू किया थे। अहमदाबाद ग्रामीण में आनेवाले वीरमगाम सीट पर योगी आदित्यनाथ के रोड शो में अलग ही नजारा दिखाई दिया। योगी आदित्यनाथ जब पार्टी के उम्मीदवार हार्दिक पटेल के समर्थन में रोड शो के लिए पहुंचे तो उनके रोड शो में बीजेपी से अधिक भगवा झंडों की भरमार देखने को मिली। अभी इस सीट पर कांग्रेस का कब्जा है।

पाटीदार आंदोलन से निकले हार्दिक पटेल बीजेपी के टिकट पर यहां से चुनाव लड़ रहे हैं। योगी आदित्यनाथ के गुजरात दौरों में हिन्दू वाहिनी की भी सक्रियता देखने को मिल रही है। यही वजह थी कि योगी आदित्यनाथ के रोड शो में माहौला भगवामय दिखाई दिया। योगी आदित्यानाथ ने रोड शो के दौरान लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान जय श्री राम का भी उद्घोष हुआ। इससे पहले योगी आदित्यनाथ ने सूरत के वराछा में रोड शो किया था, वहां पर भी उनका क्रेज देखने में आया था।

राजस्थान में गुटबाजी को लेकर कठोर निर्णय ले सकती है कांग्रेस

इंदौर (एजेंसी)। भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान में प्रवेश करने से पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट में तेज हुई गुटबाजी के बीच कांग्रेस ने कहा है कि स्थिति सुधारने के लिए पहले सुलह समझौते का प्रयास किया जाएगा और बात नहीं बनी तो कठोर निर्णय भी लिये जा सकते हैं। गहलोत-पायलट के बीच चल रही जबरदस्त गुटबाजी को लेकर यह टिप्पणी कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कही। उनका कहना था कि प्रदेश में पार्टी को मजबूत करने के लिए दोनों पक्षों के बीच केंद्रीय स्तर पर भी सुलह कराने का प्रयास चल रहा है और यदि पार्टी हित में सुलह नहीं हुई तो कांग्रेस नेतृत्व कड़े फैसले भी ले सकता है।



नेपाल में नयी सरकार के गठन का रास्ता साफ

काठमांडू (एजेंसी)। नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा और नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी सेंटर) के अध्यक्ष पुष्पकमल दहल प्रचंड ने काठमांडू में बैठक की। इस दौरान दोनों अपने पांच-दलीय सत्तारूढ़ गठबंधन को जारी रखते हुए देश में नई सरकार बनाने पर सहमत हुए। पार्टी सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री देउबा और पुष्पकमल दहल प्रचंड ने काठमांडू में प्रधानमंत्री आवास पर मुलाकात की। सीपीएन-माओवादी सेंटर के स्थायी समिति के सदस्य गणेश शाह ने बैठक के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रम पर चर्चा की और नयी सरकार के गठन की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया।

गणेश शाह ने कहा कि मौजूदा सत्तारूढ़ गठबंधन को जारी रखने के लिए दोनों नेताओं के बीच सहमति बन गयी है। नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन ने शनिवार को नेपाल के संसदीय चुनाव में अपनी बढ़त बनाये रखी। अभी तक प्रत्यक्ष मतदान चुनाव प्रणाली के तहत 150 सीट के परिणाम घोषित हुए हैं जिनमें से नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 82 सीट पर जीत हासिल की है। देश की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा की 165 सीट का चुनाव प्रत्यक्ष मतदान से होता है, जबकि शेष 110 सीट का चुनाव आनुपातिक चुनाव प्रणाली के जरिये होता है।

- पीएम देउबा और प्रचंड के बीच बनी सहमति

बहुमत हासिल करने के लिए 138 सीट की जरूरत

सदन में स्पष्ट बहुमत हासिल करने के लिए किसी पार्टी या गठबंधन को 138 सीट की जरूरत होती है। प्रतिनिधि सभा और सात प्रांतीय विधानसभाओं के चुनाव रविवार को हुए थे। मतों की गिनती सोमवार को शुरू हुई थी। वहीं, जारी मतगणना के बीच नेपाल में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने देश के शीर्ष राजनेताओं से मुलाकात की है।